माध्यमिक (मूक–बधिर) परीक्षा

2021–22

प्रश्न बैंक

कक्षा–10

प्रकाशक :
माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

माध्यमिक (मूक–बधिर) परीक्षा

प्रश्न बैंक

कक्षा–10

विषय : हिन्दी

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा अधिकृत प्रश्न बैंक

संयोजक

श्री भरत जोशी

प्रधानाचार्य

रा.से.आ.पोद्दार बधिर उ.मा. संस्थान, जयपुर

सह संयोजकः

श्रीमती सुष्मिता गिल

वरिष्ठ अध्यापक (गणित)

रा.से.आ.पोद्दार बधिर उ.मा. संस्थान, जयपुर

लेखकः

निर्मल कुमार गुप्ता,

वरिष्ठ अध्यापक (विशेष शिक्षा–हिन्दी)

सुशीला चौधरी,

वरिष्ठ अध्यापक (विशेष शिक्षा–हिन्दी)

रा.से.आ.पोद्दार बधिर उ.मा. संस्थान, जयपुर

2021–22

प्रकाशक :

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

अनुक्रमणिका

क्र.सं.	विवरण	पृष्ठ संख्या
	क्षितिज	
	पद्य खण्ड	
1	सूरदास	13
2	तुलसीदास	15
3	देव	17
4	जयशंकर प्रसाद	19
5	सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'	21
6.	नागार्जुन	23
7.	गिरिजाकुमार माथुर	25
8.	ऋतुराज	26
9.	मंगलेश डबराल	27
	गद्य खण्ड	
10.	स्वयं प्रकाश	28
11.	रामवृक्ष बेनीपुरी	30
12.	यशपाल	32
13.	सर्वेश्वर दयाल सक्सैना	34
14.	मन्नू भंडारी	36
15.	महावीर प्रसाद द्विवेदी	38
16.	यतीन्द्र मिश्रा	40
17.	भंदत आनन्द कोसल्याणन	42
	कृतिका	
1.	माता का अँचल	43
2.	जॉर्ज पंचम की नाक	44

3.	साना साना हाथ जोड़ि	46
4.	एही ठैया झुलनी हैरानी हो रामा	47
5.	मैं क्यो लिखता हूँ?	49
	पठित पद्यांश	50
	पठित गद्यांश	53
	अपठित पद्यांश	56
	अपठित गद्यांश	61
	रचना (पत्र लेखन एवं निबन्ध)	65
	व्यवहारिक व्याकरण	66

पाठ्यक्रम

कक्षा–10

विषय– हिन्दी (कोड–01)

इस विषय की परीक्षा योजना निम्नानुसार है–				
प्रश्नपत्र	समय(घंटे)	प्रश्नपत्र के लिए अंक	सत्रांक	पूर्णांक
एक	4:15	80	20	100

अधिगम क्षेत्र	**अंक**
अपठित गद्यांश	**10**
रचना	**14**
व्यावहारिक–व्याकरण	**10**
पाठ्य–पुस्तकः क्षितिज–भाग 2	**36**
पूरक–पुस्तक : कृतिका–भाग 2	**10**

1. अपठित बोधः **10**

(क) साहित्य गद्यांश (250 शब्द) (विकल्प सहित) 5

(ख) काव्यांश (विकल्प सहित) 5

2. रचना : **14**

(क) संकेत–बिंदुओं पर आधारित किसी एक आधुनिक विषय पर निबंध–लेखन (विकल्प सहित) लगभग 150 शब्दों में 8

(ख) पत्र लेखन (विकल्प सहित) 6

3. व्यावहारिक – व्याकरण **10**

(क) पद भेद–संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया और काल 6

(ख) वाक्यांश 2

(ग) वाक्य शुद्धि 2

4. पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पुस्तक **36**

पाठ्य पुस्तक : क्षितिज

(क) पठित गद्यांश गद्य भाग से (विकल्प सहित) 5

(ख) पठित पद्यांश पद्य भाग से (विकल्प सहित) 5

(ग)	2 निबन्धात्मक प्रश्न (1 गद्य 1 पद्य भाग से विकल्प सहित) (80 शब्द)	8
(घ)	2 लघूत्तरात्मक प्रश्न (1 गद्य एवं 1 पद्य भाग से (30 शब्द)	4
(ङ)	अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न (2 गद्य एवं 2 पद्य भाग से (20 शब्द)	4
(च)	बहुविकल्पात्मक / रिक्त स्थान (8 प्रश्न)	8
(छ)	किन्हीं एक रचनाकार का परिचय (कवि अथवा लेखक) (80 शब्द)	2

5. पूरक–पुस्तक : कृतिका **10**

(क)	पाठों पर आधारित तीन में से दो लघूत्तरात्मक प्रश्न (लगभग 40 शब्द)	6
(ख)	अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न (15 शब्द)	2
(ग)	बहुविकल्पात्मक प्रश्न	2

मॉडल प्रश्न पत्र – 2021–22

कक्षा–10

विषय– हिन्दी

समय 4.15 घंटे **पूर्णांक 80**

1. परीक्षार्थी अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अवश्य लिखे।
2. सभी प्रश्न करने अनिवार्य है।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।
4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड है उन सभी के उत्तर एक साथ लिखें।

खण्ड 'अ'

1. निम्नलिखित बहुविकल्पात्मक प्रश्नो के उत्तर दीजिए– (10x1=10)

(i) श्री कृष्ण ने गोपियों को समझाने के लिए किसे भेजा ?

(अ) उद्धव को (ब) सूरदास को

(स) भ्रमर को (द) अक्रूर को ( )

(ii) कवि देव का जन्म स्थान है ?

(अ) इटावा (ब) बनारस

(स) झाँसी (द) मेरठ ( )

(iii) 'निराला' नाम से प्रसिद्ध कवि है ?

(अ) जयशंकर प्रसाद (ब) हरिवंशराय बच्चन

(स) सूर्यकान्त त्रिपाठी (द) गिरिजा कुमार ( )

(iv) यामिनी से तात्पर्य है?

(अ) तारो भरी चांदनी रात (ब) फूलों की खुशबू

(स) अंधेरी रात (द) बरसात **( )**

(v) कस्बे में किसकी मूर्ति लगी हुई थी ?

(अ) नेताजी की (ब) गाँधीजी की

(स) नेहरू जी (द) पटेल जी ( )

(vi) 'कलम का जादूगर' कहा जाता है ?

(अ) बालगोबिन भगत को (ब) रामवृक्ष बेनीपुरी को

(स) जयशंकर प्रसाद को (द) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल को ( )

(vii) ''मानवीय करूणा की दिव्य चमक'' बताया गया है ?

(अ) लेखक को (ब) परिमल संस्था को

(स) फादर बुल्के को (द) माँ को ( )

(viii) एक कहानी यह भी में मुख्यतः वर्णन है–

(अ) पिताजी के व्यक्तित्व का (ब) प्राध्यापिका शीला अग्रवाल का

(स) दोनों का (द) दोनों का नहीं ( )

(ix) भारत आने वाली इंग्लैण्ड की रानी का नाम था।

(अ) एलिजाबेथ द्वितीय (ब) डायना

(स) एलिजाबेथ प्रथम (द) उपर्युक्त सभी ( )

(x) सिक्किम की राजधानी है–

(अ) गंगटोक (ब) दिल्ली

(स) जयपुर (द) पटना ( )

खण्ड 'ब'

1. निम्नलिखित में से किसी एक अपठित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 5

सभी धर्म हमें एक ही ईश्वर तक पहुंचाने के साधन है, अलग अलग रास्तो पर चलकर भी हम एक ही स्थान पर पहुंचते है, इसमें किसी को दुख नही होना चाहिए। हमें सभी धर्मो के प्रति समान भाव रखना चाहिए, दूसरें धर्मो के प्रति समभाव रखने में धर्म का क्षेत्र व्यापक बनता है, हमारी धर्म के प्रति अंधता मिटती है, इससे हमारा प्रेम अधिक ज्ञानमय ओर पवित्र बनता है। यह बात लगभग असम्भव है, कि इस पृथ्वी पर कभी भी एक धर्म रहा होगा या हो सकेगा, हमें ऐसे धर्म की आवश्यकता है जो विविध धर्मो में ऐसे तत्व को खोजे जो विविध धर्मो के अनुयायियों के मध्य सहनशीलता की भावना भी विकसित कर सके।

1. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
2. सभी धर्म हमें कहां पहुंचाने के साधन है?
3. हमें सभी धर्मो के प्रति कैसे भाव रखने चाहिए और क्यों?
4. हमे कैसे धर्म की आवश्यकता है?
5. गद्यांश में से सम्भव शब्द का विलोम शब्द लिखिए।

अथवा

सामाजिक समानता का अभिप्राय है कि सामाजिक क्षेत्र में जाति, धर्म, व्यवसाय, रंग आदि के आधार पर किसी प्रकार का भेदभाव न किया जाए। सबको समान समझा जाए और सबको समान सुविधाएं दी जाएं, हमारे देश में सामाजिक समानता का अभाव है, जाति प्रथा के कारण करोड़ों व्यक्ति समाज मे अछूत के रूप में रहते है, उन्हें समाज से बहिष्कृत समझा जाता है और सामाजिक अधिकारों से वंचित कर

दिया है। हमारे समाज में लड़कियों के साथ भी भेदभाव बरता जाता है। नागरिक समता का अर्थ है कि राज्य में नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त हो। कानून और न्यायालयों में गरीब–अमीर और ऊँच नीच का कोई भेद न किया जाए। उसी प्रकार राज्य के प्रत्येक नागरिक को राज्य कार्य में सभी रूप से भाग लेने का, मत देने का, सरकारी नौकरी प्राप्त करने का तथा राज्य के ऊँचे से ऊँचे पद को अपनी योग्यता के बल पर प्राप्त करने का अधिकार राजनीतिक समानता का द्योतक है,

1. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

2. सामाजिक समानता से क्या अभिप्राय है?

3. नागरिक समानता किसे कहा जाता है?

4. राजनीतिक समानता से क्या अभिप्राय है?

5. उक्त गद्यांश में से असमानता शब्द का विलोम शब्द छांटकर लिखिए।

2. निम्नलिखित में से किसी एक अपठित पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 5

वीर जवानो सुनो तुम्हारे सम्मुख एक सवाल है।
जिस धरती ने तुमको सींचा
अपने खून–पसीने से,
हार गई दुश्मन की गोली
वज्र सरीखे सीने से।
जब–जब उठी तुम्हारी बांहे होता वश मे काल है।
जिस धरती के लिए सदा
तुमने सब कुछ कुर्बान किया,
शूली पर चढ़–चढ़, हंस–हंस कर
कालकूट विष–पान किया।
जब–जब तुमने कदम बढ़ाया, हुई दिशाऐं लाल है।

(क) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ख) कदम बढ़ाने पर दिशाऐं कैसी हुई है?

(ग) धरती को किससे सींचा गया है?

(घ) काव्यांश में सीने को किसके समान बताया गया है?
(अ) फूल (ब) वज्र (स) कागज (द) मिट्टी

(ङ) काव्यांश में पान का अर्थ है–
(अ) खाना (ब) हँसना (स) रोना (द) गाना

अथवा

'जन्म दिया माता–सा जिसने,
किया सदा लालन–पालन,
जिसके मिट्टी जल से ही,

है रचा गया हम सबका तन,
गिरिवर नित रक्षा करते है,
उच्च उठा के श्रृंग महान,
जिसके लता द्रुमादिक करते
हमको अपनी छाया दान,
माता केवल बाल–काल मे,
निज अंक में धरती है,
हम अशक्त जब तलक तभी तक
पालन पोषण करती है,
मातृभूमि करती है सबका, लालन सदा मृत्यु पर्यन्त,
जिसके दया– प्रवाहों का होता न कभी सपने में अंत।

(क) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ख) हम सबका तन किससे रचा गया है?

(ग) माता हमें कब अंक (गोद) में लेती है।

(घ) ''अशक्त'' शब्द का विलोम है?

(अ) विकलांग (ब) शक्तिहीन (स) सशक्त (द) स्वावलम्बी

(ङ) माता शब्द का पर्यायवाची है–

(अ) जननी (ब) माँ (स) मातृ (द) उपरोक्त सभी

खण्ड–'स'

3. निम्नलिखित मं से किसी एक विषय पर 150 शब्दों में निबन्ध लिखिए। 8

1. रक्षा बंधन 2. ईद 3. मेरा प्रिय खेल 4. हमारे राष्ट्रीय पर्व

4. स्वयं को राज. उ.मा विद्यालय , अजमेर का छात्र अभिषेक मानते हुए अपने प्रधानाचार्य को बीमारी के कारण तीन दिन का अवकाश प्रदान करने हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए। 6

अथवा

स्वयं को भरतपुर निवासी सुरेश मानते हुए मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए निर्वाचन अधिकारी को आवेदन लिखिए।

खण्ड– 'द'

5. संज्ञा किसे कहते है? दो उदाहरण लिखिए। 2

6. निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण छाँट कर लिखिए। 2

(क) हिरण बहुत तेज दौड़ता है।

(ख) गाय हरी–हरी घास खाती है।

7. 'क्रिया' किसे कहते है? दो उदाहरण लिखिए। 2

8. निम्नलिखित वाक्यों के लिए एक शब्द लिखिए। 2

(क) बच्चों को पढ़ाने वाला (ख) चित्र बनाने वाला

9. निम्नलिखित वाक्यों का शुद्ध रूप लिखिए। 2

(क) सीमा कक्षा–10 में पढ़ता है।

(ख) वह महिला विद्वान है।

खण्ड– 'य'

10. निम्नलिखित में से किसी एक पठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 5

मन की मन ही माँझ रही।
कहिए जाइ कौन पै उधौ, नाही परत कही।
अवधि अधार आस आवन की, तन मन बिथा सही।
अब इन जोग सँदेसनि सुनि–सुनि, बिरहिनि बिरह दही।
चाहति हुतीं गुहारि जितहिं तैं, उत तैं धार बही।
'सूरदास' अब धीर धरहिं क्यों, मरजादा न लही।।

(क) प्रस्तुत पद किसके द्वारा लिखित है।

(ख) किसके मन की बात मन में ही रह गई।

(ग) गोपियाँ अपने मन में कौनसी बात रखे हुए हैं।

(घ) गोपियों की विरहाग्नि और अधिक क्यों बढ़ गई?

(ड़) 'धार बही' का क्या आशय है?

अथवा

मुख्य गायक के चट्टान जैसे भारी स्वर का साथ देती
वह आवाज सुन्दर कमजोर काँपती हुई थी
वह मुख्य गायक का छोटा भाई है
या उसका शिष्य
या पैदल चलकर सीखने आने वाला दूर का कोई रिश्तेदार
मुख्य गायक की गरज में
वह अपनी गूँज मिलाता आया है प्राचीन काल से

(क) उपर्युक्त पद्यांश में 'पुराना' शब्द का दूसरा शब्द लिखिए।

(ख) संगतकार की आवाज की क्या विशेषता थी?

(ग) 'ताकतवर' शब्द का विलोम शब्द लिखिए।

(घ) संगतकार क्या कार्य करता है?

(ङ) 'हल्का' शब्द का विलोम शब्द लिखिए।

11. निम्नलिखित में से किसी एक पठित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

हालदार साहब की आदत पड़ गई, हर बार कस्बे से गुजरते समय चौराहे पर रूकना, पान खाना और मूर्ति को ध्यान से देखना। एक बार जब कौतूहल दुर्दमनीय हो उठा तो पानवाले से ही पूछ लिया क्यों भई! क्या बात है? यह तुम्हारे नेताजी का चश्मा हर बार बदल कैसे जाता है?

पान वाले के खुद के मुँह में पान ठुँसा हुआ था। वह एक काला मोटा और खुशमिजाज आदमी था। हालदार साहब का प्रश्न सुनकर वह आँखों ही आँखो में हँसा। उसकी तोंद थिरकी। पीछे घूमकर उसने दुकान के नीचे पान थूका और अपनी ला–काली बतीसी दिखाकर बोला, कैप्टन चश्मेवाला करता है।

(क) हालदार साहब को क्या आदत पड़ गई थी?

(ख) पानवाला कैसा व्यक्ति था?

(ग) चश्मे को बदलने का काम कौन करता था?

(घ) गद्यांश का उपर्युक्त शीर्षक लिखिए।

(ङ) प्रस्तुत गद्यांश मं से 'पतला' शब्द का विलोम शब्द लिखिए।

अथवा

फ़ादर को याद करना एक उदास शांत संगीत को सुनने जैसा है। उनको देखना करूणा के निर्मल जल में स्नान करने जैसा था और उनसे बात करना कर्म के संकल्प से भरना था। मुझे 'परिमल' के वे दिन याद आते हैं जब हम सब एक पारिवारिक रिश्ते में बँधे जैसे थे जिसके बड़े फ़ादर बुल्के थे। हमारे हँसी–मजाक में वह निर्लिप्त शामिल रहते, हमारी गोष्ठियों में वह गंभीर बहस करते, हमारी रचानाओं पर बेबाक राय और सुझाव देते हैं और हमारे घरों के किसी भी उत्सव और संस्कार में वह बड़े भाई और पुरोहित जैसे खड़े हो हमें अपने आशीषों से भर देते। मुझे अपना बच्चा और फ़ादर का उसके मुख में पहली बार अन्न डालना याद आता है और नीली आँखो की चमक में तैरता वात्सल्य भी जैसे किसी ऊँचाइ पर देवदारू की छाया में खड़े हों।

(क) फ़ादर को देखना और उनसे बाते करना कैसा महसूस होता है?

(ख) फ़ादर के वात्सल्य और प्रेम को लेखक ने किस प्रकार प्रकट किया?

(ग) किसी उत्सव या संस्कार के अवसर पर फादर बुल्के किस रूप में उपस्थित रहते थे।

(घ) प्रसन्न शब्द का विलोम शब्द लिखिए।

(ङ) 'पानी' का पर्यायवाची शब्द लिखिए।

12. 'आत्मकथ्य' कविता का सार अपने शब्दों में लिखिए– 4

अथवा

मिट्टी के गुणों का वर्णन कीजिए।

13. पाठ के आधार पर फ़ादर बुल्के के हिन्दी प्रेम का वर्णन कीजिए। 4

अथवा

आधुनिक शिक्षा के सम्बन्ध में द्विवेदी जी के विचार लिखिए।

14. डुमराव गाँव तथा शहनाई में क्या सम्बन्ध है? 2

15. लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या–क्या विशेषताएँ बताई है? 2

16. कवि ने श्री ब्रज दूलह किसे कहा है? 1

17. कवि के अनुसार 'फसल' क्या है? 1

18. कैप्टन की कहानी हालदार साहब को किसने सुनाई? 1

19. बेटे की मृत्यु के बाद भगत ने क्या किया? 1

20. निम्नलिखित बहुविकल्पात्मक प्रश्नों का सही उत्तर लिखिए।

खण्ड–5

21. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 6

(क) लेखक के पिताजी मछलियों को क्या खिलाते थे।

(ख) एलिजाबेथ के दरजी किस बात से परेशान थे।

(ग) दुलारी कौन थी?

22. रानी के आगमन पर अचानक क्या समस्या आई? 1

23. टुन्नु ने दुलारी को क्या दिया? 1

24. निम्नलिखित में से किसी एक का जीवन परिचय लिखिए। 2

(क) सूरदास (ख) देव (ग) यशपाल (घ) यतीन्द्र मिश्रा

अध्याय 1

सूरदास

कवि परिचय–

सूरदास का जन्म सन 1478 में माना जाता है। कुछ लोग उनका जन्म मथुरा के निकट रूनकता में जबकि कुछ लोग दिल्ली के पास सीही में मानते है। सूरदास के गुरू का नाम महाप्रभु वल्लभाचार्य था। वे मथुरा व वृंदावन के बीच गऊ घाट पर रहते थे। सूदास भगवान श्री कृष्ण के अनन्य भक्त थे। सन् 1583 में पारसौली में उनका निधन हुआ। प्रमुख ग्रंथ – सूरसागर, साहित्य लहरी, सूरसारावली।

पाठ परिचय–

इस अध्याय में सूरसागर के भ्रमर गीत से चार पद लिए है। श्री कृष्ण ने मथुरा जाने के बाद गोपियों को शांत करने के लिए अपने मित्र उद्धव को भेजा। उद्धव ने निर्गुण ब्रह्म एवं योग का उपदेश देकर गोपियों की विरह वेदना शांत करने का प्रयास किया।

गोपियों को यह संदेश पसंद नहीं आया, उन्होंने भँवरे के माध्यम से उद्धव पर व्यंग्य बाण छोड़े।

प्रथम पद में गोपियां उद्धव से श्री कृष्ण की शिकायत करती है। वे कहती है कि हम तो श्री कृष्ण के प्रेम में लिपटे हुए है।

द्वितीय पद में गोपियां उद्धव से कह रही है कि श्री कृष्ण के हमें छोड़कर मथुरा चले जाने से हमारी इच्छाएँ अपूर्ण रह गई है तथा हम बहुत दुखी है।

तीसरे पद में गोपियां उद्धव के योग व निर्गुण ब्रह्म संदेश को कड़वी ककड़ी के समान बताकर उसे नकार देती है।

चतुर्थ पद में गोपियां शिकायत कर रही है कि कृष्ण ने राजनीति सीख ली है और वे हमारे साथ अनीति कर रहे हैं। वे उद्धव को उसका राजधर्म याद दिलाती है।

शब्दार्थ–

बड़भागी – भाग्यवान

अपरस – अलिप्त नीरस

तगा – धागा, बंधन

दागी – दाग, धब्बा

पाउँ – पैर

आवन – आगमन

बोरयौ – डुबोयो

गुहारि – रक्षा के लिए पुकारना

प्रश्न–

1. श्री कृष्ण ने गोपियों को समझाने के लिए किसे भेजा ?

   (अ) उद्धव को (ब) सूरदास को

   (स) भ्रमर को (क) अक्रूर को ( )

2. सूरदास का जन्म माना जाता है ?

(अ) रूनकता (ब) सीही

(स) दोनों जगह (द) बिहार ( )

3. सूरदास द्वारा रचित ग्रंथ है ?

(अ) सूरसागर (ब) साहित्य लहरी

(स) सूरसारावली (द) उपर्युक्त सभी ( )

4. उद्धव के व्यवहार की तुलना किस–किस से की गई है?

5. कृष्ण के प्रति अपने अनन्य प्रेम को गोपियों ने किस प्रकार अभिव्यक्त किया है ?

6. गोपियों के अनुसार राजा का धर्म क्या होना चाहिए ?

7. गोपियों को उद्धव का संदेश किसके समान लगा ?

8. गोपियों ने उद्धव से योग की शिक्षा कैसे लोगों को देने को कहा ?

9. प्रस्तुत पदों के आधार पर गोपियों का योग संदेश के प्रति दृष्टिकोण स्पष्ट करें ?

10. संकलित पदों के आधार पर सूरदास द्वारा रचित भ्रमरगीत की मुख्य विशेषता बताइये ?

अध्याय–2

तुलसीदास

राम लक्ष्मण – परशुराम संवाद

कवि परिचय –

तुलसीदास का जन्म उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के राजापुर गाँव में सन् 1532 में हुआ। कुछ विद्वान उनका जन्म स्थान सोंरो भी मानते है।

तुलसीदास रामभक्त कवि थे। उनके द्वारा लिखित 'रामचरितमानस'एक अद्वितीय तथा प्रसिद्ध रचना है। इसमें इन्होंने भगवान राम की संपूर्ण जीवनगाथा को प्रतिष्ठित किया है।

अन्य प्रमुख ग्रंथ – कवितावली, गीतावली, दोहावली, विनयपत्रिका

पाठ परिचय / सारांश –

प्रस्तुत अंश कवि तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस के बालकांड से लिया गया है। सीता स्वयंवर में श्रीराम द्वारा शिवजी का धनुष तोड़े जाने का समाचार सुनकर मुनि परशुराम सभा में आते है तथा क्रोधित होकर धनुष तोड़ने वाले का नाम पूछते है। इसी समय मुनि परशुराम तथा लक्ष्मण के बीच वाद–विवाद होता है। राम–लक्ष्मण को शांत कराते है तथा विश्वामित्र मुनि परशुराम को शांत कराते है। श्री राम भी परशुराम से निवेदन करते है। परशुराम तथा लक्ष्मण की बातें सुनकर सभा में बैठे सभी राजा–महाराजा डर जाते है।

परशुराम श्रीराम की शक्ति परीक्षा लेकर शांत होते है।

शब्दार्थ–

रिपु – शत्रु

अवमाने – अपमान करना

लरिकाई – बचपन

महाभट – महानयोद्धा

मही – धरती

भानुबंस – सूर्यवंश

कृसानु – अग्नि

प्रश्न–

1. तुलसीदास का जन्म माना जाता है ?

   (अ) राजापुर में (ब) दिल्ली में

   (स) अयोध्या में (द) चित्रकूट में

2. तुलसीदास ने अपनी रचनाओं में भक्ति मुख्यतः की है ?

   (अ) भगवान राम की (ब) भगवान कृष्ण की

   (स) हनुमान की (द) शिव की

3. तुलसीदास द्वारा रचित मुख्य ग्रंथ है ?

(अ) रामचरित मानस (ब) भ्रमरगीत

(स) कवितावली (द) विनय पत्रिका

4. प्रस्तुत पद्य में मुख्यतः वर्णन है ?

(अ) लक्ष्मण परशुराम संवाद (ब) राम–लक्ष्मण संवाद

(स) राम–जनक संवाद (द) विश्वामित्र–परशुराम संवाद

5. शिव धनुष भंग हाने पर .....क्रोधित होकर सभा में आये। (परशुराम/विश्वामित्र)

6. शिव धनुष ..... ने तोड़ा। (राम/परशुराम)

7. परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने पर कौन–कौन से तर्क दिए ?

8. राम और लक्ष्मण की प्रतिक्रियाओं के आधार पर दोनों के स्वभाव की तुलना कीजिए।

9. लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या–क्या विशेषताएं बताई ?

10. परशुराम ने अपने विषय में सभा में क्या–क्या कहा ?

11. पाठ के आधार पर तुलसी के भाषा सौंदर्य पर पांच पंक्तियां लिखिए ?

अध्याय 3

देव

सवैया

कवित

कवि परिचय–

कवि देव का जन्म उत्तर प्रदेश के इटावा में सन् 1673 में हुआ था। उनका पूरा नाम देवदत्त द्विवेदी था।

देव रीतिकाल के प्रमुख कवि थे। इनकी रचनाओं में दरबारी संस्कृति का चित्रण हुआ है। किन्तु इन्होंने प्रेम व सौंदर्य की रचनाएं भी लिखी है। इनकी मृत्यु सन् 1767 में हुई।

पाठ परिचय–

प्रस्तुत पाठ में एक सवैया तथा दो कवित्त है।

सवैया–

सवैया में श्री कृष्ण के रूप सौंदर्य का वर्णन किया है। श्री कृष्ण के पाँवों से घुँघरू तथा कमर से करधनी की मधुर ध्वनि होती है। पीले वस्त्र तथा गले में वनमाला शोभा दे रही है। सिर पर मुकुट तथा बड़े–बड़े नेत्र है। वे ऐसे लग रहे मानो ब्रज के दूल्हे हो तथा संसार रूपी मंदिर के दीपक है।

कवित–

द्वितीय कवित्त में प्रकृति के रूप सौंदर्य का वर्णन है। बसंत ऋतु को बालक रूप में दिखाकर प्रकृति सौंदर्य से संबंध बताया है। बसंत ऋतु के अनुपम सौंदर्य का वर्णन है।

तीसरे कवित्त में पूर्णिमा की रात में चांद तारों से भरे आकाश की सुन्दरता का वर्णन किया है। चाँदनी रात दूध के फेन जैसी सुंदर दिखती है। तारे मोतियों की माला जैसे चमकते है। चंद्रमा–राधा के प्रतिबिम्ब जैसा दिखता है।

शब्दार्थ–

मंजु – सुन्दर

कटि – कमर

किंकिनि – करधनी / कमर का आभूषण

हुलसै – आनन्दित होना

किरीट – मुकुट

द्रुम – पेड़

मकरद – फूलों का रस

आरसी – आइना

प्रश्न

1. कवि देव का जन्म स्थान है ?

   (अ) इटावा (ब) बनारस

   (स) झाँसी (द) मेरठ ( )

2. कवि देव का सम्बन्ध है ?

   (अ) रीतिकाल से (ब) भक्तिकाल से

   (स) आधुनिक काल से (द) तीनों से ( )

3. कृष्ण संसार रूपी मंदिर के ..... है। (दीपक/चन्द्रमा)

4. कवि देव ने अपने कवित्त में ..... ऋतु का वर्णन किया है। (बसंत/ग्रीष्म)

5. कवि ने 'श्री ब्रज दूलह' किसे कहा है ?

6. श्री कृष्ण को संसार रूपी मंदिर का दीपक क्यों कहा है ?

7. चांदनी रात की सुंदरता को कवि ने किन–किन रूपों में देखा है ?

8. कवि द्वारा दिए गए बसंत ऋतु का वर्णन लिखिए ?

9. श्री कृष्ण के रूप सौंदर्य का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए ?

10. भारतीय ऋतु चक्र में मानी गई छः ऋतुओं के नाम लिखिए ?

11. कवि देव की काव्यगत विशेषताएं लिखिए।

अध्याय – 4

जयशंकर प्रसाद

आत्मकथ्य

कवि परिचय–

जयशंकर प्रसाद का जन्म 1889 में वाराणसी में हुआ। काशी के क्वींस कॉलेज में उन्होंने आठवीं तक पढ़ाई की परन्तु आगे नहीं पढ़ सके। घर पर हिन्दी संस्कृत, फारसी का अध्ययन किया। छायावादी कवियों में इनका नाम प्रमुख है।
इनकी मृत्यु सन् 1937 में हुई।
प्रमुख कृतियां – कामायनी, चित्राधार, कानन–कुसुम, झरना।
ये कवि के साथ–साथ कुशल गद्यकार भी थे।
प्रमुख नाटक – अजात शत्रु, चंद्रगुप्त, स्कन्दगुप्त
इन्होंने 'हंस' नामक पत्रिका का संपादन किया।

पाठ परिचय–

कवि जयशंकर प्रसाद के मित्रों ने उनसे अपने जीवन की आत्मकथा लिखने का आग्रह किया, परन्तु कवि प्रसाद अपनी आत्मकथा लिखने से सहमत नहीं थे। इसके परिणाम में इस कविता की रचना की गई। इस कविता में कवि अपने जीवन की कथा को एक सामान्य व्यक्ति की कथा जैसा बताया। वे कहते है कि मेरा जीवन ऐसा महान व रोचक नहीं है, जिसे सुनकर लोग वाह–वाह करेंगे। इसलिए आत्मकथा लिखने का मतलब नहीं है।

शब्दार्थ–

मधुप – मन रूपी भौंरा

प्रवंचना – धोखा

मुसक्या कर – मुसकराकर

अरूण कोपल – लाल गाल

पंथा – रास्ता

प्रश्न–

1. कवि जयशंकर प्रसाद थे ?

   (अ) कवि (ब) गद्यकार

   (स) दोनों (द) दोनों नहीं ( )

2. कवि जयशंकर प्रसाद थे ?

   (अ) छायावादी (ब) भक्तिवादी

   (स) सौन्दर्यवादी (द) सभी ( )

3. कवि जयशंकर प्रसाद ने हिन्दी ..... तथा फारसी भाषा का अध्ययन किया। (अरबी / फारसी)
4. कवि जयशंकर प्रसाद ने ..... नामक पत्रिका का संपादन किया। (हंस / सरस्वती)
5. कवि जयशंकर प्रसाद आत्मकथा लिखने से क्यों बचना चाहते है?
6. प्रसाद जी की प्रमुख काव्य रचनाओं के नाम लिखिए ?
7. आत्मकथा सुनाने का अभी समय नहीं है, कवि ने ऐसा क्यों कहा ?
8. कवि प्रसाद के व्यक्तित्व का वर्णन कीजिए ।
9. स्मृति को पाथेय बनाने से कवि का क्या आशय ?
10. कवि के मित्र उनसे क्या आग्रह कर रहे थे? प्रसाद जी उनसे सहमत क्यों नहीं थे ?
11. आत्मकथ्य कविता का सार अपने शब्दों में लिखिए।

अध्याय 5

सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

1. उत्साह

2. अट नहीं रही है।

कवि परिचय–

सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' का जन्म बंगाल के महिषादल में सन् 1899 में हुआ। निराला की नौवीं तक की शिक्षा महिषादल में हुई। उन्होंने स्वाध्याय से संस्कृत, बांग्ला तथा अंग्रेजी का ज्ञान अर्जित किया। रामकृष्ण परमहंस तथा स्वामी विवेकानन्द से प्रभावित थे। सन 1961 में उनका देहांत हो गया।

प्रमुख रचनाएं – अनामिका, परिमल, गीतिका, कुकुरमुत्ता, नए पत्ते

निराला की रचनाओं में दार्शनिकता, विद्रोह, क्रांति, प्रेम तथा प्रकृति का चित्रण है।

पाठ परिचय–

'उत्साह' गीत बादलों को सम्बोधित है। कवि बादलों से कह रहे है कि गरजो, गगन को घेर लो। ये बादल ललित, काले, घुँघराले, बाल कल्पना जैसे है। निराला ने बादलों को विप्लव और क्रांति चेतना करने वाले बताए है।

अट नहीं रही है। कविता में कवि ने फागुन माह की सुंदरता को बताया है। फागुन माह में चारों तरफ पत्तों से लदी डालियां, पुष्पों से भरी टहनियां बहुत सुन्दर लग रही है। फूलों की खुशबू पूरे वातावरण में महक रही है।

शब्दार्थ–

धाराधर – बादल

निदाध – गर्मी

सकल – सब

आभा – चमक

वका – कठोर

शोभा श्री – सौंदर्य से भरपूर

प्रश्न

1. निराला ने 'उत्साह' गीत में सम्बोधन किया है ?

   (अ) बादलों को (ब) धरती को

   (स) बालकों को (द) सभी को

2. 'अट नहीं रही है' कविता में वर्णन है ?

   (अ) फागुन की मादकता का (ब) बादलों की सुन्दरता का

   (स) बारिश का (द) मानव जीवन का

3. 'निराला' नाम से प्रसिद्ध कवि है ?

   (अ) जयशंकर प्रसाद (ब) हरिवंशराय बच्चन

   (स) सूर्यकान्त त्रिपाठी (द) गिरिजा कुमार

4. कविता में बादल किन–किन अर्थों की ओर संकेत करता है?
5. कविता का शीर्षक 'उत्साह' क्यों रखा गया है?
6. होली के आसपास प्रकृति में जो परिवर्तन दिखाई देते है, उन्हें लिखिए।
7. 'निराला' के काव्य शिल्प की विशेषताएं लिखिए ।
8. कवि बादल से गरजने के लिए क्यों कहता है?
9. कवि की आँख फागुन की सुन्दरता से क्या नहीं हट रही है ?
10. कवि 'निराला' का जीवन परिचय लिखिए।

अध्याय 6

नागार्जुन

1. यह दंतुरित मुस्कान

2. फसल

कवि परिचय–

नागार्जुन का जन्म बिहार के दरभंगा जिले के सतलखा गाँव में सन 1911 में हुआ। इनका मूल नाम वैद्यनाथ था। संस्कृत पाठशाला में आरम्भिक शिक्षा के बाद बनारस व कोलकाता में पढ़ाई हेतु गए। 1936 में श्रीलंका गए और 1938 में वापस भारत लौट आए।

सन् 1998 में इनका देहांत हो गया।

प्रमुख काव्य कृतियाँ – युगधारा, सतरंगे पखों वाली, हजार बांहों वाली तुमने कहा था।

नागार्जुन को 'आधुनिक कबीर' भी कहा जाता है। ये वास्तविकता में जनकवि थे।

पाठ परिचय–

'यह दंतुरित मुस्कान' कविता में कवि ने छोटे बच्चों की मुस्कान का वर्णन किया है। कवि का मानना है कि इस मुस्कान की सुंदरता में जीवन संदेश निहित है। इसे देखकर कठोर मन भी पिघल जाता है।

फसल कविता में कवि ने फसल पैदा करने वाले तत्वों जैसे नदी का जल, खेतों की मिट्टी, किसान के हाथों का स्पर्श का वर्णन किया है। कवि ने फसल पैदा होने में इन तत्वों के महत्व को बताया है।

शब्दार्थ–

दंतुरित – बच्चों के नए दांत

जल जात – कमल का फूल

अनिमेष – बिना पलक झपकाए लगातार देखना।

इतर – दूसरा

छविमान – सुंदर

प्रश्न

1. फसल है–

   (अ) नदियों के पानी का जादू (ब) हाथों के स्पर्श की महिमा

   (स) मिट्टी का गुण (द) उपर्युक्त सभी

2. 'दंतुरित मुस्कान' कविता में वर्णन है ?

   (अ) छोटे बच्चे की मुस्कान का (ब) दाँतों का

   (स) बादलों का (द) प्रकृति का

3. नागार्जुन का मूलनाम ..... था । (वैद्यनाथ मिश्र/कबीर)

4. नागार्जुन वास्तविक अर्थों में ..... थे। (जनकवि/राष्ट्रकवि)

5. बच्चे की दंतुरित मुस्कान का कवि के मन पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

6. फसल पैदा होने पर किन–किन तत्वों का योगदान है?

7. कवि के अनुसार फसल क्या है?

8. बच्चे की मुस्कान और बड़े की मुस्कान में क्या अंतर है ?

9. मिट्टी के गुणों का वर्णन कीजिए ।

10. कवि नागार्जुन का जीवन परिचय लिखिए।

अध्याय 7
गिरिजा कुमार माथुर
छाया मत छूना

कवि परिचय–

गिरिजा कुमार माथुर का जन्म सन् 1918 में गुना मध्यप्रदेश में हुआ। इन्होंने एम.ए. (अंग्रेजी) तथा एल.एल.बी. की उपाधि लखनऊ से प्राप्त की। आकाशवाणी और दूरदर्शन में कार्य किया। इनका निधन सन् 1994 में हुआ।

प्रमुख रचनाएं – नाश और निर्माण, धूप के धान, शिलापंख चमकीले, जन्म कैद (नाटक) नयी कविता।

पाठ परिचय–

'छाया मत छूना' कविता में कवि ने जीवन में सुख और दुःख दोनों की उपस्थिति को बताया है। विगत सुख को याद करके वर्तमान दुःख को बढ़ाना सही नहीं है। इससे दुःख दुगुना होता है। हमें पिछले सुखों की कल्पना को छोड़कर वर्तमान की कठिनाई का सामना करना चाहिए।

शब्दार्थ–

छाया – भ्रम
सुरग – रंग–बिरंगी
यामिनी – तारो भरी चाँदनी रात
कुतंल – लम्बे केश
सरमाया – पूँजी

प्रश्न

1. 'छाया मत छूना' कविता में वर्णन है–

   (अ) रात और दिन का (ब) सुख और दुःख का

   (स) सूर्य और चन्द्रमा का (द) तालाब और नदी का

2. यामिनी से तात्पर्य है?

   (अ) तारो भरी चांदनी रात (ब) फूलों की खुशबू

   (स) अंधेरी रात (द) बरसात

3. पिछले सुखों को याद करने से वर्तमान दुःख ..... होता है। (दुगुना/समाप्त)
4. प्रभुता का शरण बिम्ब केवल ..... है। (मृग तृष्णा/कृष्णा)
5. कवि ने कठिन यथार्थ पूजन की बात क्यों कही है?
6. 'छाया' शब्द यहां किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?
7. 'मृग तृष्णा' किसे कहते है? कविता में इसका प्रयोग किस अर्थ में हुआ है?
8. कविता में व्यक्त दुःख के कारण को स्पष्ट कीजिए ।
9. पिछली बातों को भूलकर आगे ध्यान देने का भाव का कविता की किस पंक्ति में है?
10. 'छाया मत छूना' कविता का भाव अपने शब्दों में लिखिए।

अध्याय 8
ऋतुराज

कन्यादान

कवि परिचय–

कवि ऋतुराज का जन्म सन् 1940 में भरतपुर में हुआ। राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर से अंग्रेजी में एम.ए. किया। चालीस वर्षों तक अंग्रेजी अध्यापन के बाद अब वे सेवानिवृत्ति लेकर जयपुर में रहते है।

मुख्य कविता संग्रह – एक मरणधर्मा और अन्य पुल पर पानी, सुरतनिरत लीला मुखारविंद है। ऋतुराज को 'सोमदत्त, परिमल सम्मान, मीरा पुरस्कार, पहल तथा बिहारी पुरस्कार मिल चुके है।

कविता परिचय–

प्रस्तुत कविता 'कन्यादान' में एक माँ अपनी बेटी को विवाह होने के बाद सीख दे रही है। वह समाज में स्त्रियों हेतु प्रचलित आचरण नियमों के बारे में उसे जानकारी दे रही है।
बेटी को माँ की अंतिम पूंजी कहा गया है क्योंकि बेटी उसके सुख–दुख की साथी होती है।

कविता में माँ के अनुभवों की पीड़ा को व्यक्त किया गया है।

प्रश्न–

1. कवि ऋतुराज का सम्बन्ध है ?
   (अ) भरतपुर से (ब) उदयपुर से
   (स) बीकानेर से (द) जालौर से
2. कन्यादान में वर्णन है?
   (अ) माँ की बेटी को सीख का (ब) समाज के यथार्थ का
   (स) स्त्री की स्थिति का (द) उपर्युक्त सभी
3. बेटी को माँ की ..... बताया गया है। (सर्वस्व/अंतिम पूँजी)
4. 'कन्यादान' कवि ..... द्वारा रचित कविता है। (बिहारी/ऋतुराज)
5. माँ ने बेटी को क्या–क्या सीख दी ?
6. माँ को अपनी बेटी अंतिम पूँजी क्यों लग रही थी ?
7. माँ ने बेटी को किसके प्रति सचेत किया है?
8. माँ ने बेटी को ऐसा क्यों कहा कि लड़की होना पर लड़की जैसी मत दिखाई देना?
9. 'कन्यादान' कविता का सार अपने शब्दों में लिखिए।

अध्याय 9
मंगलेश डबराल
संगतकार

कवि परिचय–

मंगलेश डबराल का जन्म सन् 1948 में टिहरी गढ़वाल (उत्तरांचल) के काफल पानी गाँव में हुआ। इनकी शिक्षा देहरादून में हुई। सन् 1983 में जनसत्ता अखबर में साहित्य संपादक का कार्य किया। आजकल वे 'नेशनल बुक ट्रस्ट' से जुड़े है।

कविता संग्रह – पहाड़ पर लालटेन, घर का रास्ता, हम जो देखते है। आवाज भी एक जगह है।

इन्हें पहल पुरस्कार तथा साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया है।

मंगलेश डबराल की कविताओं में सामंती बोध एवं पूंजीवादी छल का विरोध छलकता है।

कविता परिचय–

'संगतकार' कविता में 'गायन' में मुख्य गायक का साथ देने वाले संगतकार का महत्व बताया गया है। कविता में गायक की सफलता में संगतकार की भूमिका का वर्णन है। संगतकार 'गायक' का हर कदम पर साथ देकर उसे सफलता प्राप्त करने में मुख्य भूमिका निभाता है। गायन के अलावा जीवन के हर क्षेत्र में यह दिखाई देता है। हर सफल व्यक्ति के पीछे उसके किसी साथी की भूमिका होती हैं प्रस्तुत कविता में यही बताया गया है।

शब्दार्थ–

संगतकार – सहयोगी
गरज – ऊंची गंभीर आवाज
जटिल – कठिन
तान – संगीत में स्वर का विस्तार
नौसिखिया – जिसने अभी सीखना आरम्भ किया है।
ढ़ाँढस बँधाना – तसल्ली देना

प्रश्न

1. मुख्य गायक का साथ कौन देता है ?
   (अ) संगतकार (ब) स्वर
   (स) श्रोता (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं
2. संगतकार किस–किस क्षेत्र में दिखाई देता है?
   (अ) गायन के क्षेत्र में (ब) समाज में
   (स) युद्ध में (द) सभी क्षेत्रों में
3. मुख्य गायक का साथ ..... देता है। (संगतकार/गीतकार)
4. मंगलेश डबराल ..... से जुड़े हुए है। (नेशनल ट्रस्ट/नेशनल बुक ट्रस्ट)
5. संगतकार के माध्यम से कवि किस प्रकार के व्यक्तियों की ओर संकेत कर रहा है?
6. संगतकार जैसे व्यक्ति संगीत के अलावा और किन क्षेत्रों में दिखाई देते है ?
7. संगतकार किन–किन रूपों में मुख्य गायक की मदद करते है ?

अध्याय 10

स्वयं प्रकाश

''नेताजी का चश्मा''

लेखक परिचय–

स्वंय प्रकाश का जन्म सन् 1947 में इंदौर (मध्यप्रदेश) में हुआ। इन्होंने मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बाद राजस्थान में नौकरी की। वर्तमान में भोपाल में रहते है तथा 'वसुधा' नामक पत्रिका का संपादन करते है। इन्हें 'पहल सम्मान, बनमाली पुरस्कार, राजस्थान साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

मुख्य कहानी संग्रह – सूरज कब निकलेगा, आएँगे अच्छे दिन भी, आदमी जात का, आदमी और संधान।

पाठ परिचय–

प्रस्तुत कहानी में देशभक्ति का संदेश दिया गया है। राष्ट्र निर्माण में हमें हमारी क्षमता के अनुसार योगदान देना चाहिए।

इस कहानी के मुख्य पात्र है– 1. हालदार साहब 2. पान वाला, 3. कैप्टन 4. चश्मे वाला

एक कस्बे में नगरपालिका द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की मूर्ति लगवाई गई, परन्तु मूर्तिकार किसी कारणवश नेताजी के चश्मा नहीं लगा पाया। चूंकि नेताजी की मूर्ति चश्मे के बिना अच्छी नहीं लगती थी। इसलिए देशभक्त 'कैप्टन' नामक व्यक्ति जो चश्मों की फेरी लगाता था ने अपने पास से एक असली चश्मा मूर्ति के लगा देता है। यदि किसी ग्राहक को मूर्ति पर लगा चश्मा पसंद आता तो कैप्टन उस चश्मे की जगह दूसरा चश्मा मूर्ति पर लगा देता था। हालदार साहब जो हर पन्द्रह दिन में कंपनी के काम से वहां से गुजरते उन्हें यह बड़ा अजीब लगता। एक दिन उन्होंने वहां पान की दुकान पर रूककर पान वाले से चश्मे बदलने का कारण पूछा। पान वाले ने कैप्टन चश्मे वाले की बात उन्हें बताई। एक दिन कैप्टन की मृत्यु हो जाती है तो नेताजी की मूर्ति से चश्मा हट जाता है। कैप्टन की मृत्यु का समाचार सुन हालदार साहब को दुख होता है।

जब हालदार साहब अगली बार वहां से गुजरते है तो उन्हें मूर्ति पर सरकण्डे का चश्मा दिखाई देता है, जिसे देखकर वह हतप्रभ हो जाते है। सरकण्डे का चश्मा किसी बच्चे ने बनाकर मूर्ति पर लगाया था।

कहानी का सार यह है कि हमें अपनी क्षमता अनुसार राष्ट्र निर्माण में सहयोग करना चाहिए।

प्रश्न

1. कस्बे में किसकी मूर्ति लगी हुई थी ?

   (अ) नेताजी की (ब) गाँधीजी की

   (स) नेहरू जी (द) पटेल जी

2. नेताजी की मूर्ति पर चश्मा किसने लगाया ?

   (अ) कैप्टन ने (ब) हालदार साहब ने

   (स) पान वाले ने (द) ड्राईवर

3. कैप्टन की मृत्यु के पश्चात नेताजी की मूर्ति पर ..... का चश्मा लगा दिखाई दिया। (प्लास्टिक का / सरकण्डे का)

4. चश्मे वाले को लोग ..... कहते थे। (कैप्टन/नेताजी)

5. चश्मे वाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे ?

6. कैप्टन की कहानी हालदार साहब को किसने सुनाई ?

7. हालदार साहब मायूस क्यों हो गए ?

8. पान वाले की वेशभूषा अपने शब्दों में लिखिए।

9. पान वाले की कैप्टन के प्रति क्या सोच थी ?

10. कहानी का भाव अपने शब्दों में लिखिये।

अध्याय 11

रामवृक्ष बेनीपुरी

बालगोबिन भगत

लेखक परिचय–

रामवृक्ष बेनीपुरी का जन्म बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के बेनीपुर गाँव में सन् 1899 में हुआ। माता–पिता का निधन बचपन में हो जाने के कारण बचपन अभावो, कठिनाईयों से गुजरा। 1920 में राष्ट्रीय स्वाधीनता आंदोलन से जुड़े। 15 वर्ष की उम्र से इनकी रचनाएं पत्र–पत्रिकाओं में छपने लगी थी।

महत्वपूर्ण कृतियां – पतितों के देश में (उपन्यास) चिता के फूल (कहानी) अबंपाली (नाटक) आदि। इन्हें 'कलम का जादूगर' कहा जाता है।

पाठ परिचय–

'बालगोबिन भगत' रेखाचित्र में लेखक ने ग्रामीण जीवन का सजीव चित्रण करते हुए बालगोबिन भगत के माध्यम से मनुष्यता, सामूहिक चेतना तथा सन्यासी जीवन का चित्रण किया है।

'बालगोबिन भगत' साठ वर्ष से ऊपर आयु के व्यक्ति थे जो एक गांव में रहते थे। ये लम्बी जटा नहीं रखते थे तथा बहुत कम कपड़े पहनते थे। कमर में एक लंगोटी पहनते थे, सर्दी में एक काली कमली डाले रहते थे। ये खेतीबाड़ी करते तथा साधु का जीवन जीते थे। कबीर के भक्त थे।

सादा जीवन उच्च विचार वाले व्यक्ति थे। ये खेती करते समय मधुर गीत गाते थे। ये सुबह प्रभात फेरी भी निकालते थे। गर्मियों में शाम के समय गायन करते थे। उनके एक बेटा और बहू थे। एक दिन बेटे की मृत्यु हो गई। परन्तु भगत जी तनिक भी दुखी नहीं हुए। इसे ईश्वर की मर्जी मानकर बेटे का सारा क्रियाकर्म कराया। इसे इन्होंने आत्मा का परमात्मा से मिलन बताया। फिर कुछ दिनों बाद बहू के भाई को बुलाकर उसकी दुबारा शादी करने को कहकर उसे भेज दिया। वे हर वर्ष गंगा स्नान करने जाते थे। घर से खाकर जाते तथा चार पांच दिन बाद वापस घर पर आकर ही खाना खाते थे। रास्ते में केवल पानी पीते थे। वृद्धावस्था के कारण धीरे–धीरे कमजोर हो गए। एक वर्ष गंगास्नान से वापस आने पर बीमार हो गए तथा उनकी मृत्यु हो गई।

बालगोबिन भगत घर में रहते हुए भी सच्चे सन्यासी थे।

प्रश्न–

1. 'कलम का जादूगर' कहा जाता है ?

   (अ) बालगोबिन भगत को (ब) रामवृक्ष बेनीपुरी को

   (स) जयशंकर प्रसाद को (द) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल को

2. बाल गोबिन भगत अनुयायी थे?

   (अ) रामानन्दजी के (ब) सूरदास के

   (स) कबीर के (द) कृष्ण के

3. बाल गोबिन भगत सच्चे मायनों में ..... थे। (गायक/सन्यासी)
4. बाल गोबिन भगत हर वर्ष ..... जाते थे। (हिमालय पर / गंगा स्नान)
5. बाल गोबिन भगत की चारित्रिक विशेषताएं लिखिए।
6. भगत ने अपने बेटे की मृत्यु पर किस प्रकार भावनाएं व्यक्त की ?
7. भगत के व्यक्तित्व और वेशभूषा का वर्णन अपने शब्दों में लिखिए।
8. बेटे की मृत्यु के बाद भगत ने क्या किया ?
9. भगत की पुत्रवधु उन्हें अकेले क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी ?
10. पाठ के आधार पर बालगोबिन भगत के गायन की विशेषताएं लिखिए।

अध्याय 12

यशपाल

लखनवी अंदाज

लेखक परिचय–

यशपाल का जन्म सन् 1903 में पंजाब के फिरोजपुर छावनी में हुआ। इन्होंने लाहौर के नेशनल कॉलेज से बी.ए. किया। वहां इनका परिचय भगत सिंह और सुखदेव से हुआ। स्वाधीनता आंदोलन में ये जेल भी गए। इनकी मृत्यु सन् 1976 में हुई।

मुख्य कहानी संग्रह – ज्ञानदान, तर्क तूफान, पिंजरे की उडान

उपन्यास – अमिता, दिव्या, दांदा कामरेड

पाठ परिचय–

प्रस्तुत कहानी में यशपाल जी ने सामन्त वर्ग पर कटाक्ष किया है, जो वास्तविक जीवन के स्थान पर बनावटी जीवन जीता है।

एक समय लेखक एक ट्रेन में यात्रा करने चढ़े। ट्रेन के डिब्बे में उनके सामने लखनऊ के एक नवाब बैठे थे। नवाब साहब ने अपने सामने एक सफेद तौलिया बिछाकर उस पर खीरे रखे हुए थे। लेखक को देखते ही नवाब साहब सकपका गए। लेखक को अपने सामने देखकर नवाब साहब को शर्मिन्दगी महसूस हुई, क्योंकि उन्हें अपनी शान का झूठा घमण्ड था। कुछ देर बाद नवाब साहब ने लेखक से खीरा खाने की पेशकश की। लेखक ने बड़ी शालीनता से मना कर दिया। लेखक ने नवाब साहब की झूठी शान का ध्यान रखते हुए अपना सिर नीचे कर लिया। चुपचाप देखने पर उन्हें पता चला कि नवाब साहब खीरे को उठाकर सूंघते हुए खिड़की से बाहर फेंक रहे है, इस दौरान लेखक को भी खीरा खाने की इच्छा हुई, परन्तु उसे उन्होंने दबा लिया।

सारे खीरे बाहर फेंकने के बाद नवाब साहब ने तौलिए से हाथ पौछे फिर गर्व पूर्वक लेखक की तरफ देखते हुए लेट गए। लेखक ने नवाब साहब का सम्मान करने हेतु ऐसा व्यक्त किया, मानो उन्होंने कुछ नहीं देखा।

इस प्रकार नवाब साहब का व्यवहार देखकर लेखक को लगा कि इस पर कहानी लिखी जा सकती है। इस कहानी में लेखक ने झूठी शान शोकत पर व्यंग्य किया है।

प्रश्न–

1. 'लखनवी अंदाज' कहानी के लेखक है?

   (अ) यशपाल (ब) जयशंकर प्रसाद

   (स) धर्मपाल (द) सुमित्रानन्दन पंत

2. 'लखनवी अंदाज' कहानी में वर्णन है ?

   (अ) लखनऊ के नवाब का (ब) हैदराबाद के निजाम का

   (स) टोंक के नवाब का (द) सभी का

3. लेखक जब ट्रेन के डिब्बे में चढ़े तो उनके सामने ..... बैठे थे। (नवाब साहब / राजाजी)
4. नवाब साहब के सामने क्या रखे थे ?
5. लेखक को देखकर नवाब साहब की क्या प्रतिक्रिया हुई ?
6. लेखक यशपाल द्वारा लिखित दो उपन्यास के नाम लिखिए।
7. प्रस्तुत पाठ में किस पर व्यंग किया गया है ?
8. अपनी ट्रेन यात्रा का एक संस्मरण लिखिए।
9. नवाब साहब ने खीरों के साथ क्या किया ?
10. लखनवीं अंदाज कहानी का सार अपने शब्दों में लिखिए।

अध्याय 13

सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

''मानवीय करूणा की दिव्य चमक''

लेखक परिचय–

सर्वेश्वर दयाल सक्सेना का जन्म 1927 में उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में हुआ। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से शिक्षा ग्रहण करने के बाद इन्होंने अध्यापक का तथा आकाशवाणी में सहायक निर्माता का कार्य किया। पराग नामक पत्रिका का संपादन किया। सन 1983 में इनका आकस्मिक निधन हो गया।

पाठ का सार–

इस संस्मरण में लेखक ने फादर 'बुल्के' के स्नेहपूर्ण व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला है। फादर बुल्के की मृत्यु ग्रैंग्रीन से हुई थी। फादर जीवन भर लोगों को स्नेह बांटते रहे फिर भी उन्हें ग्रैगीन जैसी बीमारी हुई। फादर बुल्के हमेशा सफेद लम्बा चौगा पहनते थे। सदा अन्य लोगों पर प्रेम बरसाते रहते थे। लेखक लगभग 35 वर्ष फादर के साथ रहे।

फादर 'परिमल' नामक संस्था के सदस्य थे तथा संस्था की बैठकों में भाग लेते थे।

फादर प्रायः इलाहबाद की सड़कों पर साइकिल चलाते रहते थे। मूलतः बेल्जियम के निवासी थे। उनके घर में माँ, पिता व दो भाई तथा एक बहिन थी। भारत में आने के बाद वे दो तीन बार ही बेल्जियम गए थे।

सन्यासी बनने के प्रश्न पर वे इतना ही कहते थे कि यह प्रभु की इच्छा थी। इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष की पढ़ाई के दौरान सन्यासी बने। इसके पश्चात् वे भारत आ गए। हिन्दी भाषा से उन्हें बहुत प्रेम था। भारत आने के बाद फादर ने पादरियों के साथ धर्म की शिक्षा ली। दार्जिलिंग कोलकाता तथा इलाहाबाद में शिक्षा ग्रहण की। रामकथा उत्पति और विकास पर शोध प्रस्तुत किया। बाइबिल का अनुवाद किया। फादर बुल्के हर व्यक्ति के सुख दुख में साथ रहते थे।

दिल्ली में बीमारी के कारण 18 अगस्त 1982 को उनकी मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु पर लेखक को बहुत दुख हुआ।

प्रश्न

1. ''मानवीय करूणा की दिव्य चमक'' बताया गया है ?

   (अ) लेखक को (ब) परिमल संस्था को

(स) फादर बुल्के को (द) माँ को

2. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना का जन्म हुआ था ?

(अ) बिहार में (ब) बस्ती में

(स) दिल्ली में (द) जयपुर में

3. फादर बुल्के मूलतः ..... के निवासी थे। (इंग्लैण्ड/बेल्जियम)

4. 'रामकथा' उत्पति और विकास नामक शोध पत्र ..... ने लिखा। (सर्वेश्वर दयाल/फादर बुल्के)

5. फादर बुल्के के परिवार में कौन–कौन थे?

6. फादर ने फादर बुल्के को 'मानवीय करूणा की दिव्य चमक' क्यों कहा है?

7. 'फादर बुल्के' के व्यक्तित्व का वर्णन कीजिए।

8. फादर की मृत्यु किस बीमारी से हुई थी ?

9. फादर बुल्के का जीवन परिचय लिखिए।

10. पाठ के आधार पर फादर के हिन्दी प्रेम का वर्णन कीजिए।

अध्याय 14

मन्नू भंडारी

(एक कहानी यह भी)

लेखिका परिचय–

मन्नू भंडारी का जन्म सन् 1931 में मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले के भानपुरा गांव में हुआ। इनकी शिक्षा अजमेर में हुई। इन्होंने हिन्दी में एम.ए. किया। इन्हें हिन्दी अकादमी के शिखर सम्मान सहित अनेक पुरस्कार प्राप्त हुए है।

मुख्य रचनाएं– एक प्लेट सैलाब, मैं हार गई, यही सच है, त्रिशंकु, आपकी बेटी, महाभोज

पाठ का सार–

प्रस्तुत पाठ में मन्नू भंडारी के जीवन की मुख्य घटनाओं का चित्रण प्रस्तुत किया है। इसमें उनके पिताजी और कॉलेज प्राध्यापिका श्रीमती शीला अग्रवाल के व्यक्तिव का वर्णन है।

लेखिका अजमेर के ब्रह्मपुरी मोहल्ले में दो मंजिला मकान में रहती थी। इनके पिताजी को पुस्तकें पढ़ने का शौक था, परन्तु माँ अनपढ़ थी जो हमेशा घर–परिवार के कामों में लगी रहती थी। पिताजी समाज कार्य एवं कांग्रेस के कार्य में लगे रहते थे तथा प्रतिष्ठित व्यक्ति थे, परन्तु कुछ समय बाद उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई, पिताजी क्रोधी तथा अहंकारी भी थे।

आर्थिक परेशानी के कारण पिताजी का गुस्सा बढ़ने लगा था। बचपन में लेखिका मरियल, काली तथा दुबली थी। उनसे दो साल बड़ी बहन गोरी तथा स्वस्थ थी। पिताजी बड़ी बहिन की प्रशंसा करते थे। माँ धैर्यशाली थी। वे पिताजी के गुस्से और बच्चों की इच्छा को अपना भाग्य समझती थी।

सन 1944 में लेखिका की बड़ी बहिन की शादी हो गई तथा दोनों बड़े भाई पढ़ने के लिए बाहर चले गए तब पिताजी ने लेखिका पर ध्यान देना शुरू किया। पिताजी लेखिका को घर के कार्य नहीं करने देते थे, उनके अनुसार इससे प्रतिभा नष्ट हो जाती है। उनके घर पर स्वतंत्रता संग्राम के संदर्भ में कांग्रेस, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, कम्यूनिष्ट पार्टी आदि की बैठके होते रहती थी। लेखिका पर इनका बहुत प्रभाव पड़ा।

1945 में कॉलेज एडमिशन के बाद प्राध्यापिका शीला अग्रवाल से उनका संपर्क हुआ। उन्होंने लेखिका को चुनी हुई पुस्तके पढ़ने को दी। शीला अग्रवाल से वे बहुत प्रभावित हुई।

1946–1947 में स्वतंत्रता आंदोलनों में भी उन्होंने भाग लिया। कॉलेज में वे लीडर बन गई। जुलुस, भाषण देने लगी। उनको कॉलेज प्रशासन नाराज हो गया तथा उनके पिताजी को

बुलाकर शिकायत की तथा उन्हें कॉलेज से निकाल दिया परन्तु पिताजी यह जानकार खुश हुए कि वह लीडर है।

एक बार लेखिका छात्रों के समूह में भाषण दे रही थी तो उनके पिताजी के मित्र ने आकर उनहें भडका दिया। इससे पिताजी गुस्सा हो गए, परन्तु दूसरे मित्र ने आकर लेखिका की प्रशंसा की तो पिताजी बहुत खुश हुए।

1947 में देश आजाद हो गया लेखिका का कॉलेज में दुबारा एडमिशन हो गया।

प्रश्न–

1. लेखिका मन्नू भंडारी की पढ़ाई कहां हुई ?
   (अ) जयपुर (ब) अजमेर
   (स) भानपुरा (द) दिल्ली
2. एक कहानी यह भी में मुख्यतः वर्णन है–
   (अ) पिताजी के व्यक्तित्व का (ब) प्राध्यापिका शीला अग्रवाल का
   (स) दोनों का (द) दोनों का नहीं
3. लेखिका की माँ ..... थी। (अनपढ़ / सुशिक्षित)
4. लेखिका के पिताजी ..... प्रशंसा करते थे। (बड़ी बहिन की / लेखिका की)
5. लेखिका मन्नू भंडारी पर किन–किन व्यक्तियों का प्रभाव पड़ा ?
6. लेखिका के पिताजी के व्यक्तित्व का वर्णन कीजिए।
7. शीला अग्रवाल कौन थी ? उनका मन्नू पर क्या प्रभाव पड़ा ?
8. आजादी के आंदोलन में लेखिका की क्या भूमिका रही ?
9. लेखिका के पिताजी उन्हें रसोई के कार्य से क्यों दूर रखना चाहते थे ?
10. प्रस्तुत पाठ के आधार पर लेखिका मन्नू भंडारी का जीवन वर्णन लिखिए।

अध्याय 15

महावीर प्रसाद द्विवेदी

''स्त्री शिक्षा के विरोधी कुतर्को का खंडन''

लेखक परिचय–

महावीर प्रसाद द्विवेदी का जन्म सन् 1864 में उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले के दौलतपुर गांव में हुआ। इनके परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी, स्कूल शिक्षा के बाद इन्होंने रेलवे में नौकरी कर ली।

मासिक पत्रिका 'सरस्वती' का संपादन किया।

सन् 1938 में इनका देहांत हो गया।

महावीर प्रसाद द्विवेदी हिंदी साहित्य के प्रसिद्ध व्यक्ति थे।

प्रमुख कृतिया – रसज्ञ रजंन, साहित्य सीकर, साहित्य–संदर्भ

पाठ का सार–

प्रस्तुत पाठ में स्त्री शिक्षा का समर्थन करते हुए स्त्री शिक्षा के विरोधी लोगों का विरोध किया गया है। पाठ में द्विवेदी जी ने स्त्री शिक्षा के विरोधी कुतर्कों का खंडन किया है। कुछ कुतर्क निम्नांकित है–

1. इतिहास पुराणों में स्त्री शिक्षा के नियम नहीं लिखे है।
2. स्त्रियों को पढ़ाने से अनर्थ हाते है। शकुंतला ने अपने शिक्षा के कारण दुष्यन्त को कटु वाक्य कहें।
3. शंकुतला द्वारा बोले गए श्लोक अपढ़ों की भाषा है। इस संबंध में द्विवेदी जी ने लिखा है कि नाटकों में स्त्रियों का प्राकृत बोलना उनके अनपढ़ होने का प्रमाण नहीं है।

   उन्होंने प्राचीन जैन ग्रंथों, बौद्ध ग्रंथों का उदाहरण देकर लिखा है कि ये सभी ग्रंथ प्राकृत भाषा में ही है।

स्त्री शिक्षा के समर्थन में उन्होंने अत्रि की पत्नी का धर्म व्याख्यान, गार्गी का बड़े–बड़े पंडितों को हराना, मंडन मिश्र की पत्नी का शंकराचार्य के साथ वार्ता का वर्णन किया है।

द्विवेदीजी ने पाठ में प्राचीन काल की विदुषी स्त्रियों का वर्णन करते हुए अनेक उदाहरण दिए है। उन्होंने रूक्मिणी हरण कथा, सीता–लक्ष्मण संवाद का भी उदाहरण दिया है।

महावीर जी ने वर्तमान शिक्षा–प्रणाली को सही नहीं कहते हुए इसमें बदलाव हेतु लिखा है। इन्होंने स्त्री शिक्षा पर बल देते हुए इसका समर्थन किया है।

प्रश्न–

1. महावीर प्रसाद द्विवेदी का जन्म हुआ ?

   (अ) दौलपुर में (ब) मानुपुरा में

   (स) रघुनाथपुरा में (द) फिरोजपुर में

2. द्विवेदी ने किस पत्रिका का संपादन किया ?

   (अ) हँस (ब) माधुरी

   (स) सरस्वती (द) शारते

3. महावीर प्रसाद द्विवेदी स्त्री शिक्षा के ..... थे। (समर्थक/विरोधी)
4. शंकुतला ने किसे कटु वाक्य कहे ?
5. प्राचीनकाल में स्त्रियों की भाषा कौनसी बताई गई है तथा इस भाषा के समर्थन में क्या लिखा गया है?
6. शंकराचार्य को शास्त्रार्थ में किसने हराया ?
7. पाठ में वर्णित विदुषी स्त्रियों के नाम लिखिए।
8. आधुनिक शिक्षा के सम्बन्ध में द्विवेदी जी के विचार लिखिए।
9. स्त्री शिक्षा के बारे में आपके विचार लिखिए।
10. प्राचीन शिक्षा प्रणाली व अब की शिक्षा प्रणाली में अंतर स्पष्ट कीजिए।

अध्याय 16

यतीन्द्र मिश्र

'नौबत खाने में इबादत'

लेखक परिचय–

यतीन्द्र मिश्र का जन्म 1977 में उत्तर प्रदेश के अयोध्या में हुआ था। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से हिन्दी में एम.ए. किया। वे आजकल स्वतंत्र लेखन के साथ सहित पत्रिका का संपादन कररहे है। एक न्यास, विमला देवी, फाउण्डेशन का संचालन भी कर रहे है।

मुख्य काव्य संग्रह – यदा–कदा, अयोध्या तथा अन्य कविताएं, ड्योढी पर आलाप ।

पाठ परिचय–

प्रस्तुत पाठ में प्रसिद्ध शहनाई वादक उस्ताद बिस्मिल्ला खां के व्यक्तित्व का वर्णन किया गया है। मिश्र जी ने बिस्मिल्ला खां के परिचय के साथ–साथ उनकी रूचियों, मन की बनावट, संगीत साधना को व्यक्त किया है। पाइ में उनके बचपन से वर्णन किया गया है। अमीरूद्दीन यानि अब्दुल्ला खां 6 साल की उम्र में अपने मामा के यहां काशी (वाराणसी) में आ गए थे। जहां उनके मामा शहनाई बजाते थे। वे अपने दिन की शुरूआत बालाजी मंदिर से करते थे।

अब्दुला खां की जन्मभूमि बिहार का डुमराव है। डुमराव में सोन नदी है। सोन नदी के किनारे रीड और नरकट मिलती है, जिनका शहनाई वादन में उपयोग होता है। इस प्रकार शहनाई व डुमराव का आपस में सम्बन्ध है। अमीरूद्दीन रसूलन बाई व बतूलन बाई नामक बहिने जो कि अच्छी गायिका थी को रोज सुनते थे।

बिस्मिल्ला खां रोज खुदा से सच्चे सुर की नेमत मांगते थे।

मुहर्रम जो कि मुस्लिमों का शोक का त्योहार है के दिनों में बिस्मिल्ला खां शहनाई नहीं बजाते, आठवी तारीख को वे आठ किलोमीटर पैदल चलकर शोक मनाते है।

'सुलोचना' उनकी पसंदीदा हिरोइन थी, वे उनकी प्रत्येक फिल्म देखते थे। बिस्मिल्ला खां की बालाजी (हनुमान जी) में गहरी श्रद्धा थी।

काशी से उनका गहरा लगाव रहा है।

बिस्मिल्ला खां को काशी की मलाई बरफ पसंद थी। काशी से इनका गायब होना उन्हें बुरा लगता था।

उस्ताद बिस्मिल्ला खां ने काशी में हिन्दू–मुस्लिम एकता को बढ़ाया है। उन्हें पदम विभूषण तथा भारत रत्न सहित अनेक सम्मान प्राप्त हुए है।

प्रश्न

1. बिस्मिल्ला खां के बचपन का नाम था ?

   (अ) सलीम (ब) अमीरूदीन

   (स) शमसुद़दीन (द) सभी

2. नौबतखाने में इबादत में जीवन वर्णन है?

   (अ) बिस्मिल्ला खां का (ब) रसूलन बाई का

   (स) बातुलन बाई का (द) शमशुद़दीन का

3. उस्ताद बिस्मिल्ला खां का ..... से गहरा लगाव था। (बिहार/काशी)

4. बिस्मिल्ला खां जन्म ..... हुआ था। (काशी में /डुमराव में)

5. डुमराव गांव व शहनाई का क्या संबंध है?

6. बिस्मिल्ला खां खुदा से क्या मांगते थे?

7. बिस्मिल्ला खां मुहर्रम के दिनों में क्या करते थे ?

8. बिस्मिल्ला खां की किस भगवान पर गहरी श्रद्धा थी ?

9. मुँह से बजाए जाने वाले वाद्य यंत्रों के नाम लिखिए ?

10. उस्ताद बिस्मिल्ला खां के व्यक्तित्व का वर्णन कीजिए।

अध्याय 17

भदत आनंद कौसल्यायन'

'संस्कृति'

लेखक परिचय–

भदत आनंद कौसल्यायन का जन्म सन 1905 में पंजाब के अंबाला जिले के सोहना गांव में हुआ। इनके बचपन का नाम 'हरनामदास' था। इन्होंने लाहौर कॉलेज से बी.ए. किया। ये बौद्ध भिक्षु थे। ये गांधी जी के साथ लम्बे समय तक वर्धा में रहे। सन 1988 में इनका निधन हो गया।

मुख्य रचनाएं – भिक्षु के पत्र, जो भूल न सका, आह ! ऐसी दरिद्रता।

पाठ परिचय–

संस्कृति निबंध हमें सभ्यता और संस्कृति से जुड़े प्रश्नों से टकराने की प्रेरणा देता है। इस निबंध में सभ्यता व संस्कृति से परिचय कराया गया है। यह बताने का प्रयास है कि दोनों एक ही है या अलग–अलग।

लेखक के अनुसार जो योगदान नए आविष्कार कराती है। नई खोज कराती है वह संस्कृति है और इन खोज आविष्कार के कारण हमारे जीवन में जो परिवर्तन आते है वह सभ्यता है। अर्थात सभ्यता संस्कृति का परिणाम है। उदाहरणार्थ – मनुष्य ने आग की खोज की। यह संस्कृति है तथा इस खोज के कारण हमारे जीवन में जो परिवर्तन आए वह सभ्यता है। जिस व्यक्ति की बुद्धि ने कोई नई खोज की वह वास्तविक संस्कृत व्यक्ति है। हमारी सभ्यता का बड़ा भाग संस्कृत व्यक्तियों से ही मिला है। लेखक के अनुसार जो योग्यता किसी महा मानव से सर्वस्व त्याग कराती है वह भी संस्कृति है।

प्रश्न–

1. संस्कृति निबंध के लेखक है ?
   (अ) यतींन्द्र मिश्र (ब) भदंत आनंद कोसल्यायन
   (स) रामचन्द्र शुक्ल (द) हरिशंकर परसाई
2. 'भदत आनन्द कोसल्यायन थे–
   (अ) बौद्ध भिक्षु (ब) जैन मुनि
   (स) सन्यासी (द) राजनेता
3. सभ्यता ..... का परिणाम है। (पूर्वजों / संस्कृति)
4. ..... किसी महामानव से सर्वस्व त्याग कराती है। (सभ्यता/संस्कृति)
5. लेखक के अनुसार संस्कृति क्या है ?
6. सभ्यता क्या है ?
7. लेखक ने संस्कृति व सभ्यता को कैसे समझाया है? एक उदाहरण लिखिए।
8. संस्कृति व सभ्यता के संबंध में आपके विचार लिखिए।

कृतिका

पाठ–1

माता का अँचल

(शिवपूजन सहाय)

पाठ का सार :– 'माता का अँचल' वात्सल्य रस का पाठ है, इसमें लेखक ने अपने शैशव काल के खेल तमाशों, रूचियों–अरूचियों और शरारतों का मनोरम वर्णन किया है और ग्रामीण जीवन का चित्रण हुआ है।

लेखक अभी शिशु ही था वह अपने पिता के साथ सुबह जल्दी उठकर, नहा–धोकर पूजा करने बैठ जाया करता था और अपने चौड़े माथे पर त्रिपुंड लगवाया करता था। पिताजी उसे बड़े प्यार से भोलानाथ कहकर पुकारते थे। वह अपने पिता को 'बाबूजी' तथा माँ को 'मइयाँ' कहा करता था। पिताजी पूजा करने के बाद अपनी रामनामा बही पर हजार राम नाम लिखा करते थे फिर कागज के टुकडों पर 500 बार राम नाम लिखकर आटे की गोलियों लपेटते थे और गंगा की ओर जाकर मछलियों को एक–एक करके गोलियां खिलाते चले जाते थे।

पिता के संग खेले हुए खेल–लेखक के पिता लेखक के साथ शैशव में कुश्ती भी लड़ा करते थे। लेखक पिता को हराकर उनकी छाती पर चढ़ जाया करता तथा उनकी मूँछे उखाडने लगता तब उसके पिता उसके हाथों को छुड़ाकर चूम लेते थे।

लाड़–प्यार से भोजन करना– लेखक हंसते खेलते अपने पिता के साथ ही भोजन करता था। पिता अपने हाथों से उसे खिलाते थे मइयाँ फिर से खिलाने की जिद करती हुए कहती–जब खाएगा बड़े–बडे कौर, तब पाएगा दुनिया में ठौर।

तरह–तरह के खेल– लेखक अपने साथियों के साथ तरह–तरह के खेल तमाशे करने लगता था। वह चबूतरे पर अपना नाटक घर बनाकर मिठाई की दुकान लगाना, ढेले पत्ते, गीली मिट्टी के ठीकरों से मिठाइयां बनती थी। वे ही दुकानदार और वे ही खरीददार होते थे तथा अपने दोस्तों के साथ हुल्लड़बाजी करते थे। लेखक चिड़ियों के झुण्ड को पकडने के लिए दौड़ पडते पर वह हाथ नहीं आती थी, फिर चूहों के बिल में पानी उलीचना शुरू कर दिया तभी वहां साँप निकल आया और वे उससे बचने के लिए भागे जिससे सारी देह लहूलुहान हो गई। पैरों के तलवे काँटों से छलनी हो गए और लेखक दौड़ते हुए घर आकर बाबूजी के बुलाने पर भी उनके पास नहीं आये और सीधे मइयाँ की गोद में जा छिपे। बाबूजी ने गोद लेना चाहा लेकिन लेखन ने माँ का आँचल नहीं छोडा।

<u>प्रश्न</u>

प्रश्न : 1 ''माता का अँचल'' प्रस्तुत पाठ में लेखक ने किसका वर्णन किया है?

प्रश्न : 2 लेखक के पिता जी लेखक को प्यार से क्या कहकर पुकारते थे?

प्रश्न : 3 लेखक के पिताजी मछलियों को क्या खिलाते थे?

प्रश्न : 4 मइयाँ लेखक को क्या कहकर भोजन खिलाने की जिद किया करती थी?

प्रश्न : 5 लेखक अपने पिताजी के बुलाने पर भी उनके पास नहीं आकर अपनी माँ की गोद में जाकर क्यों शरण ली?

पाठ – 2

जॉर्ज पंचम की नाक

(कमलेश्वर)

''जॉर्ज पंचम की नाक'' इसमें सरकारी तंत्र की मजाक उड़ाई गई है। हम जिस इंग्लैंड के गुलाम रहे, उसकी रानी के सम्मान के लिए भारत सरकार कैसे–कैसे पापड़ बेलती है, यह दिखाना इस निबंध का उद्देश्य है।

पाठ का सार :– बात उन दिनों की है, जब इंग्लैंड की रानी एलिजाबेथ द्वितीय अपने पति के संग भारत पधारने वाली थी। एलिजाबेथ के दर्जी उनकी वेशभूषा तय करने के बारे में परेशान थे। इंग्लैण्ड के अखबारों की कतरने भारतीय अखबारों में छपती थीं कि रानी के लिए हल्के नीले रंग का सूट बनवाया है, जिस पर चार सौ पौंड का खर्च आया है। रानी आगमन को लेकर पूरे भारत में सनसनी थी। आखिरकार जो रानी पांच हजार रूपये का सूट पहनकर अपनेवाली है, उसके स्वागत में नई दिल्ली का कायापलट होने लगा। सड़कें जवान हो गई। इमारतें सुन्दरियों की भाँति सज गई।

अचानक एक परेशानी सामने आई– जॉर्ज पंचम की मूर्ति की नाक गायब थी। किसी ने इण्डियागेट के सामने लगी जॉर्ज पंचम की नाक काट दी गई। रानी के आगमन पर जॉर्ज की नाक न दिखी तो यह अपनी नाक कटाने जैसा होगा।

सरकारी कार्यवाही में देश के शुभचिंतकों की एक बैठक बुलाई गई। सभी ने कहा कि रानी के आगमन तक कटी हुई नाक वापस लग जानी चाहिए। आखिरकार एक मूर्तिकार को फौरन दिल्ली बुलाया गया। मूर्तिकार पैसों के मामले में लाचार था। मूर्तिकार ने कहा नाक लगा दूँगा परन्तु मुझे बताइए इसकी लाट का पत्थर कहाँ से लाया गया था? आखिरकार पुरातत्व विभाग की फाइलों के ढेर खोले गए, परन्तु कुछ पता न लग सका। एक खास कमेटी बनाकर नाक लगाने का काम सौंप दिया गया।

2. हमारे शरीर में क्षति या टूट–फूट रोकने के लिए अनुरक्षण प्रक्रम की आवश्यकता होती है जिसके लिए उन्हें ऊर्जा की आवश्यकता होती है। यह ऊर्जा पोषण से मिलती है।
3. एक एक–कोशिकीय जीव की पूरी सतह पर्यावरण के सम्पर्क में रहती है। अतः इन्हें भोजन ग्रहण करने के लिए गैसों का आदान–प्रदान करने के लिए या वर्ज्य पदार्थ के निष्कासन के लिए किसी विशेष अंग की आवश्यकता नहीं होती है।
4. जैव प्रक्रम के अन्तर्गत आने वाले प्रक्रम :–
   1. पोषण 2. श्वसन 3. वहन 4. उत्सर्जन इत्यादि
5. पोषण –जीवों द्वारा जटिल कार्बन पदार्थो को जैव रासायनिक प्रक्रिया द्वारा सरल अणुओं में परिवर्तित कर उपभोग करना पोषण कहलाता है।
6. श्वसन – शरीर के बाहर से ऑक्सीजन ग्रहण करना तथा कोशिकीय आवश्यकता के अनुसार खाद्य स्त्रोत के विघटन में उसका उपयोग श्वसन कहलाता है।
7. वहन– एक प्रक्रिया है जिसके द्वारा शरीर के विभिन्न भागों में आवश्यक पोषक तत्व पहुँचाएं जाते हैं जो शरीर के अनुरक्षण का कार्य करते हैं।
8. उत्सर्जन – शरीर से हानिकारक अपशिष्ट पदार्थो के निष्कासन के प्रक्रम को उत्सर्जन कहते हैं।
9. पोषण के दो प्रकार होते हैं :– 1. स्वपोषी पोषण 2. विषमपोषी पोषण
10. सभी हरे पौधो स्वपोषी पोषण करते हैं।
11. विषमपोषी पोषण तीन प्रकार का होता है – 1. मृतजीवी पोषण 2. परजीवी पोषण 3. प्राणीभोजी पोषण
12. जटिल पदार्थों के सरल पदार्थों में खण्डित करने के लिए जीव कुछ जैव उत्प्रेरक का उपयोग करते हैं जिन्हें एंजाइम कहते हैं।
13. हरे पौधों द्वारा सूर्य के प्रकाश और क्लोरोफिल की उपस्थिति में भोजन बनाने की प्रक्रिया को प्रकाश संश्लेषण करते हैं।
14. नाइट्रोजन एक आवश्यक तत्व है जिसका उपयोग प्रोटीन तथा अन्य यौगिकों के संश्लेषण में किया जाता है।

बहुचयनात्मक प्रश्न

1 पादप में जाइलम उत्तरदायी है–

(क) जल का वहन (ख) भोजन का वहन

(ग) अमीनो अम्ल का वहन (घ) ऑक्सीजन का वहन ( )

2 स्वपोषी पोषण के लिए आवश्यक है –

(क) कार्बनडाई–ऑक्साइड (ख) क्लोरोफिल

(ग) सूर्य का प्रकाश (घ) उपरोक्त सभी ( )

3 क्लोरोफिल वर्णक का रंग है–

(क) हरा (ख) नीला

(ग) लाल (घ) सफेद ( )

4 रक्त में आयरन की कमी से होने वाला एक रोग है –

(क) टी.बी. (ख) मधुमेह

(ग) एनीमिया (घ) उच्च रक्त चाप ( )

5 प्रकाश संश्लेषी अंगक है–

(क) पत्ती (ख) हरित लवक

(ग) क्लोरोफिल (घ) क्लोरोप्लास्ट ( )

6 इनमें किसके द्वारा अमीबा में भोजन अन्तर्ग्रहन होता है?

(क) कूटपाद (ख) परिवहन

(ग) भोजन रसधानी (घ) केन्द्रक ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

a. मनुष्य की आहारनाल का प्रथम अंग ..... है। (आमाशय / मुख)
b. शरीर में बिना पचा भोजन ..... में एकत्र रहता है। (मलाशय / छोटी आंत)
c. माइट्रोकॉन्ड्रिया में ..... श्वसन होता है। (वायवीय / अवायवीय)
d. गैसो का संचरण ..... द्वारा किया जाता है। (जल / रूधिर)
e. हरे पौधे ..... होते हैं। (स्वपोषी / विषमपोषी)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न (उत्तर शब्द सीमा 10 शब्द)

8 मनुष्य के शरीर की सबसे बडी ग्रंथि का नाम लिखो?

9 मानव के भोजन की पाचन क्रिया कहां पर पूर्ण होती है?

10 पादपों में भोजन का स्थानान्तरण किसके द्वारा होता है?

11 मनुष्य के आहारनाल की कौनसी रचना अवशेषी अंग है?

12 खुला परिसंचरण तंत्र किसमें पाया जाता है?

13 पौधो में पाया जाने वाला गाढा एवं दूधिया उत्सर्जी तरल पदार्थ को क्या कहते हैं?

14 पौधों में वाष्पोत्सर्जन किस भाग में होता है?

15 मछली का मुख्य श्वसन अंग है?

लघुत्तरात्मक प्रश्न

16 भोजन के पाचन में लार की क्या भूमिका है?

17 जाइलम तथा फ्लोरम में पदार्थों के वहन में क्या अन्तर है?

17 किसी जीव द्वारा किन कच्ची सामग्रियों का उपयोग किया जाता है?

18 पाचक इन्जाइमों का क्या कार्य है?

19 हमारे आमाशय में अम्ल की भूमिका क्या है?

20 मनुष्य में दोहरा परिसंचरण की व्याख्या कीजिए। यह क्यों आवश्यक है?

21 मूत्र बनने की मात्रा का नियमन किस प्रकार होता है?

निबन्धात्मक प्रश्न

22 वायवीय श्वसन एवं अवायवीय श्वसन में क्या अन्तर है?

23 मानव के पाचन तंत्र का रचना चित्र बनाइये एवं इसकी कार्यविधि लिखिए?

24 मानव के रूधिर परिसंचरण तंत्र का रचना चित्र बनाइए एवं इसकी कार्यविधि लिखिए?

25 वृक्को में मूत्र निर्माण की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए?

26 नेफ्रॉन (वृक्काणु) का नामांकित चित्र बनाइये?

अध्याय–7

नियंत्रण एवं समन्वय

पाठ सारांश :–

1. पर्यावरण में हो रहे परिवर्तन जिसके अनुरूप सभी अनुक्रिया करते हैं, उद्दीपन कहलाता है। जैसे कि प्रकाश, ऊष्मा, ठण्डा, ध्वनि, सुगंध, स्पर्श आदि।
2. जन्तुओं में नियंत्रण एवं समन्वय :
   यह सभी जन्तुओं में दो मुख्य तंत्रो द्वारा किया जाता है – (1) तंत्रिका तंत्र (2) अन्तःस्त्रावी तंत्र
3. तंत्रिका तंत्र– तंत्रिका तंत्र तंत्रिका कोशिकाओं या न्यूरॉन के संगठित जाल का बना होता है और यह सूचनाओं को विद्युत आवेग के द्वारा शरीर के एक भाग से दूसरे भाग तक ले जाता है।
4. प्रतिवर्ती क्रिया – किसी उद्दीपन के प्रति तेज व अचानक की गई अनुक्रिया प्रतिवर्ती क्रिया कहलाती है। जैसे किसी गर्म वस्तु को छूने पर हाथ को पीछे हटा लेना।
5. प्रतिवर्ती चाप– प्रतिवर्ती क्रिया के दौरान विद्युत आवेग जिस पथ पर चलते हैं, उसे प्रतिवर्ती चाप कहते हैं।
   उद्दीपन (ऊष्मा) → ग्राही अंग (त्वचा) → मेरूरज्जु → कार्यकर अंग (पेशी) →अनुक्रिया (हाथ सीधे हटा लेना)
6. मानव मस्तिष्क – मस्तिष्क सभी क्रियाओं के समन्वय का केन्द्र है। इसके तीन मुख्य भाग हैं।
   (1) अग्रमस्तिष्क (2) मध्यमस्तिष्क (3) पश्च अग्रमस्तिष्क
7. पादपों में समन्वय – पादप हार्मोन्स ये वो रसायन हैं जो पौधों कि वृद्धि, विकास अनुक्रिया का समन्वय करते हैं।

मुख्य पादप हार्मोन्स –

1. ऑक्सिन – कोशिकाओं की लम्बाई वृद्धि में सहायक
2. जिब्बेरेलिन– तने की वृद्धि में सहायक
3. साइटोकाइनिन– कोशिका विभाजन को प्रेरित करना
4. एबिससिक अम्ल–पत्तियों का मुरझाना का प्रभाव वृद्धि संदमन

8. जन्तुओं में हार्मोन्स–

हार्मोन्स– ये वो रसायन है जो जन्तुओं की क्रियाओं, विकास एवं वृद्धि का समन्वय करते हैं।

अन्तस्त्रावी ग्रंथि– ये वो ग्रंथियाँ है जो अपने उत्पाद रक्त में स्त्रावित करती है जो हार्मोन्स कहलाते हैं।

	हार्मोन्स	ग्रंथि
1.	थायरॉक्सिन–	थायराइग्रंथि (अक्टूग्रंथि)
2.	वृद्धि हार्मोन्स	पीयूष ग्रंथि (मास्टरग्रंथि)
3.	एड्रीनलीन	एड्रीनल (अधिवृक्क) ग्रंथि
4.	इन्सुलिन	अग्नाशय
5.	टेस्टोस्टेरोन (नर में)	वृषण
6.	ऐस्ट्रोजन (मादा में)	अण्डाशय

बहुचयनात्मक प्रश्न

1 निम्नलिखित में से कौनसा पादप हार्मोन है?

(क) इंसुलिन (ख) थायरॉक्सिन

(ग) एस्ट्रोजन (घ) साइटोकाइमिन ( )

2 दो तंत्रिका कोशिका के मध्य खाली स्थान को कहते हैं?

(क) द्रुमिका (ख) सिनेप्टिक दरार

(ग) एक्सॉन (घ) आवेग ( )

3 प्रतिवर्ती चाप कहां बनते हैं?

(क) मेरूरज्जू (ख) मस्तिष्क

(ग) पोशी ऊतक (घ) इनमें से कोई नहीं ( )

4 शरीर की प्रधान नियंत्रण ग्रंथि किसे कहा जाता है?

(क) जनन ग्रंथि (ख) पीयुष ग्रंथि

(ग) थाइरॉइड ग्रंथि (घ) इनमें से कोई नहीं ( )

5 इन्सुलिन की कमी से कौन सा रोग होता है?

(क) एड्स (ख) बैरी–बैरी

(ग) घेंघा (घ) मधुमेह ( )

6 इनमें से फल पकाने के लिए प्रयुक्त होते हैं?

(क) ऑक्सिन (ख) जिबरेलिन्स

(ग) एथिलीन (घ) साइटोकाइनिन ( )

7 इनमें से कौनसा मादा जनन हार्मोन है?

(क) प्रोजेस्टेरॉन (ख) एस्ट्रोजन

(ग) क व ख दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

a. पौधों में समन्वय एक रासायनिक पदार्थ द्वारा होता है जिसे ..... कहते हैं।
(हार्मोन / उद्दीपन)

b. वह हार्मोन जो शरीर को आपातकाल के लिए तैयार करता है ..... कहलाता है।
(थायरॉक्सिन / एड्रीनलीन)

c. अग्नाशय से ..... स्त्रावित होता है। (इन्सुलिन / ऐस्ट्रोजन)

d. पौधों में कोशिका विभाजन को ..... हार्मोन नियंत्रित करता है (साइटोकाइनिन/ऑक्सिन)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न

9 मस्तिष्क का कौनसा भाग शरीर की स्थिति तथा संतुलन का अनुरक्षण करता है?

10 एक पादप हार्मोन्स का उदाहरण कीजिए जो वृद्धि को बढाता है?

11 थायरॉक्सीन हार्मोन की कमी से कौन सा रोग होता है?

या

आयोडीन की कमी से कौन सा रोग होता है?

12 मेरूरज्जू आघात में किन संकेतों के आने में व्यवधान होगा?

13 वृक्क के ऊपर स्थित अन्तःस्त्रावी ग्रंथि का नाम लिखिए?

14 अग्नाशय द्वारा स्त्रावित हार्मोन्स के नाम लिखो?

15 हार्मोन की क्रिया किस के द्वारा नियंत्रित की जाती है?

लघुत्तरात्मक प्रश्न

16 पादप हार्मोन क्या है? उदाहरण दीजिए।

17 प्रतिवर्ती क्रिया में मस्तिष्क की क्या भूमिका है?

18 हमारे शरीर में विभिन्न जैविक कार्यों का नियंत्रण किससे होता है?

19 हमारे शरीर में ग्राही का क्या कार्य है? ग्राही के नाम लिखो।

20 एक जीव में नियंत्रण एवं समन्वय के तंत्र की क्या आवश्यकता है?

21 पुनर्भरण क्रिया विधि क्या है?

निबन्धात्मक प्रश्न

22 तंत्रिका कोशिका (न्यूट्रॉन) की संरचना बनाइए तथा इसके कार्यों का वर्णन कीजिए?

23 अनैच्छिक क्रियाएं एवं प्रतिवर्ती क्रियाएं एक दूसरे से किस प्रकार भिन्न हैं?

या

अनैच्छिक क्रियाओं तथा प्रतिवर्ती क्रियाओं में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

24. निम्नलिखित में से प्रत्येक हार्मोन का एक–एक कार्य बताइए?

(a) थॉयरॉक्सिन (b) इंसूलिन (c) एंड्रीनलिन

(d) वृद्धिहार्मोन (e) टेस्टोस्टेरॉन

अध्याय–8

जीव जनन कैसे करते हैं।

सारांश :–

1. जीव अपने प्रजाति के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए जनन करते हैं।
2. जनन करने वाले जीव संतति का सृजन करते हैं जो बहुत सीमा तक उनके समान होते हैं।
3. कोशिका के केन्द्रक में पाए जाने वाले गुणसूत्रों के डी.एन.ए के अणुओं में आनुवांशिक गुणों का संदेश होता है जो जनक से संतति पीढी में जाता है।
4. जनन की मूल घटना डी.एन.ए. की प्रतिकृति (Copy) बनाना है।
5. संतति कोशिकाएं समान होते हुए भी किसी न किसी रूप में एक दूसरे से भिन्न होती हैं। जनन में होने वाली यह विभिन्नताएं जैव विकास का आधार है।
6. जीवों में जनन की दो विधियॉ है– 1. लैंगिक जनन 2. अलैंगिक जनन
7. एकल जीव में जनन अलैंगिक जनन के द्वारा होता है जबकि युगल जीव जिनमें नर एवं मादा दोनों होते हैं उनमें जनन प्रक्रिया लैंगिक जनन के द्वारा होता है।
8. अलैंगिक जनन प्रक्रिया में जीव निम्न विधि से जनन करते हैं :–

1.	विखण्डन	एक कोशिकीय जीवों में (अमीबा)
2.	खण्डन	सरल संरचना वाले बहुकोशिक जीवों में
3.	पुनरूदभवन	प्लेनेरिया में
4.	मुकुलन	हाइड्रा और यीस्ट में
5.	कायिक प्रवर्धन	केला, संतरा एवं गुलाब में

9. लैंगिक जनन करने वाले जीवों में विशिष्ट अंगों (जनन अंगो) में कुछ विशेष प्रकार की कोशिकाओं की परत होती है जिनमें जीव की कायिक कोशिकाओं की अपेक्षा गुणसूत्रों की संख्या आधी होती है तथा डी.एन.ए. (DNA) की मात्रा भी आधी होती है। ये दो भिन्न जीवों के युग्मक कोशिकाएं होती है जो लैंगिक जनन में युग्मन द्वारा युग्मनज (जायगोट) बनाती है जो संतति को गुणसत्रों की संख्या एवं डी.एन.ए. (DNA) की मात्रा पुनः स्थापित करती है।
10. नर में शुक्राणु व मादा में अण्डाणु जनन कोशिकाएं होती हैं।
11. पुष्पी पोधौं में पुंकेसर नर जननांग होता है जो परागकण बनाता है जबकि स्त्रीकेसर मादा जननांग होता है। इसके तीन भाग होते हैं।
    (1) वर्तिकाग्र (2) वर्तिका (3) अण्डाशय

बहुचयनात्मक प्रश्न

1 अलैंगिक जनन मुकुलन द्वारा होता है–

(क) अमीबा में (ख) यीस्ट में

(ग) प्लैज्मोडियम में (घ) लेस्मानिया ( )

2 निम्न में से कौन सा भाग मानव मादा जनन तंत्र का भाग नहीं है?

(क) अण्डाशय (ख) गर्भाशय

(ग) शुक्रवाहिका (घ) डिम्बवाहिनी ( )

3 परागकोश में होते हैं–

(क) बाह्यदल (ख) अण्डाशय

(ग) अण्डप (घ) पराग कण ( )

4 तने द्वारा कायिक प्रवर्धन होता है–

(क) पोदीने में (ख) हल्दी में

(ग) अदरक में (घ) ये सभी में ( )

5 लैंगिक जनन में आवश्यकता होती है–

(क) केवल नर जननांग (ख) केवल मादा जननांग

(ग) नर व मादा जननांग दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं ( )

6 गन्ना, गुलाब एवं अंगूर के कृषि में किस जनन विधि का उपयोग किया जाता है?

(क) मुकुलन विधि का (ख) कायिक विधि का

(ग) खण्डन विधि का (घ) विखण्डन विधि का ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

a. एक कोशिय जीवों में ..... जनन होता है। (लैंगिक/अलैंगिक)
b. प्लेनेरिया में जनन ..... विधि से होता है। (पुनरूदभवन/मुकुलन)
c. गर्भनिरोधन की ..... स्थायी विधि है। (शल्य विधि/गोली)
d. अण्डाणु व शुक्राणु के मिलन को ..... कहते हैं। (निषेचन/जनन)
e. मादा में निषेचन ..... में होता है। (डिम्बवाहिनी/अण्डाशय)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न

8 भ्रूण अपना भोजन किस प्रकार प्राप्त करता है?

9 नर हार्मोन का नाम लिखिए।

10 मादा हार्मोन का नाम लिखिए।

11 पुष्पी पादपों में लैंगिक जनन किसके द्वारा होता है?

12 फूल का कौन सा भाग फल में बदलता है?

13 मानव मादा में गर्भकाल का समय कितना होता है?

14 जनन कितने प्रकार के होता है?

15 मानव में लैंगिक जनन संचारित रोग कौन से है?

लघुत्तरात्मक प्रश्न

16 निषेचन किसे कहते हैं?

17 परागण किसे कहते हैं? इसके विभिन्न प्रकारों का नाम लिखिए।

18 किन्हीं तीन उभयालिंगी जीवों के नाम लिखिए।

19 ICUD, HIV, AIDS और OC का पूरा नाम लिखिए।

20 डी.एन.ए (DNA) प्रतिकृति (COPY) का प्रजनन में क्या महत्व है?

21 मानव में वृषण के क्या कार्य हैं?

निबन्धात्मक प्रश्न (उत्तर शब्द सीमा 100 शब्द)

22 पुष्प की अनुदैर्ध्य काट का नामांकित चित्र बनाइए।

23 निम्न पर टिप्पणी लिखिए।

(A) ऊतक संवर्धन (B) पुनरूदभवन

अध्याय–9

आनुवंशिकता एवं जैव विकास

पाठ सारांश :–

1. आनुवंशिकता/वंशागति – विभिन्न लक्षणों का पूर्ण विश्वसनीयता के साथ वंशागत होना।
2. विभिन्नता/विविधता– यह जनक और संतति के लक्षणों की असमानता की अवस्था है।
3. जनन के दौरान विभिन्नताओं का संचयन होता है। विभिन्नता जनन द्वारा परिलक्षित होती है।
4. मैण्डल का योगदान– मेण्डल को आनुवंशिकी के जनक के नाम से जाना जाता है।
5. एकल संकरण (Monohybrid cross)– मटर के दो पौधे के एक जोडी विकल्पी लक्षणों के मध्य क्रॉस संकरण को एकल संकरण कहा जाता है।

उदाहरण –लम्बे पौधे (TT) तथा बौने पौधे (tt) के मध्य संकरण

6. द्विसंकरण (Dihybrid Cross)– मटर के दो पौधों के दो जोडी विकल्पी लक्षणों के मध्य संकरण को द्विसंकरण कहते हैं।

उदाहरण –गोल पीला (RRYY) व झुर्रीदार हरा (rryy) के मध्य संकरण

7. लिंग निर्धारण– मानव में लिंग निर्धारण लिंग गुणसूत्र पर निर्भर करता है। मानव में कुल 26 जोड़ी गुणसूत्र होते हें जिनमें एक–एक जोड़ी XX मादा व XY नर लिंग गुणसूत्र है।
8. जाति उदभव :– 1. जीन प्रवाह 2. आनुवंशिक विचलन 3. प्राकृतिक चुनाव 4. भौगोलिक पृथक्करण के द्वारा होता है।
9. समजात अंग –विभिन्न जीवों के अंग जिनकी आधारभूत संरचना लगभग एक समान होती है जबकि विभिन्न जीवों में उनके कार्य भिन्न–भिन्न होते हैं।
10. समरूप अंग– विभिन्न जीवों के वे अंग जिनकी आधारभूत संरचना व संघटक में अंतर होता है जबकि विभिन्न जीवों में कार्य समान होता है।
11. जीवाश्म– जीव के परिरक्षित अवशेष जीवाश्म कहलाते हैं। जैसे कोई मृत कीट गर्म मिट्टी में सूखकर कठोर जा जाए।

बहुचयनात्मक प्रश्न

1 विकासीय दृष्टिकोण से हमारी किस से अधिक समानता है?

(क) चीन के विद्यार्थी (ख) चिम्पैंजी

(ग) मकड़ी (घ) जीवाणु ( )

2 मनुष्य में कितने जोडे गुणसूत्र पाये जाते हैं?

(क) 26 (ख) 14

(ग) 23 (घ) 18 ( )

3 मेंडल ने अपने प्रयोगों के लिए किस पौधे को चुना?

(क) मटर (ख) चना

(ग) सेम (घ) इनमें से कोई नहीं ( )

4 एक संकर क्रॉस के फलस्वरूप लम्बे व नाटे पौधो का अनुपात था?

(क) 1 : 1 (ख) 3 : 1

(ग) 1 : 2 : 1 (घ) 1 : 3 ( )

5 द्विसंकर क्रॉस के फलस्वरूप उत्पन्न पौधों का फीनोटोपिक अनुपात था–

(क) 3 : 1 (ख) 9 : 3 : 3 : 1

(ग) 1 : 1 (घ) 1 : 2 : 1 ( )

6 आनुवंशिकी का पिता कहा जाता है–

(क) मेण्डल को (ख) डार्विन को

(ग) अरस्तु को (घ) हैल्डेन को ( )

7 जैव विकास को सर्वप्रथम किसने समझाया?

(क) लामार्क (ख) डार्विन

(ग) अरस्तु (घ) वाइसमान ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

a. मानव नर में लिंग गुणसून ..... होता है। (XX / XY)
b. डार्विन ने ..... का मत प्रस्तुत किया। (प्राकृतिक चयन / उत्परिवर्तन)
c. संतान का लिंग के लिए ..... उत्तरदायी है। (माता / पिता)
d. चमगादड तथा पक्षी के पंख ..... हैं। (समवृत्ति / समजात)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न (उत्तर शब्द सीमा 10 शब्द)

9 गुणसूत्र बने होते हैं?

10 जीन शब्द किसने प्रस्तुत किया?

11 मनुष्य का वैज्ञानिक नाम क्या है?

12 वंशागत नियमों का प्रतिपादन किसने किया?

13 DNA का पूरा नाम लिखिए?

14 जीव विज्ञान की वह शाखा जिसके अन्तर्गत विभिन्नता तथा आनुवंशिकता का अध्ययन किया जाता है, कहलाती है?

.

लघुत्तरात्मक प्रश्न

15 जीवाश्म क्या है?

16 जीन प्रारूप (जीनोटाइप) किसे कहते हैं?

17 लक्षण प्रारूप (फीनोटाइप) किसे कहते हैं?

18 अवशेषी अंग किसे कहते है? उदाहरण दीजिए।

19 मेण्डल के प्रयोगो द्वारा कैसे पता चला कि लक्षण प्रभावी अथवा अप्रभावी होते हैं?

20 विकासीय संबंध स्थापित करने में जीवाश्म का क्या महत्व है?

निबन्धात्मक प्रश्न (उत्तर शब्द सीमा 100 शब्द)

21 किन प्रयोगों के आधार पर हम कह सकते हैं कि जीवन की उत्पत्ति अजैविक पदार्थो से हुई है?

या

मिलर और यूरे के जीवन उत्पत्ति के प्रभाव का वर्णन कीजिए?

22 मानव के बच्चे में लिंग निर्धारण कैसे होता है?

23 समजात अंग एवं समरूप (समवर्ती) अंग में अन्तर स्पष्ट कीजिए?

24 उपार्जित एवं आनुवंशिक लक्षण में अन्तर स्पष्ट कीजिए?

अध्याय–10

प्रकाश– परावर्तन तथा अपवर्तन

पाठ सारांश :–

1. प्रकाश का मार्ग सदैव सीधा एवं सरल होता है।
2. प्रकाश सभी वस्तुओं को दृश्यमान बनाता है।
3. कोई वस्तु उस पर पड़ने वाले प्रकाश को परावर्तित करती है। यह परावर्तित प्रकाश जब हमारी आंखों द्वारा ग्रहण किया जाता है, तो हमें वस्तुओं को देखने योग्य बनाता है।
4. प्रकाश की किरण– जब प्रकाश अपने प्रकाश के स्त्रोत से गमन करता है तो यह सीधी एवं एक सरल रेखा होता है। प्रकाश के स्त्रोत से चलने वाली इस रेखा को प्रकाश की किरण कहते हैं।
5. जब प्रकाश की किरण किसी परावर्तक पृष्ठ से टकराता है तो यह टकराकर पुनः उसी माध्यम में मुड़ जाता है जिस माध्यम से यह चलकर आया है। इसे ही प्रकाश का परावर्तन कहते हैं।
6. परावर्तन के नियम –
   (i) आपतन कोण परावर्तन कोण के बराबर होता है, तथा
   (ii) आपतित किरण, दर्पण के आयतन बिन्दु पर अभिलम्ब तथा परावर्तित किरण सभी एक ही तल में होते हैं।
7. दर्पण– यह एक चमकीला और अधिक पॉलिस किया गया हुआ परावर्तक पृष्ठ होता है जो सामने रखी वस्तु का प्रतिबिम्ब बनाता है।
8. गोलीय दर्पण– ऐसे दर्पण जिसका परार्वतक पृष्ठ गोलीय होता है, गोलीय दर्पण कहलाता है।
9. अवतल दर्पण– इसका परावर्तक पृष्ठ अन्दर की ओर धसा हुआ (वक्रित) होता है।
10. उत्तल दर्पण – इसका परावर्तक पृष्ठ बाहर की तरफ उभरा हुआ (वक्रित) होता है।
11. प्रकाश का अपवर्तन – जब प्रकाश की किरण एक माध्यम से दूसरे माध्यम में जाती है तो यह अपने मार्ग से विचलित हो जाती है। प्रकाश की किरण का अपने मार्ग से विचलित हो जाना प्रकाश का अपवर्तन कहलाता है।
12. अपवर्तन के नियम– (i) जब प्रकाश की किरण किन्हीं दो माध्यमों के सीमा तल पर तिरछी आपतित होती है तो आयतन कोण (i) त्रिज्या (Sine) तथा अपवर्तन कोण (r) त्रिज्या (Sine) का अनुपात एक नियतांक होता है। इसे स्नेल का प्रकाश का अपवर्तन का नियम कहते हैं।

(ii) आपतित किरण, अपवर्तित किरण तथा दोनों माध्यमों को पृथक करने वाले पृष्ठ के आयतन बिन्दु पर अभिलम्ब सभी एक तल में होते हैं।

13. लैंस– दो पृष्ठों से घिरा हुआ कोई पारदर्शी माध्यम जिसका एक या दोनों पृष्ठ गोलीय है, लैंस कहलाता है। लैंस की क्षमता का SI मात्रक डाइऑप्टर होता है।

<u>बहुचयनात्मक प्रश्न</u>

1 निम्न में से कौन सा पदार्थ लैंस बनाने के लिए प्रयुक्त नहीं किया जा सकता?

(क) जल (ख) काँच

(ग) प्लास्टिक (घ) मिट्टी ( )

2 प्रकाश का वेग न्यूनतम होता है–

(क) निर्वात में (ख) जल में

(ग) वायु में (घ) कांच में ( )

3 प्रकाश की किरणों के समूह को कहते हैं–

(क) प्रकाश स्त्रोत (ख) किरण पुंज

(ग) प्रदीप्त (घ) प्रकीर्णन ( )

4 दाढ़ी बनाने में कौन सा दर्पण प्रयुक्त होता है?

(क) समतल (ख) उत्तल

(ग) अवतल (घ) इनमें से कोई नहीं ( )

5 सरल सुक्ष्मदर्शी में किसका उपयोग होता है?

(क) अवतल दर्पण (ख) उत्तल दर्पण

(ग) अवतल लैंस (घ) उत्तल लैंस ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

a. प्रकाश की निर्वात में चाल तथा प्रकाश की माध्यम में चाल का अनुपात उस माध्यम का .... कहलाता है। (अपवर्तनांक/स्नेल का नियम)

b. किरणों को अभिसारित करने वाले लैंस को ..... कहते हैं। (अवतल/उत्तल)

c. उत्तल की फोकस दूरी ..... होती है। (धनात्मक/ऋणात्मक)

d. अवतल की फोकस दूरी ..... होती है। (धनात्मक/ऋणात्मक)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न

7 उस दर्पण का नाम बताइए जो बिम्ब सीधा तथा आवर्धित (बड़ा) प्रतिबिम्ब बना सके?

8 लैंस की क्षमता का SI मात्रक लिखिए?

9 प्रकाश का मार्ग किस प्रकार होता है?

10 किस दर्पण से हमेशा वस्तु से छोटा प्रतिबिम्ब प्राप्त होता है?

11 साइड मिरर के रूप में कौन सा लैंस प्रयुक्त होता है?

12 सरल सुक्ष्मदर्शी में किस लैंस का उपयोग होता है?

लघुत्तरात्मक प्रश्न

13 किसी कार का अग्रदीप (हैड लाइट) में प्रयुक्त दर्पण का प्रकार एवं इसके उपयोग का कारण लिखिए।

14 किसी वाहन का पार्श्व/पार्श्व दृश्य में प्रयुक्त दर्पण का प्रकार एवं इसके उपयोग का कारण लिखिए।

15 सौर भट्टी में प्रयुक्त दर्पण का प्रकार एवं इसके उपयोग का कारण दीजिए।

16 किसी गोलीय दर्पण की फोकस दूरी क्या होती है?

17 लैंस की क्षमता क्या है? इसका SI मात्रक क्या है?

निबन्धात्मक प्रश्न

18 प्रकाश का परावर्तन किसे कहते हैं? प्रकाश के परावर्तन के नियम लिखिए।

19 प्रकाश के अपवर्तन से आप क्या समझते हैं? प्रकाश के अपवर्तन के नियम लिखिए।

20 निम्न पर टिप्पणी लिखो–

(A) स्नेल का नियम (B) अपवर्तनांक

अध्याय–11

प्रकाश– मानव नेत्र तथा रंग बिरंगा संसार

पाठ सारांश :–

1. मानव नेत्र एक अत्यंत मूल्यवान एवं सुग्राही ज्ञानेन्द्रिय है। यह कैमरे की भांति कार्य करती है।
2. एक स्वस्थ्य व्यक्ति के लिए देखने की न्यूनतम दूरी 25 CM होती है और दूर देखने की दूरी अनन्त होती है।
3. मोतियाबिंद– कभी कभी अधिक उम्र के व्यक्तियों को क्रिस्टलीय लैंस पर एक धुंधली परत चढ जाती है जिससे लैंस दूधिया तथा धुंधला हो जाता है। इस स्थिति को मोतियाबिंद कहते हैं। इसे शल्य चिकित्सा के द्वारा दूर किया जा सकता है।
4. समंजन क्षमता– अभिनेत्र लैंस की वह क्षमता जिसके कारण वह अपनी फोकस दूरी का समायोजित कर लेता है, समंजन क्षमता कहलाती है।
5. दृष्टिदोष– कभी कभी नेत्र धीरे–धीरे अपनी समंजन क्षमता खो देते हैं। ऐसी स्थिति में व्यक्ति वस्तुओं को आराम से सुस्पष्ट नहीं देख पाते हैं। नेत्र में अपवर्तन दोषों के कारण दृष्टि धुंधली हो जाती है। इसे दृष्टिदोष कहते हैं।
6. दृष्टि दोष के प्रकार – (1) निकट दृष्टि दोष (2) दूर दृष्टि दोष (3) जरा दृष्टि दोष
7. प्रकाश का विक्षेपण – प्रकाश के अवयवी कणों में विभाजन को प्रकाश का विक्षेपण कहते हैं।
8. सूर्य के प्रकाश के वर्ण में वर्णक्रम निम्नानुसार दिखाई देते हैं –

(1) बैंगनी (2) जामुनी (3) नीला (4) हरा (5) पीला (6) नारंगी (7) लाल

<u>बहुचयनात्मक प्रश्न</u>

1 मानव नेत्र जिस भाग का किसी वस्तु का प्रतिबिम्ब बनाते हैं, वह है–

(क) कार्निया (ख) परितारिका

(ग) पुतली (घ) दृष्टिपटल या रेटिना ( )

2 सामान्य दृष्टि के वयस्क के लिए सुस्पष्ट दर्शन की अल्पतम (सबसे कम) दूरी होती है लगभग–

(क) 25 M (ख) 2.5 CM

(ग) 25 CM (घ) 2.5 M ( )

3 किसी माध्यम में छोटे–छोटे कणों के विलयन को कहा जाता है?

(क) कोलाइड (ख) पुंज

(ग) प्रकाश (घ) इनमें से कोई नहीं ( )

4 प्रिज्म से प्रकाश की कौन सी परिघटना घटती है?

(क) परावर्तन (ख) अपवर्तन

(ग) विक्षेपण (घ) इनमें से कोई नहीं ( )

5 निम्न में से किस दृष्टि दोष में नेत्र का क्रिस्टलीय लैंस धुंधला अपारदर्शी हो जाता है?

(क) निकट दृष्टि दोष (ख) दूर दृष्टि दोष

(ग) जरा दृष्टि दोष (घ) मोतियाबिंद ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

a. दूर दृष्टि दोष वाले व्यक्ति को ..... की वस्तु स्पष्ट दिखाई नहीं देती। (निकट / दूर)

b. मानव आँख में प्रतिबिम्ब ..... पर बनता है। (रेटीना / अभिनेत्र लैंस)

c. किसी सामान्य दृष्टि के लिए समंजन क्षमता लगभग ..... डाइऑप्टर होती है। (8 / 4)

d. चन्द्रमा पर खडे अंतरिक्ष यात्री को आकाश का रंग ..... दिखाई देता है।
(लाल / काला)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न

7 इन्द्रधनुष का बनना किस परिघटना पर आधारित है?

8 स्पेक्ट्रम प्राप्त करने के लिए किसका उपयोग किया जाता है?

9 श्वेत रंग कितने रंगो के मेल से बना होता है?

10 किसी सामान्य दृष्टि के लिए समंजन क्षमता लगभग कितनी होती है?

लघुत्तरात्मक प्रश्न

11 नेत्र की समंजन क्षमता से आप क्या समझते हैं?

12 मानव नेत्र की सामान्य दृष्टि के लिए दूर बिन्दु एवं निकट बिन्दु नेत्र से कितनी दूरी पर होते हैं?

13 तारे क्यों टिमटिमाते हैं?

14 मोतियाबिन्द क्या है? इसे कैसे दूर किया जा सकता है?

15 पुतली से नेत्र में प्रवेश करने वाले प्रकाश को पुतली कैसे नियंत्रित करती है?

16 प्रकाश का विक्षेपण क्या है?

17 प्रकाश का प्रकीर्णन क्या है?

18 हमारी दो आँखों की क्या उपयोगिता है?

निबन्धात्मक प्रश्न

19 मानव नेत्र का एक स्वच्छ एवं नामांकित चित्र बनाइए?

20 मानव नेत्र क्या है। इसका कार्यविधि एवं विभिन्न अंगो का वर्णन करो।

21 दृष्टि दोष क्या है? यह कितने प्रकार के होते हैं?

22 निम्न दृष्टि दोष के कारण व निवारण लिखिए।

(1) निकट दृष्टि दोष (2) दूर दृष्टि दोष (3) जरा दृष्टि दोष

अध्याय–12

विद्युत

पाठ सारांश :–

1. आवेशः–आवेश परमाणु का मूल कण होता है। यह धनात्मक भी हो सकता है और ऋणात्मक भी।
2. समान आवेश एक–दूसरे को प्रतिकर्षित करते है।
3. असमान आवेश एक दूसरे को आकर्षित करते हैं।
4. कूलॉम (C) आवेश का SI मात्रक है।
5. विद्युत धारा – आवेश के प्रवाहित होने की दर को विद्युत धारा कहते हैं।

   विद्युत धारा $= \frac{\text{आवेश}}{\text{समय}}, I = \frac{Q}{t}$
6. विद्युत धारा का SI मात्रक ऐम्पियर है।
7. विद्युत धारा को अमीटर द्वारा मापा जाता है।
8. विभवान्तर (V)– एकांश आवेश को एक बिन्दू से दूसरे बिन्दू तक लाने में किया गया कार्य विभातंर कहलाता है।
9. $V = \frac{W}{Q}$, इसका SI मात्रक वोल्ट (v) है।
10. ओम का नियम : किसी विद्युत परिपथ में धातु के तार के दोनों सिरों के बीच विभवांतर उसमें प्रवाहित V = IR, V- विभवांतर, I- विद्युत धारा एवं R- एक विद्युत धारा के समानुपाती होता है। परन्तु तार का तापमान समान रहना चाहिएं।
11. प्रतिरोध – यह चालक का वह गुण है जिसके कारण वह प्रवाहित होने वाली धारा का विरोध करता है। इसका SI मात्रक ओम (Ω) है।
12. धारा नियंत्रण– परिपथ में प्रतिरोध को परिवर्तित करने के लिए जिस युक्ति का उपयोग किया जाता है उसे धारा नियंत्रक कहते हैं।
13. प्रतिरोधकों का श्रेणीक्रम संयोजन :– जब दो या तीन प्रतिरोधकों को एक सिरे से दूसरे सिरा मिलाकर जोडा जाता है तो संयोजन श्रेणीक्रम संयोजन कहलाता है।



   श्रेणीक्रम में कुल प्रतिरोध –

   $Rs = R_1+R_2+R_3+ .....$
14. सामान्तर/पार्श्व क्रम संयोजित प्रतिरोधक :– पार्श्व क्रम/सामान्तर क्रम में प्रत्येक प्रतिरोधक के सिरो पर विभवान्तर उपयोग किए गए विभवान्तर के बराबर होता है तथा कुल धारा प्रत्येक व्यक्तिगत प्रतिरोधक में गुजरने वाली धाराओं को योग बराबर होती है।



समान्तर क्रम में कुल प्रतिरोध –

$$\frac{1}{Rs} = \frac{1}{R_1} + \frac{1}{R_2} + \frac{1}{R_3} + ...$$

15. विद्युत धारा का तापीय प्रभाव :– यदि विद्युत परिपथ विशुद्ध रूप से प्रतिरोधक है तो स्त्रोत की ऊर्जा पूर्ण रूप से ऊष्मा के रूप में क्षयित होती है इसे विद्युत धारा का तापीय प्रभाव कहते हैं।
ऊर्जा = शक्ति x ऊर्जा, $H = I^2Rt$

16. विद्युत शक्ति – ऊर्जा के उपभोग होने की दर को शक्ति कहते हैं।
$P = VI$ ..... $(V = IR)$
$P = 1^2R$
शक्ति का SI मात्रक = वाट (W) है।

17. ऊर्जा का व्यापारिक मात्रक = किलोवाट घंटा = 1 यूनिट
1 KWH विद्युत ऊर्जा की एक यूनिट होती है।

बहुचयनात्मक प्रश्न

1 विद्युत धारा का मात्रक होता है–
(क) वाट (W) (ख) वोल्ट वाट (V)
(ग) ओम वाट (Ω) (घ) ऐम्पियर (A) ( )

2 विद्युत प्रतिरोध का मात्रक है–
(क) ऐम्पियर (ख) वोल्ट
(ग) ओम (घ) वाट ( )

3 विभव का मात्रक है–
(क) ऐम्पियर (ख) वोल्ट
(ग) ओम (घ) वाट ( )

4 विद्युत शक्ति का मात्रक है–
(क) ऐम्पियर (ख) वोल्ट
(ग) ओम (घ) वाट ( )

5 आवेश का SI मात्रक है–
(क) वोल्ट (ख) ओम
(ग) जूल (घ) कूलॉम ( )

6 विद्युत बल्प का तंतु किस धातु का बना होता है?

(क) लोहा (ख) टंगस्टन

(ग) ताम्बा (घ) सोना ( )

7 बैटरी से किस प्रकार से धारा प्राप्त होती है?

(क) AC (ख) DC

(ग) AC और DC दोनों (घ) इसमें से कोई नहीं ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

a. विद्युत ऊर्जा का व्यापारिक मात्रक ..... है। (किलोवाट घण्टा/वाट)

b. विद्युत धारा मापने की युक्ति को ..... कहते हैं। (वोल्टमीटर/अमीटर)

c. विभवांतर मापने की युक्ति को ..... कहते हैं। (अमीटर/वोल्टमीटर)

d. किसी चालक में गतिशील इलेक्ट्रॉनों की धारा ..... कहलाती है। (विद्युत धारा/प्रतिरोध)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न

9 एक HP (अश्वशक्ति) बराबर कितना वाट होता है?

10 विद्युत धारा उत्पन्न करने की युक्ति का नाम लिखिए।

11 विद्युत चुम्बक बनाने में किसका प्रयोग होता है?

12 विद्युत हीटर की कुण्डली में किसका प्रयोग किया जाता है?

13 वोल्टमीटर को विद्युत परिपथ में किस क्रम में जोडा जाता है?

14 अमीटर को विद्युत परिपथ में किस क्रम में जोडा जाता है?

लघुत्तरात्मक प्रश्न

15 विद्युत धारा किसे कहते हैं? इसका SI मात्रक लिखिए।

16 विद्युत परिपथ किसे कहते हैं?

17 उस युक्ति का नाम लिखिए जो किसी चालक के सिरो पर विभवान्तर बनाए रखने में सहायता करती है?

18 विभवान्तर की परिभाषा लिखिए?

19 6 V बैटरी से गुजरने वाले हर एक कूलॉम आवेश को कितनी ऊर्जा दी जाती है?

20 किसी चालक का प्रतिरोध किन कारकों पर निर्भर करता है?

21 विद्युत लैम्पों के तन्तुओं के निर्माण में प्रायः (मिश्रण टंगस्टन) का ही उपयोग क्यों किया जाता है?

22 घरेलू परिपथों में श्रेणीक्रम संयोजन का उपयोग क्यों नहीं किया जाता है?

23 विद्युत संचारण के लिए प्रायः कॉपर तथा ऐलूमिनियम के तारों का उपयोग क्यों किया जाता है?

निबन्धात्मक प्रश्न

24 ओम का नियम लिखिए एवं ओम का नियम के अध्ययन के लिए विद्युत परिपथ का आरेख चित्र बनाइए।

25 श्रेणीक्रम संयोजन एवं समान्तर क्रम संयोजन विद्युत परिपथ में अन्तर स्पष्ट कीजिए?

26 निम्न पर टिप्पणी लिखिए–

(1) समान्तर क्रम संयोजन (2) श्रेणीक्रम संयोजन

अध्याय–13

विद्युत धारा के चुम्बकीय प्रभाव

पाठ सारांश :–

1. चुम्बक वह पदार्थ है जो लौह तथा लौहयुक्त वस्तुओं को अपनी तरफ आकर्षित करती है।
2. चुम्बकीय क्षेत्र– चुम्बक के चारों ओर का वह क्षेत्र जिसमें चुम्बक के बल का संसूचन किया जाता है। इसका SI मात्रक टेस्ला (Tesla) है।
3. प्रत्येक चुम्बक के दो ध्रुव होते हैं– उत्तरी ध्रुव व दक्षिणी ध्रुव।
4. चुम्बकीय क्षेत्र रेखाएं– क्षेत्रीय रेखाएं उत्तरी ध्रुव से प्रकट होती है तथा दक्षिणी ध्रुव पर विलीन हो जाती है।
5. दक्षिण (दायां) हस्त अंगुष्ठ नियम– कल्पना कीजिए कि आप अपने दाहिने हाथ में विद्युत धारावाही चालक को इस प्रकार पकडे हुए हो कि आपका अंगूठा विद्युत धारा की ओर संकेत करता हो तो आपकी अंगुलियां चालक के चारों ओर चुम्बकीय क्षेत्र की दिशा बताएगी।
6. परिनालिका– पास–पास लिपटे विद्युत रोधी ताम्बे के तार की बेलन की आकृति की अनेक फेरो वाली कुण्डली को परिनालिका कहते हैं।
7. फ्लेमिंग का वाम (बायां) हस्त नियम– अपने हाथ की तर्जनी, मध्यमा तथा अंगूठे को इस प्रकार फैलाइए ये तीनों एक–दूसरे के परस्पर लम्बवत हो। यदि तर्जनी चुम्बकीय क्षेत्र की दिशा और मध्यमा चालक में प्रवाहित धारा की दिशा की ओर संकेत करती है तो अंगूठा चालक की गति की दिशा या बल की दिशा की ओर संकेत करेगा।
8. मानव शरीर के हृदय व मस्तिष्क में महत्वपूर्ण चुम्बकीय क्षेत्र होता है।
9. गेल्वोनोमीटर– एक ऐसी युक्ति है जो परिपथ में विद्युत धारा की उपस्थिति संसूचित करता है। यह धारा की दिशा को भी संसूचित करता है।
10. वैद्युत चुम्बकीय प्रेरण– जब किसी चालक को परिवर्ती चुम्बकीय क्षेत्र में रखा जाता है तो चालक में विद्युत धारा प्रेरित होती है। यह धारा प्रेरित विद्युत धारा कहलाती है तथा यह परिघटना वैद्युत चुम्बकीय प्रेरण कहलाती है।
11. फ्लेमिंग दक्षिण (दायां) हस्त नियम– अपने दाहिने हाथ की तर्जन, मध्यमा तथा अंगूठे को इस प्रकार फैलाइए कि तीनों एक दूसरे के लम्बवत हो। यदि तर्जनी चुम्बकीय क्षेत्र की दिशा तथा अंगूठा चालक की दिशा की गति की ओर संकेत करता है तो मध्यमा चालक में प्रेरित विद्युत धारा की दिशा दर्शाती है।
12. प्रत्यावर्ती धारा (AC) : जो विद्युत धारा समान समय अन्तरालों के पश्चात अपनी दिशा परिवर्तित कर लेती है। वह प्रत्यावर्ती धारा कहलाती है।
13. दिष्टधारा (DC) : जो विद्युत धारा अपनी दिशा परिवर्तित नहीं करती, दिष्टधारा कहलाती है।
14. अपने घरों (भारत) में विद्युत्मय तार (लाल) तथा उदासीन तार (काला) के बीच 220 V का विभवान्तर होता है तथा विद्युत धारा की आकृति 50 Hz (हर्टज) होती है।
15. भू–सम्पर्क तार (हरा) : यह तीसरा तार भूमि में गहराई की धातु से संयोजित होता है जो हमें विद्युत आघात से बचाता है।
16. लघुपथन– (शॉट सर्किट) : जब अकस्मात विद्युत्मय तार व उदासीन तार दोनों सीधे सम्पर्क में आते हैं तो लघुपथन होता है।
17. अतिभारण– जब विद्युत तार की क्षमता से ज्यादा विद्युत धारा खींची जाती है तो अतिभारण पैदा करता है।

बहुचयनात्मक प्रश्न

1 विद्युत फ्यूज विद्युत धारा के किस सिद्धांत पर कार्य करता है?

(क) ऊष्मीण (ख) चुम्बकीय

(ग) रासायनिक (घ) इनमें से कोई नहीं ( )

2 विद्युत घंटी किस प्रभाव पर कार्य करती है?

(क) ऊष्मीय प्रभाव (ख) चुम्बकीय प्रभाव

(ग) रासायनिक प्रभाव (घ) इनमें से कोई नहीं ( )

3 विद्युत बल्ब में कौन सी गैस भरी रहती है?

(क) निर्वात रहता है (ख) वायु भरी रहती है

(ग) निष्क्रिय गैस भरी रहती है (घ) हाइड्रोजन गैस भरी रहती है ( )

4 भारत में उत्पादित प्रत्यावर्ती विद्युत धारा की आवृति होती है –

(क) 50 Hz (ख) 60 Hz

(ग) 70 Hz (घ) 80 Hz ( )

5 हमारे देश में विद्युन्मय तार (+) एवं उदासीन तार (-) के बीच कितना विभवान्तर होता है।

(क) 100 V (ख) 200 V

(ग) 220 V (घ) 240 V ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

a. विद्युत धारा का मात्रक ..... होता है। (वाट/ऐम्पीयर)

b. किसी परिनालिका से सभी बिन्दुओं पर चुम्बकीय क्षेत्र ..... होता है। (समान/असमान)

c. जब विद्युन्मय तार एवं उदासीन तार दोनों सीधे सम्पर्क में आते हैं तो ..... हो जाता है। (अतिभारण/लघुपथन)

d. ..... में यात्रिक ऊर्जा का विद्युत ऊर्जा में रूपान्तरण होता है। (विद्युत जनित्र/विद्युत मोटर)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न

7 विद्युत जनित्र (डायनेमो) किस सिद्धांत पर कार्य करता है?

8 विद्युत चुम्बकीय प्रेरण की खोज किसने की थी?

9 किसी छड चुम्बक के अन्दर चुम्बकीय क्षेत्र रेखाओं की दिशा क्या होती है?

10 जल विद्युत संयंत्र किस ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में रूपान्तरित करता है?

लघुत्तरात्मक प्रश्न (उत्तर शब्द सीमा 30 शब्द)

11 दिष्टधारा के कुछ स्त्रोतों के नाम लिखिए।

12 प्रत्यावर्ती धारा उत्पन्न करने वाले स्त्रोतों के नाम लिखिए।

13 विद्युत परिपथों तथा साधित्रों (साधनों) में सामान्यतः उपयोग होने वाले दो सुरक्षा उपायों के नाम लिखिए।

14 चुम्बकीय क्षेत्र के तीन स्त्रोतों के नाम लिखिए।

15 किसी विद्युत परिपथ में लघुपथन कब होता है?

16 चुम्बक के निकट लाने पर दिकसूचक की सुई विक्षेपित क्यों हो जाती है?

17 किसी छड चुम्बक के चारों ओर चुम्बकीय क्षेत्र रेखाएं खींचिए।

18 किसी कुण्डली में विद्युत धारा प्रेरित करने के दो उपाय लिखिए।

19 वैद्युत चुम्बकीय प्रेरण से आप क्या समझते हैं?

निबन्धात्मक प्रश्न

20 विद्युत मोटर का नामांकित आरेख खींचिए? इसका कार्य विधि एवं सिद्धांत क्या है?

21 विद्युत जनित्र का नामांकित आरेख खींचिए? इसकी कार्य विधि एवं सिद्धांत क्या है?

22 घरेलू विद्युत परिपथों में अतिभारण से बचाव के लिए क्या सावधानियां बरतनी चाहिए?

23 निम्न पर टिप्पणी लिखिए :–

(1) दाएं हाथ के अंगूठे का नियम

(2) फ्लेमिंग के बांये हाथ का नियम

(3) फ्लेमिंग के दांये हाथ का नियम

अध्याय–14

ऊर्जा के स्त्रोत

रांश :–

1. ऊर्जा के विभिन्न रूप है तथा ऊर्जा को एक रूप से दूसरे में परिवर्तित किया जा सकता है।
2. ऊर्जा की आवश्यकता –
   - A. खाना बनाने में
   - B. प्रकाश उत्पन्न करने में
   - C. यातायात के लिए
   - D. मशीन चलाने के लिए
   - E. उद्योगों एवं कृषि कार्य में
3. उत्तम ऊर्जा के लक्षण–
   - सस्ता एवं सरलता से प्राप्त हो
   - भण्डारण एवं परिवहन में आसान हो
   - प्रयोग करने में आसान एवं सुरक्षित हो
   - प्रतिएकांक द्रव्यमान, अधिक कार्य करें।
4. ऊर्जा के पारम्परिक स्त्रोत – ऊर्जा के वे स्त्रोत जो जन साधारण द्वारा वर्षों से प्रयोग किए जाते हैं, ऊर्जा के पारम्परिक स्त्रोत कहलाते हैं। जैसे :–
   - a. जीवाश्म ईंधन– कोयला, पेट्रोलियम
   - b. जैव मात्रा (बायोमास)– लकडी, गोबर के उपले
   - c. बायो गैस
   - d. पवन ऊर्जा
   - e. जल विद्युत संयंत्र
   - f. तापीय विद्युत संयंत्र
5. ऊर्जा के गैर परम्परागत/वैकल्पिक स्त्रोत–
   - a. सौर ऊर्जा– सौर कुकर, सौर जलतापक, सौर सैल
   - b. समुद्री ऊर्जा– ज्वारीय ऊर्जा, तरंग ऊर्जा, महासागरीय तापीय ऊर्जा
   - c. भूपातीय ऊर्जा
   - d. नाभिकीय ऊर्जा– नाभिकीय विखण्डन, नाभिकीय संलयन
6. प्राप्ति के आधार पर ऊर्जा स्त्रोत –
   1. नवीकरण ऊर्जा स्त्रोत– पवन ऊर्जा, जल ऊर्जा
   2. अनवीकरण ऊर्जा स्त्रोत– जीवाश्म ईंधन (कोयला, पेट्रोलियम)

<u>बहुचयनात्मक प्रश्न</u>

1 निम्नलिखित में से कौन जैवमात्रा ऊर्जा का उदाहरण नहीं है?

(क) लकडी (ख) गौबर के उपले

(ग) नाभिकीय ऊर्जा (घ) गोबर गैस ( )

2 ऊर्जा का सबसे अधिक प्रत्यक्ष एवं विशाल स्त्रोत क्या है?

(क) कोयला (ख) बिजली

(ग) सूर्य (घ) परमाणु बम ( )

3 पवन विद्युत जनित्र में पवन की चाल कम से कम कितनी होनी चाहिए?

(क) 15 KM/h (ख) 150 KM/h

(ग) 1.5 KM/h (घ) 1500 KM/h ( )

4 सौर ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करती है–

(क) सौर उष्मक (ख) सौर कुकर

(ग) सौर सेल (घ) विद्युत मोटर ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

a. CNG एक ..... ईंधन है। (अस्वच्छ / स्वच्छ)
b. जल विद्युत शक्ति ..... ऊर्जा का स्त्रोत है। (नवीकरण / अनवीकरण)
c. जैव गैस में 75 प्रतिशत तक ..... गैस है। (मिथेन / CO_2)
d. सौर कुकर में ..... ऊष्मा को कुकर से बाहर नहीं जाने देती । (लौहे की प्लेट / कांच की प्लेट)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न

6 पवनों का देश किसे कहते हैं?

7 भारत का पवन ऊर्जा द्वारा विद्युत उत्पादन करने वाले देशों में कौन सा स्थान है?

8 सौर सेल बनाने के लिए किसका उपयोग किया जाता है?

9 हाइड्रोजन बम किस अभिक्रिया पर आधारित है?

10 नाभिकीय विखण्डन को नियंत्रित करने के लिए किसका उपयोग होता है?

लघुत्तरात्मक प्रश्न

11 विद्युत संयंत्र एवं राज्यों का मिलान कीजिए।

	(A) **विद्युत संयंत्र**	(B) **राज्य**
1.	तारापुर	कर्नाटक
2.	राणा प्रताप सागर	गुजरात
3.	कलपक्कम	महाराष्ट्र
4.	नरौरा	राजस्थान
5.	काकरापार	तमिलनाडू
6.	कैगा	उत्तर प्रदेश

13 ऊर्जा के पारम्परिक स्त्रोतों के नाम लिखिए।

14 निम्न का विस्तारित रूप (पूरा नाम) लिखिए।

(A) LPG (B) CNG

15 भूतापीय ऊर्जा क्या होती है?

16 नाभिकीय ऊर्जा का क्या महत्व है?

<u>निबन्धात्मक प्रश्न</u>

17 ऊर्जा के आदर्श स्त्रोत में क्या गुण होने चाहिए?

या

उत्तम ऊर्जा के लक्षण लिखिए।

18 ऊर्जा की खपत कम करने के उपाय लिखिए।

19 निम्न पर टिप्पणी लिखिए :–

(1) अनवीकरण ऊर्जा स्त्रोत/समाप्य ऊर्जा स्त्रोत

(2) नवीकरण ऊर्जा स्त्रोत/अक्षय ऊर्जा स्त्रोत

अध्याय–15

हमारा पर्यावरण

पाठ सारांश :–

1. पर्यावरण का मतलब वह सभी चीजों होती है जो हमें घेरे रहती हैं। सभी जैविक एवं अजैविक घटक शामिल हैं।
2. जैविक घटक– सभी संजीव घटक जैसे पौधे, जानवर, सुक्ष्मजीव, फंफूदी, आदि मिलकर जैविक घटक बनाते हैं।
3. अजैविक घटक– सभी निर्जीव घटक जैसे हवा, पानी, भूमि, प्रकाश और तापमान आदि मिलकर अजैविक घटक बनाते हैं।
4. पारितंत्र – एक क्षेत्र के सभी जैविक और अजैविक घटक मिलकर एक पारितंत्र का निर्माण करते हैं। इसलिए एक पारितंत्र जैविक (जीवित जीव) व अजैविक घटक जैसे तापमान, वर्षा, वायु, मृदा, आदि से मिलकर बनता है।
5. पारितंत्र के प्रकार –

1. प्राकृतिक पारितंत्र– जंगल, सागर, झील
2. मानव निर्मित पारितंत्र – खेत, जलाशय,

6. जीवन निर्वाह (आहार) के आधार पर जैविक घटकों को तीन वर्गो में बांटा है :–

1. उत्पादक– हरे पौधे
2. उपभोक्ता– जानवर, मनुष्य
3. अपघटक– जीवाणु फूंफूद

7. आहार श्रृंखला – जीवों की वह श्रृंखला जिसके प्रत्येक चरण में एक पोषी स्तर का निर्माण करते हैं जिसमें जीव एक दूसरे का आहार करते हैं। इस प्रकार विभिन्न जैविक स्तरों पर भाग लेने वाले जीवों की इस श्रृंखला को आधार श्रृंखला कहते हैं– जैसे हरे पौधे–हिरण–बाघ
8. जैव संवर्धन– आहार श्रृंखला में हानिकारक रसायनों की मात्रा में एक पोषी स्तर से दूसरे पोषी स्तर में जाने पर वृद्धि होती है। इसे जैव संवर्धन कहते हैं।
9. आहार जाल– कई आहार श्रृंखलाओं में जीव कई बार अन्य आहार श्रृंखला के जीवों को भी अपना आहार बनाते हैं। इस प्रकार एक शाखान्वित श्रृंखलाओं का जाल बनता है। इसे ही आहार जाल कहा जाता है।
10. कचरा प्रबंधन– कचरे में निम्न पदार्थ होते हैं :–

1. जैव निम्नीकरण पदार्थ– पदार्थ जो सूक्ष्मजीवों के कारण छोटे घटकों में बदल जाते हैं। उदाहरण फल तथा सब्जियों के छिलके, सूती कपडा, जूट, कागज आदि।
2. जैव अनिम्नीकरण पदार्थ– पदार्थ जो सूक्ष्मजीवों के कारण घटकों में परिवर्तित नहीं होते हैं। उदाहरण प्लास्टिक, पॉलिथीन, संश्लेषित रेशे, धातु, रेडियो एक्टिव अपशिष्ट आदि।

<u>बहुचयनात्मक प्रश्न</u>

1 निम्न में से कौन आहार श्रृंखला का निर्माण करते हैं?

(क) घास, गेहूं तथा आम (ख) घास, बकरी तथा मानव

(ग) बकरी, गाय तथा हाथी (घ) घास, मछली तथा बकरी ( )

2 हरे पौधे होते हैं–

(क) उत्पादक (ख) अपघटक

(ग) उपभोक्ता (घ) आहार श्रृंखला ( )

3 मृत शरीर को पचाने वाले जीवों को कहते हैं?

(क) उत्पादक (ख) अपघटक जीव

(ग) स्वपोषी (घ) परपोषी ( )

4 चिपको आन्दोलन का मुख्य उद्देश्य संरक्षित करना था?

(क) मिट्टी को (ख) वृक्षों को

(ग) जल को (घ) बिजली को ( )

5 सूर्य के द्वारा निकली हुई पराबैंगनी किरणे कहां अवशोषित होती हैं?

(क) क्षोभ परत में (ख) आयन परत में

(ग) ओजोन परत में (घ) बर्हि परत में ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

a. D.D.T ..... निम्नीकरण प्रदूषण है। (जैव/अजैव)
b. जन्तु, पौधै तथा सूक्ष्मजीव वातावरण के ..... घटक हैं। (जैविक/अजैविक)
c. वनों के कटने से ..... अपरदन होता है। (मृदा/जल)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न

7 CFC का पूरा नाम लिखो।

8 पर्यावरण मुख्य रूप से कितने घटकों का बना होता है?

9 UNEP का पूरा नाम लिखिए।

लघुत्तरात्मक प्रश्न (उत्तर शब्द सीमा 30 शब्द)

10 जैव आवर्धन क्या है?

11 क्या होगा यदि हम एक पोषी स्तर के सभी जीवों को समाप्त कर दें (मार डाले)?

12 पोषी स्तर क्या है? एक आहार श्रृंखला का उदाहरण दीजिए।

13 आप कचरा निपटान की समस्या कम करने में क्या योगदान कर सकते हैं? किन्हीं दो तरीकों को वर्णन कीजिए।

निबन्धात्मक प्रश्न (उत्तर शब्द सीमा 100 शब्द)

14 पारितंत्र में अपमार्जक की क्या भूमिका/महत्व है?

15 निम्न पर टिप्पणी लिखिए :–

(1) जैव निम्नीकरण पदार्थ

(2) अजैव निम्नीकरण पदार्थ

अध्याय–16

प्राकृतिक संसाधनों का संपोषित प्रबंधन

पाठ सारांश :–

1. प्राकृतिक संसाधन– वे संसाधन जो हमें प्रकृति ने दिए हैं और जीवों के द्वारा इस्तेमाल किए जाते हैं जैसे– मिट्टी, वायु, जल, कोयला, पेट्रोलियम, वन्य जीवन, वन आदि।
2. प्राकृतिक संसाधन के दो प्रकार दिये है – 1. समाप्य (अनवीकरण) संसाधन– कोयला, पेट्रोलियम 2. असमाप्य (नवीकरण) संसाधन–वायु।
3. पर्यावरण को बचाने के लिए तीन प्रकार के R का प्रयोग किया जाता है।
   R – Reduce (कम उपयोग)
   R – Recycle (पुनःचक्रण)
   R – Reuse (पुनः उपयोग)
4. जैव विविधता– जैव विविधता किसी एक क्षेत्र में पाये जाने वाली विविध प्रजातियों की संख्या है जैसे पुष्पीपादप, पक्षी, कीट, सरीसृप, जीवाणु आदि।
5. गंगा कार्य योजना (GAP)– इसे सन 1985 में गंगा स्तर सुधारने के लिए यह योजना बनाई गई।
6. जल की गुणवत्ता या प्रदूषण मापने हेतु कुछ कारक हैं :–

1. जल का PH (स्वच्छ जल का PH = 7)
2. जल में कोलिफार्म जीवाणु (जो मानव की आंत में पाया जाता है) की उपस्थिति जल का संदूषित होना दिखाता है।

<u>बहुचयनात्मक प्रश्न</u>

1 विश्व में कितने प्रतिशत भाग में जल पाया जाता है?

(क) 50 % (ख) 60 %

(ग) 70 % (घ) 90 % ( )

2 जल दिवस कब मनाया जाता है?

(क) 20 मार्च को (ख) 23 मार्च को

(ग) 20 अप्रैल को (घ) 23 अप्रैल को ( )

3 चिपको आन्दोलन के अग्रणी नेता कौन थे?

(क) सुन्दर लाल बहुगुण (ख) ए.के. बनर्जी

(ग) अमृता देवी विश्नोई (घ) बाबा आम्टे ( )

4 पर्यावरण दिवस किस दिन मनाया जाता है?

(क) 8 अक्टूबर (ख) 5 जून

(ग) 17 नवम्बर (घ) 1 मई ( )

5 पर्यावरण को बचाने के लिए तीन प्रकार के R का प्रयोग किया जाता है, वे हैं–

(क) Reduce, Recycle, Reuse (ख) Repeat, Reverse, Recycle

(ग) Repeat, Resort, Recycle (घ) Repeat, Resort, Restore( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

a. अमृता देवी विश्नोई का संबंध ..... वृक्ष के संरक्षण से है। (आम/खेजडी)
b. पृथ्वी का तापमान बढने का मुख्य कारण ..... का हस्तक्षेप करना है। (मानक/पशु)
c. गंगा क्रियात्मक योजना (GAP) गंगा नदी पर सन् ..... में प्रारम्भ हुई। (1985/1970)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न

7 कोलिफार्म जीवाणु मनुष्य के शरीर में कहां पाया जाता है?

8 जैव विविधता के नष्ट होने से क्या प्रभाव हो सकता है?

9 कोयला तथा पेट्रोलियम के दहन से कौन–कौन सी विषैली गैस निकलती है?

लघुत्तरात्मक प्रश्न

10 दो अनवीकरण ऊर्जा स्त्रोतों के नाम लिखिए।

11 दो नवीकरण ऊर्जा स्त्रोतों के नाम लिखिए।

12 प्राकृतिक संसाधन किसे कहते हैं?

13 जैव विविधता किसे कहते हैं?

14 वन संरक्षण के लिए कुछ उपाय सुझाइए।

निबन्धात्मक प्रश्न

15 अपने घर को पर्यावरण मित्र बनाने के लिए आप अपनी आदतों में कौन–कौन से परिवर्तन सुझा सकते हैं?

माध्यमिक (मूक–बधिर) परीक्षा

प्रश्न बैंक

कक्षा–10

विषय : सामाजिक विज्ञान

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा अधिकृत प्रश्न बैंक

संयोजक

श्री भरत जोशी

प्रधानाचार्य

रा.से.आ.पोद्दार बधिर उ.मा. संस्थान, जयपुर

सह संयोजकः

श्रीमती सुष्मिता गिल

वरिष्ठ अध्यापक (गणित)

रा.से.आ.पोद्दार बधिर उ.मा. संस्थान, जयपुर

लेखकः

सतीश शर्मा ,

वरिष्ठ अध्यापक (विशेष शिक्षा–सा. वि.)

हरिओम जैमन,

वरिष्ठ अध्यापक (विशेष शिक्षा–सा. वि.)

रा.से.आ.पोद्दार बधिर उ.मा. संस्थान, जयपुर

2021–22

प्रकाशक :

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

पाठ्यक्रम 2021–22

कक्षा–10

सामाजिक विज्ञान

विषय कोड–08

इस विषय की परीक्षा योजना निम्नानुसार है–				
प्रश्नपत्र	समय(घंटे)	प्रश्नपत्र के लिए अंक	सत्रांक	पूर्णांक
एकपत्र	4:15	80	20	100

No.	Units	Marks
I	भारत और समकालीन विश्व –II India and the Contemporary World-II	20
II	समकालीन भारत–2 Contemporary India-II	20
III	लोकतांत्रिक राजनीत–2 Democratic Politics-II	20
IV	आर्थिक विकास की समझा Understanding Economic Development	20
	Total	80

इकाई–1. भारत और समकालीन विश्व–।।

खंण्ड–1. घटनाएँ और प्रक्रियाए

1. यूरोप में राष्ट्रवाद का उदय

(1) फ्रांसीसी क्रांति और राष्ट्र का विचार (2) यूरोप में राष्ट्रवाद का निर्माण (3) क्रांतियों का युग 1830–1848 (4)जर्मनी और इटली का निर्माण (5) राष्ट्र की दृश्य–कल्पना (6) राष्ट्रवाद और साम्राज्यवाद

2. भारत में राष्ट्रवाद

(1) प्रथम विश्व युद्ध, खिलाफत और असहयोग (2) आंदोलन के भीतर अलग–अलग धाराएँ (3) सविनय अवज्ञा की ओर (4) सामूहिक अपनेपन का भाव।

भाग––2 जीविका अर्थव्यवस्था एवं समाज– निग्नलिखित में से कोर्ड एक विषय

3. भूमण्डलीकृत विश्व का बनना

(1) आधुनिक युग से पहले (2) उन्नीसवीं शताब्दी (1815–1914) (3) महायुद्धों के बीच अर्थव्यवस्था (4) विश्व अर्थव्यवस्था का पुनर्निर्माण–युद्धोत्तर काल ।

4. औद्योगीकरण का युग

(1) औद्योगिक क्रांति से पहले (2) हाथ का श्रम और भाष शक्ति (3) उपनिवेशों में औद्योगीकरण (4) कारखानों का आना (5) औद्योगिक विकास की अनूठापन (6) वस्तुओं के लिए बाजार।

भाग–3. दौनिक जीवन संस्कृति और राजनीति

5. मुद्रण संस्कृति और आधुनिक दुनिया

(1) शुरूआती मुद्रित पुस्तकें (2) यूरोप में मुद्रण का आना (3) मुद्रण क्रांति और इसका प्रभाव (4) पढ़ने का उन्माद (5) उन्नीसवीं शताब्दी 6) भारत और मुद्रण संसार (7) धार्मिक सुधार और सार्वजनिक बहसें (8) प्रकाशन के नए रूप (9) मुद्रण और प्रतिबन्ध

इकाई–2. समकालीन भारत–2

1. संसाधन और विकास

(1) संसाधनों के प्रकार (2) संसाधनों का विकास (3) भारत में संसाधन नियोजन (4) भूमि संसाधन (5) भूमि उपयोग (6) भारत में भूमि उपयोग प्रारूप (7) भूमि निम्नीकरण और संरक्षण उपाय (8) मृदा संसाधन (9) मृदा का वर्गीकरण (0) मृदा अपरदन और संरक्षण

2. वन और वन्य जीव संसाधन

(1) भारत में जेव विविधता (2) भारत में वनस्पति और जीव लुप्त हो रहे वन (3) एशियाई चीते कहाँ गए? (4) हिमालयी यव संकट में (5) भारत में वन और वन्य जीवन का संरक्षण (6) प्रोजेक्ट टाइगर (7) वनों और वन्यजीव संसाधनों के प्रकार और वितरण (8) समुदाय और संरक्षण

3. जल संसाधन

(1) जल की कमी और जल संरक्षण और प्रबंधन की आवश्यकता (2) बहुउद्देश्यीय नदी परियोजनाएं और एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन (3) वर्षा जल संग्रहण।

नोटः अध्याय जल संसाधन के सैद्धांतिक पहलू का यूल्याकन केवल आवधिक परीक्षणों में किया जाएगा ओर बोर्ड परीक्षा में मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। तथापि गानवित्र सूची में दिए गए इस अध्याय के मानचित्र यों का मूल्यांकन बोर्ड परीक्षा में किया जाएगा।

4. कृषि

(1) कृषि के प्रकार (2) फसल प्रारूप (3) प्रमुख फसलें (4) प्रौद्योगिकी और संस्थागत सुधार (5) कृषि पर वैश्वीकरण का प्रभाव

मॉडल पेपर– 2021–22

कक्षा– 10

विषयः सामाजिक विज्ञान

समय 4.15 घंटे **पूर्णांक 80**

नोटः प्र.सं. 1 से 05 वस्तुनिष्ठ प्रश्न प्रत्येक 1 अंक, प्रश्न संख्या 06 से 08 रिक्त स्थान पूर्ति प्रत्येक 1 अंक, प्रश्न संख्या 09 से 16 अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न 3 अंक, प्रश्न संख्या 17 से 22 लघुत्तरात्मक प्रश्न 4 अंक, प्रश्न संख्या 23 से 26 बिन्धात्मक प्रश्न प्रत्येक प्रश्न 6 अंक

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. राष्ट्रवाद का प्रारम्भ जिस देश में हुआ, वह है–

   (अ) जर्मनी (ब) फ्रांस

   (स) इंग्लैण्ड (द) इटली ( )

2. पंजाब केसरी का प्रकाशन किसने किया–

   (अ) बाल गंगाधर तिलक (ब) महात्मा गाँधी

   (स) रविन्द्र नाथ टैगोर (द) भगत सिंह ( )

3. निम्न में से किस वर्ष राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी अधिनियम लागु किया गया–

   (अ) 2004 (ब) 2008

   (स) 2005 (द) 2009 ( )

4. सवेतन छुट्टी का प्रावधान किस क्षेत्रक में हेाता है–

   (अ) असंगठित क्षेत्रक (ब) संगठित क्षेत्रक

   (स) ग्रामीण क्षेत्रक (द) इनमें से कोई नहीं ( )

5. निम्न में से कौनसी आर्थिक गतिविधियाँ तृतीयक क्षेत्रक में नहीं आती है–

   (अ) बैंकिंग (ब) मधुमक्खी पालन

   (स) अध्यापन (द) परिवहन ( )

   रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

6. सन् 1815 में ..... सन्धि हुई। (इटली/वियना)

7. फ्रांस की जुलाई क्रांन्ति ..... में हुई। (1830/1820

8. प्राथमिक क्षेत्रक को ..... क्षेत्रक भी कहा जाता है। (कृषि/सेवा)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न –

9. 'इंकलाब जिन्दाबाद' का नारा किसने दिया?

10. 'संवाद कौमुदी' का प्रकाशन कब और किसने किया?

11. बेल्जियम और श्रीलंका में कौनसी शासन व्यवस्था है?

12. लोकतान्त्रिक सुधार क्या है?

13. भारत में सबसे अधिक कौनसी मृदा पाई जाती है?

14. वायु परिवहन का राष्ट्रीयकरण कब किया गया?

15. मानव विकास सूचकांक की गणना किस संगठन के द्वारा की जाती है?

16. राज्य स्तरीय अदालतों में कितनी राशि तक के मुकदमों की सुनवाई हेाती है?

लघुत्तरात्मक प्रश्न–

17. पूर्व औद्योगिकीकरण का मतलब बताइये?

18. भारत में धर्मनिरपेक्ष राज्य से आप क्या समझते है?

19. राजनीतिक दल के कोई चार कार्य लिखिए?

20. जल दुर्लभता क्या है और इसके मुख्य कारण क्या है?

21. लौह अयस्क की तीन प्रमुख पेटियों का उल्लेख कीजिए।

22. वैश्वीकरण से आप क्या समझते है? स्पष्ट कीजिए।

निबन्धात्मक प्रश्न

23. महामन्दी के कारणों की व्याख्या कीजिए।

अथवा

ब्रेटन बुड़स का समापन एवं वैश्वीकरण की शुरूआत पर प्रकाश डालिए।

24. लोकतन्त्र कितने प्रकार का हेाता है? समझाइये।

अथवा

सामाजिक अन्तर कब और कैसे सामाजिक विभाजनों का रूप ले लेता है?

25. भारत के मानचित्र में गेहूँ उत्पादन क्षेत्र दर्शाइये?

1. पंजाब 2. हरियाणा 3. उत्तरप्रदेश 4. मध्यप्रदेश 5. राजस्थान 6. बिहार

अथवा

भारत के मानचित्र में वस्त्र उद्योग क्षेत्र दर्शाइये?

1. बैंगलूर 2. कानपुर 3. लुधियाना 4. जयपुर 5. अहमदाबाद 6. मुम्बई

26. विकास में ऋण की भूमिका का विश्लेषण कीजिए?

अथवा

न्याय पाने के लिए उपभोक्ता को कहाँ जाना चाहिये? वर्णन कीजिए।

आर्थिक विकास की समझ

अनुक्रमणिका

अध्याय	विवरण (पाठ का नाम)	पृष्ठ संख्या
01	विकास	
02	भारतीय अर्थव्यवस्था के क्षेत्रक	
03	मुद्रा और साख	
04	वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था	
05	उपभोक्ता अधिकार	

आर्थिक विकास की समझ

समाजिक विज्ञान

पाठ–1

विकास

पाठ का सारांश :– इस पाठ में हम अध्ययन करेंगे कि लोग वास्तव में विकास की अवधारणा को कैसे समझते हैं और इसका मापन कैसे किया जा सकता है। विकास को समझने में कुछ महत्वपूर्ण विकास संकेतक कहाँ तक सहायक है और विकास प्रक्रिया अलग–अलग लोगों को कैसे अलग–अलग रूप में प्रभावित कर सकती है। विकास के कई पहलू हैं। इस अध्याय का उद्देश्य विद्यार्थियों को यह समझाना है कि लोगों की विकास के बारे में अलग–अलग धारणाएँ हैं और ऐसे उपाय हैं जिनके द्वारा हम विकास के समूहिक सूचकांकों को जान सकते हैं। इस अध्याय में विद्यार्थी अध्ययन करेंगे कि देशों और राज्यों की तुलना कुछ चयनित विकास सूचकांकों के आधार पर कैसे की जा सकती है। आर्थिक विकास को मापा जा सकता है और आय इसे मापने की एक विधि है। इसके कुछ दोष भी हैं। इसलिए हमें जीवन की गुणवत्ता और पर्यावरण की धारणीयता जैसे नये सूचकांकों के प्रयोग करने की आवश्यकता है। इस अध्याय में कुछ शब्दों का प्रयोग किया गया है। जैसे :– प्रतिव्यक्ति आय, साक्षरता दर, शिशु मृत्यु दर, उपस्थिति दर और मानव विकास सूचकांक इनका विस्तार से अध्ययन करेंगे।

<u>वस्तुनिष्ठ प्रश्न</u>

1 भारत में किस राज्य में शिशु मृत्यु दर सबसे कम है?

(अ) केरल (ब) बिहार
(स) उत्तर प्रदेश (द) पंजाब ( )

2 सामान्यतः किसी देश का विकास किस आधार पर निर्धारित किया जा सकता है?

(अ) प्रति व्यक्ति आय (ब) लोगों की स्वास्थ्य स्थिति
(स) औसत साक्षरता स्तर (द) उपरोक्त सभी ( )

3 निम्नलिखित पड़ोसी देशों में से मानव विकास के लिहाज से किस देश की स्थिति भारत से बेहतर है?

(अ) बांग्लादेश (ब) श्रीलंका
(स) नेपाल (द) पाकिस्तान ( )

<u>रिक्त स्थान की पूर्ति वाले प्रश्न</u>

4 भूमिगत जल ..... साधन का उदाहरण है। (नवीकरणीय / गैर नवीकरणीय)

5 सर्वाधिक मानव विकास सूचकांक वाला ..... राज्य है। (पंजाब / केरल)

6 ..... गैर नवीकरणीय संसाधन है। (वन / खनिज तेल)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न

7 मानव विकास सूचकांक की गणना किस संगठन के द्वारा की जाती है।

8 गैर नवीकरणीय संसाधन किसे कहते हैं।

9 अन्य राज्यों की अपेक्षा केरल में शिशु मृत्यु दर कम क्यों है?

लघुत्तरात्मक प्रश्न

10 एक विकासशील और विकसित देश की मुख्य विशेषताएं क्या होती हैं?

11 विकास क्या होता है? विकास के दो पहलू क्या हैं?

12 सार्वजनिक वितरण प्रणाली क्या है। इसके दो लाभों का वर्णन कीजिए?

निबन्धात्मक प्रश्न

13 धारणीयता का विषय विकास के लिए क्यों महत्वपूर्ण है।

पाठ – 2

भारतीय अर्थव्यवस्था के क्षेत्रक

पाठ का सारांश :– किसी अर्थव्यवस्था को हम सही ढंग से तभी समझ सकते हैं जब इसके क्षेत्रों का अध्ययन करते हैं। इस अध्याय में उस तरीके का अध्ययन करेंगे जिसके तहत आधुनिक अर्थव्यवस्था में आर्थिक गतिविधियों के वर्गीकरण तथा प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक क्षेत्र कों के ढांचे में समझा जा सकता है। यहाँ चर्चा तीनों क्षेत्रकों में हुए परिवर्तन के फलस्वरूप भारतीय अर्थव्यवस्था के बदलते स्वरूप पर केन्द्रित है। इसके अलावा आर्थिक गतिविधियों के वर्गीकरण के दो अन्य रूपों– संगठित एवं असंगठित और सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रकों के बारे में अध्ययन करेंगे। क्षेत्रकों की बदलती भूमिका पर विशेष बल देना आवश्यक है। इस अध्याय में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय आय, रोजगार के बारे में बताया जायेगा। किसी व्यक्ति के कार्य को कैसे प्रथमिक, द्वितीयक या तृतीयक संगठित या असंगठित और सार्वजनिक या निजी क्षेत्रक में रखा जा सकता है। इस अध्याय में बेरोजगारी और उसके निराकरण के लिए सरकार क्या कर सकती है, के बारे में चर्चा करेंगे। अधिकांश लोग असंगठित क्षेत्रक में काम कर रहे हैं और उनके लिए संरक्षण अनिवार्य है। हम सार्वजनिक और निजी क्षेत्रकों की गतिविधियों के बीच अंतर का अध्ययन करेंगे और देखेंगे कि सार्वजनिक गतिविधियों को कुछ निश्चित क्षेत्रों पर केन्द्रित करना अनिवार्य क्यों है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1 निम्न में से किस वर्ष राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम लागू किया गया।

(अ) 2004 (ब) 2008
(स) 2005 (द) 2009 ( )

2 निम्न में से कौस–सी आर्थिक गतिविधियां तृतीयक क्षेत्रक में नहीं आती हैं।

(अ) बैंकिंग (ब) मधुमक्खी पालन
(स) अध्यापन (द) परिवहन ( )

3 सवेतन छुट्टी का प्रावधान किस क्षेत्रक में होता है।

(अ) असंगठित क्षेत्र (ब) संगठित क्षेत्र
(स) ग्रामीण क्षेत्रक (द) इनमें से कोई नहीं ( )

रिक्त स्थान की पूर्ति वाले प्रश्न

4 प्राथमिक क्षेत्रक को ..... क्षेत्रक भी कहा जाता है। (कृषि / सेवा)

5 संगठित क्षेत्रक में वे उद्यम अथवा कार्यस्थान आते हैं जहाँ रोजगार की अवधि ..... होती है। (अनियमित / नियमित)

6 सार्वजनिक क्षेत्रक में परिसंपत्तियों पर ..... का स्वामित्व होता है।

(सरकार / एकल व्यक्ति)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न

7 सेवा क्षेत्रक में शामिल गतिविधियों के दो उदाहरण दीजिए।

8 प्रच्छन्न बेरोजगारी को किस अन्य नाम से भी जाना जाता है।

9 सार्वजनिक व निजी क्षेत्रक किस आधार पर विभाजित है।

लघुत्तरात्मक प्रश्न

10 सार्वजनिक व निजी क्षेत्रक में अंतर स्पष्ट कीजिए।

11 राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 के तीन प्रावधान बताइए।

12 सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) किसे कहते हैं? भारत में इसे नापने का कार्य किस संगठन द्वारा किया जाता है।

निबन्धात्मक प्रश्न

13 संगठित और असंगठित क्षेत्र कों में रोजगार की परिस्थितियों की तुलना कीजिए।

पाठ – 3

मुद्रा और साख

पाठ का सारांश :– इस अध्याय में हम मुद्रा के आधुनिक रूपों और बैंकिंग प्रणाली से इसके संबंधों की चर्चा करेंगे। एक तरफ जमाकर्ता अपना धन बैंकों में रखते हैं। दूसरी तरफ कर्जदार बैंकों से ऋण लेते हैं। आर्थिक गतिविधियों के लिए ऋण की जरूरत होती है। ऋण के सकारात्मक प्रभाव हो सकते हैं या कुछ परिस्थितियों में वे कर्जदार की स्थिति और बदतर कर सकते हैं। ऋण विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त होता है। ये औपचारिक और अनौपचारिक दोनों तरह के स्त्रोत हो सकते हैं। वर्तमान में अमीर परिवार औपचारिक स्त्रोतों से ऋण लेते हैं, जबकि गरीबों को भी अनौपचारिक स्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता है। बैंकों और सहकारी समितियों से गरीबों को मिलने वाले औपचारिक ऋण का हिस्सा बढ़ना चाहिए। इस अध्याय में चर्चा करेंगे कि मुद्रा स्टॉक, जनता के पास करेंसी तथा बैंकों में इनकी मांग– जमाओं से मिलकर बनता है।

साख आर्थिक जीवन का एक महत्वपूर्ण तत्व है। किसी भी साख व्यवस्था में किन पहलुओं को देखा जाता है तथा इसका लोगों पर क्या असर होता है। साख सभी के लिए उपलब्ध हो। खासतौर से गरीबों के लिए और यथोचित शर्तों पर यह लोगों का अधिकार है। इसके बिना इस वर्ग का बड़ा हिस्सा विकास प्रक्रिया से बाहर रह जाएगा।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1 निम्नलिखित में से करेंसी मुद्रा का रूप है।

(अ) सबसे पुराना (ब) आधुनिक
(स) दोनो क और ख (द) उपरोक्त में से कोई नहीं ( )

2 सिक्कों के प्रयोग से पहले निम्न में से कौन सी वस्तु का मुद्रा के रूप में प्रयोग किया जाता है।

(अ) अनाज (ब) मकान
(स) खेत (द) दुकान ( )

3 निम्न में से बांग्लादेश ग्रामीण बैंक से कर्ज लेने वाले अधिकांश कौन हैं।

(अ) पुरूष (ब) महिलाएं
(स) वरिष्ठ नागरिक (द) ये सभी ( )

रिक्त स्थान की पूर्ति वाले प्रश्न

4 ..... परिवारों की ऋण की अधिकांश जरूरतें, अनौपचारिक स्त्रोतों से पूरी होती है। (शहरी/ग्रामीण)

5 बैंक ..... पर देने वाले ब्याज से ऋण पर अधिक ब्याज लेते हैं। (जमा/निकासी)

6 महाजन ब्याज की दरें बहुत ..... रखते हैं। (नीची/ऊंची)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न

7 बैंक अपने पास कितना नकद कोष रखते हैं।

8 मुद्रा को विनिमय का माध्यम क्यों कहा जाता है?

9 आत्मनिर्भर समूहों में बचत व ऋण संबंधित निर्णय कौन लेता है।

लघुत्तरात्मक प्रश्न

10 रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया क्या–क्या कार्य करता है?

11 हमें भारत में ऋण के औपचारिक स्त्रोतों को बढाने की क्यों जरूरत है?

12 क्या कारण है कि बैंक कुछ कर्जदारों को कर्ज देने के लिए तैयार नहीं होते?

निबन्धात्मक प्रश्न

13 विकास में ऋण की भूमिका का विश्लेषण कीजिए।

पाठ – 4

वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

पाठ का सारांश :– इस अध्याय में हम वैश्वीकरण की वर्तमान अवस्था का अध्ययन करेंगे। वैश्वीकरण विभिन्न देशों के लिए बीच तीव्र एकीकरण की प्रक्रिया है। यह अधिकाधिक विदेशी निवेश और विदेश व्यापार के द्वारा संभव हो रहा है। बहुराष्ट्रीय कम्पनियां वैश्वीकरण की प्रक्रिया में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। अधिक से अधिक बहुराष्ट्रीय कम्पनियां विश्व के उन स्थानों को खोज कर रही है, जो उनके उत्पादन के लिए ज्यादा सस्ते हो। देशों के बीच उत्पादन को संगठित करने में प्रौद्योगिकी विशेषकर सूचना प्रौद्योगिकी ने एक बडी भूमिका निभायी है। साथ ही व्यापार और निवेश के उदारीकरण ने व्यापार और निवेश अवरोधकों को हटाकर वैश्वीकरण को सुगम बनाया है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्व व्यापार संगठन ने व्यापार और निवेश के उदारीकरण के लिए विकासशील देशों पर दबाव डाला है।

जबकि वैश्वीकरण से धनी उपभोक्ता और कुशल, शिक्षित एवं धनी उत्पादक ही लाभान्वित हुए हैं, परन्तु बढ़ती प्रतिस्पर्धा से अनेक छोटे उत्पादक और श्रमिक प्रभावित हुए हैं। न्यायसंगत वैश्वीकरण सभी के लिए अवसरों का सृजन करेगा और यह भी सुनिश्चित करेगा कि वैश्वीकरण के लाभों में सभी की बेहतर हिस्सेदारी हो।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1 वैश्वीकरण ने जीवन स्तर के सुधार में सहायता पहुंचाई है।

(अ) सभी लोगों को (ब) विकसित देशों के लोगों को
(स) विकासशील देशों के श्रमिकों को (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं ( )

2 फोर्ड ने 1700 करोड़ रूपये की लागत से अपना संयंत्र कहाँ स्थापित किया?

(अ) मुम्बई (ब) कोलकाता
(स) कानपुर (द) चेन्नई ( )

3 भारत में नई आर्थिक नीति कब लागू की गई?

(अ) 1991 में (ब) 2000 में
(स) 2008 में (द) 1989 में ( )

रिक्त स्थान की पूर्ति वाले प्रश्न

4 विश्व के लगभग ..... देश विश्व व्यापार संगठन के सदस्य हैं। (164 / 160)

5 विश्व व्यापार संगठन का ध्येय अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को ..... बनाना है।
(कठोर / उदार)

6 ..... को वैश्वीकरण से सबसे कम लाभ हुआ है। (कृषि क्षेत्रक / उद्योग)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न

7 विदेशी व्यापार किनके बीच होता है?

8 एक कम्पनी जो एक से अधिक देशों में उत्पादन पर नियंत्रण अथवा स्वामित्व रखती है, क्या कहलाती है?

9 व्यापार अवरोधक का एक उदाहरण दीजिए।

लघुत्तरात्मक प्रश्न

10 वैश्वीकरण से आप क्या समझते हैं? स्पष्ट कीजिए।

11 श्रम कानूनों में लचीलापन कम्पनियों को कैसे मदद करेगा?

12 उदारीकरण तथा वैश्वीकरण की नीति अपनाने के फलस्वरूप भारत में कौन–कौन से मुख्य परिवर्तन आए हैं?

निबन्धात्मक प्रश्न

13 विश्व व्यापार संगठन क्या है? इसके क्या कार्य हैं? क्या यह वास्तव में अपने कार्यों को पूरा कर रहा है।

पाठ – 5

उपभोक्ता अधिकार

पाठ का सारांश :– इस अध्याय में यह अध्ययन करेंगे कि कैसे और किस सीमा तक उपभोक्ता के रूप में नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा कर सकते हैं। तीव्र विकास की प्रक्रिया एवं नये ब्रांडो के उदय और अनैतिक उत्पादकों के विज्ञापन अभियानों के युग में उपभोक्ता ही भ्रष्ट व्यवसाय का शिकार होता है। उपभोक्ता आन्दोलनों की ऐतिहासिकता की पहचान के साथ वास्तविक जीवन के अनेक दृष्टांतों के माध्यम से यह अध्याय वर्षों से विकसित विभिन्न किफायती उपभोक्ता संरक्षण क्रिया विधियों की चर्चा करता है। इस अध्याय में हम जानेगे कि कष्टप्रद, खर्चीली और अधिक समय लेने वाली वर्तमान न्यायिक प्रक्रिया से अलग हटकर संचालित विशेष उपभोक्ता अदालतों से लोग कैसे अत्यन्त कम खर्च कर अपने अधिकारों का दावा कर सकते हैं। यह अध्याय हमारे देश में बाजार की कार्यविधि के संदर्भ में उपभोक्ता अधिकारों के मुद्दे पर विचार करता है। बाजार में असमान स्थितियों के बहुत पहलू हैं इसलिए नये उपभोक्ताओं को वास्तविकता से परिचित कराने और उपभोक्ता आन्दोलन में भाग लेने हेतु उन्हें प्रोत्साहित करने की जरूरत है। नये उपभोक्ताओं को उपभोक्ता के रूप में सावधान व जानकार नागरिक बनाना है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1 भारत में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है।

(अ) 24 दिसम्बर (ब) 21 दिसम्बर
(स) 25 दिसम्बर (द) 22 दिसम्बर ( )

2 जिला स्तर की अदालतों में कितनी राशि तक के मुकदमों की सुनवाई होती है।

(अ) 10 लाख रूपये तक (ब) 20 लाख रूपये तक
(स) 1 करोड़ रूपये तक (द) 1 करोड़ रूपये से अधिक ( )

3 कोपरा (COPRA) का अर्थ किससे है।

(अ) सभी के लिए समान कार्यक्रम (ब) सभी उपभोक्ताओं का संरक्षण
(स) उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम (द) भ्रष्टाचार रोकने वाला प्राधिकरण ( )

रिक्त स्थान की पूर्ति वाले प्रश्न

4 ..... में भारतीय संसद ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम पारित किया था। (1986/1980)

5 सूचना पाने का अधिकार (RTI)..... में लागू किया। (2002/2005)

6 ..... के दशक में उपभोक्ता आन्दोलन का उदय व्यवस्थित रूप में हुआ। (1960/1970)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न

7 राज्य स्तरीय अदालतों में कितनी राशि तक के मुकदमों की सुनवाई होती है?

8 संयुक्त राष्ट्र ने उपभोक्ता सुरक्षा के लिए दिशा–निर्देशों को कब अपनाया?

9 उत्पादक के घटकों की विस्तृत जानकारी किसके द्वारा सुनिश्चित की जाती है?

लघुत्तरात्मक प्रश्न

10 उपभोक्ता सुरक्षिा अधिनियम, 1986 के निर्माण की जरूरत क्यों पड़ी?

11 उपभोक्ता के अधिकार बताइये।

12 आरटीआई (RTI) ''सूचना का अधिकार'' से क्या अर्थ है।

निबन्धात्मक प्रश्न

13 न्याय पाने के लिए उपभोक्ता को कहॉ जाना चाहिए? वर्णन कीजिए।

समकालीन भारत

अनुक्रमणिका

अध्याय	विवरण (पाठ का नाम)	पृष्ठ संख्या
01	संसाधन एवं विकास	
02	वन एवं वन्य जीव संसाधन	
03	जल संसाधन	
04	कृषि	
05	खनिज तथा ऊर्जा संसाधन	
06	विनिर्माण उद्योग	
07	राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखाएँ	

समाजिक विज्ञान (भूगोल)

समकालीन भारत–2

पाठ–1

संसाधन एवं विकास

पाठ का सारांश :– इस अध्याय में हम संसाधन एवं विकास के बारे में अध्ययन करेंगे। संसाधन मानवीय क्रियाओं का परिणाम है। मानव स्वयं संसाधनों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्यार्वरण में उपलब्ध वस्तुओं की रूपांतरण प्रक्रिया प्रकृति, प्रौद्योगिकी और संस्थाओं के पारस्परिक क्रियात्मक संबंध में निहित है। अपने आर्थिक विकास की गति तेज करने के लिए संस्थाओं का निर्माण करते हैं। इस अध्याय में संसाधनों के वर्गीकरण, उत्पत्ति, समाप्यता, स्वामित्व, विकास के आधार पर करेंगे। संसाधन मनुष्य के जीवनयापन के साथ जीवन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। ये प्रकृति की देन है। संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए राष्ट्रीय प्रांतीय, स्थानीय स्तर पर संतुलित संसाधन नियोजन जरूरी है। विभिन्न स्तरों पर संसाधों का संरक्षण आवश्यक है। भूमि एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है। मानव कार्यकलापों के कारण भूमि का निम्नीकरण हो रहा है। वनारोपण एवं चारागाहों का उचित प्रबंधन से इसको कम किया जा सकता है। इस अध्याय में हम मृदा संसाधन तथा मृदाओं के वर्गीकरण के बारे में जानेंगे। मृदा सबसे महत्वपूर्ण नवीकरण योग्य प्राकृतिक संसाधन है। हम मृदा अपरदन (मृदा का कटाव व बहाव) व उसके संरक्षण के बारे में अध्ययन करेंगे।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1 लौह अयस्क किस प्रकार का संसाधन है।

(अ) नवीकरण योग्य (ब) प्रवाह
(स) जैव (द) अनवीकरण योग्य ( )

2 पंजाब में भूमि निम्नीकरण का निम्नलिखित में से मुख्य कारण क्या है?

(अ) गहन खेती (ब) अधिक सिंचाई
(स) वनोन्मूलन (द) अति पशुचारण ( )

3 निम्नलिखित में से किस प्रांत में सीढ़ीदार (सोपानी) खेती की जाती है।

(अ) पंजाब (ब) उत्तर प्रदेश के मैदान
(स) हरियाणा (द) उत्तराखण्ड ( )

रिक्त स्थान की पूर्ति वाले प्रश्न

4 वे संसाधन जो निर्जीव वस्तुओं से बने है ..... संसाधन कहलाते हैं। (जैव/अजैव)

5 प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय पृथ्वी सम्मेलन ..... में हुआ। (1992/1994)

6 भूमि एक महत्वपूर्ण ..... संसाधन है। (प्राकृतिक/कृत्रिम)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न

7 भारत में सबसे अधिक कौनसी मृदा पाई जाती है।

8 ऐसी दो मानवीय क्रियाएं लिखिए? जिनके द्वारा भूमि का निम्नीकरण होता है।

9 पृथ्वी सम्मेलन 1992 का मुख्य उद्देश्य क्या था?

10 मृदा निर्माण की प्रक्रिया में किन्ही दो महत्वपूर्ण कारण लिखिए।

लघुत्तरात्मक प्रश्न

11 तीन राज्यों के नाम बताइए जहां काली मृदा पाई जाती है। इस पर मुख्य रूप से कौन–सी फसल उगाई जाती है।

12 पहाड़ी क्षेत्रों में मृदा अपरदन की रोकथाम के लिए क्या कदम उठाने चाहिए?

13 जैव और अजैव संसाधन क्या होते हैं? कुछ उदाहरण दीजिए।

निबन्धात्मक प्रश्न

14 भारत में पाई जाने वाली मृदाओं का वर्णन कीजिए।

पाठ – 2

वन एवं वन्यजीव संसाधन

पाठ का सारांश :– इस अध्याय में वन एवं वन्य जीव संसाधन के बारे में अध्ययन करेंगे। भारत जैव विविधता के संदर्भ में विश्व के सबसे समृद्ध देशों में से एक है। इन संसाधनों का दैनिक जीवन में बडा महत्व है। इस अध्याय में हम विभिन्न प्रकार के पौधे और प्राणियों की जातियों जैसे सामान्य जातियाँ, संकटग्रस्त, सुभेध, दुर्लभ, स्थानिक, लुप्त जातियों के बारे में अध्ययन करेंगे। हमने किस प्रकार प्रकृति को संसाधनों में परिवर्तित कर दिया है। हमें बहुत सारी वस्तुएं वनों और वन्य जीवन से प्राप्त होती हैं। वन्य जीवन और वनों में तेज गति से हो रहे हास के कारण इनका संरक्षण बहुत जरूरी है। भारतीय वन्यजीवन (रक्षण) अधिनियम 1972 में लागू किया गया। इस कार्यक्रम के तहत बची हुई जातियों के बचाव पर शिकार प्रतिबंधन पर, वन्यजीव आवासों का कानूनी रक्षण, जंगली जीवों के व्यापार पर रोक लगाने पर जोर दिया। विभिन्न बाघ परियोजनाएं शुरू की गई। इनका उद्देश्य बाघ संरक्षण के साथ बड़े आकार के जैवजाति को भी बचाना है। वन और वन्य जीव संसाधनों को संरक्षित करना चाहें तो उनका प्रबंधन व नियंत्रण कठिन है। वनों को तीन वर्गो– आरक्षित वन, रक्षित वन तथा अवर्गीकृत वन में बांटा गया है। कुछ क्षेत्रों में स्थानीय समुदाय वन्य जीवों के आवास स्थलों के संरक्षण में जुटे हैं। वनों व वन्य जीवों के संरक्षण के लिए हिमालय में प्रसिद्ध चिपको आन्दोलन व टिहरी में किसानों का बीज बचाओ आन्दोलन चलाया गया।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1 सुन्दरवन राष्ट्रीय पार्क किस राज्य में स्थित है।

(अ) पश्चिम बंगाल (ब) असम
(स) गुजरात (द) त्रिपुरा ( )

2 निम्नलिखित में से कौन स्थानिक जाति का उदाहरण है।

(अ) एशियाई हाथी (ब) निकोबारी कबूतर
(स) नीली भेड़ (द) एशियाई चीता ( )

3 निम्नलिखित में से किस राज्य में सर्वाधिक स्थायी वन क्षेत्र हैं।

(अ) केरल (ब) बिहार
(स) उत्तर प्रदेश (द) मध्यप्रदेश ( )

रिक्त स्थान की पूर्ति वाले प्रश्न

4 पेरियार बाघ रिजर्व ..... राज्य में स्थित है। (केरल/कर्नाटक)

5 भारतीय वन्य जीवन (रक्षण) अधिनियम ..... लागू किया गया। (1970/1972)

6 ..... राज्य ने सर्वप्रथम संयुक्त वन प्रबंधन का प्रस्ताव रखा? (उड़ीसा/पंजाब)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न

7 सामान्य जातियां किसे कहते हैं।

8 संकटग्रस्त जातियों के दो उदाहरण बताइये।

9 बीज बचाओ अन्दोलन क्या था?

10 अवर्गीकृत वन किसे कहते हैं।

लघुत्तरात्मक प्रश्न

11 भारत में वनों को कितने भागों में वर्गीकृत किया गया है।

12 संयुक्त वन प्रबंधन कार्यक्रम की तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

13 बाघ परियोजना पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

निबन्धात्मक प्रश्न

14 मानव क्रियाएं किस प्रकार प्राकृतिक वनस्पतिजात और प्राणिजात के हास के कारक हैं? स्पष्ट कीजिए।

पाठ – 3

जल संसाधन

पाठ का सारांश :– इस अध्याय में जल संसाधन के बारे में अध्ययन करेंगे। तीन चौथाई धरातल जल से ढका हुआ है। जल एक नवीकरण योग्य संसाधन है। जल के विशाल भण्डार हैं फिर भी जल की दुर्लभता है। जल दुर्लभता बढती जनसंख्या और जल की बढती मांग उसके असमान वितरण का परिणाम है। उद्योगों की बढती हुई संख्या के कारण अलवणीय जल संसाधनों पर दबाव बढ रहा है। शहरों में जल संसाधनों का अति शोषण हो रहा है। हमें अपने जल संसाधनों का संरक्षण और प्रबंधन की आवश्यकता है। बांध जल संरक्षण और प्रबंधन में सहायक है। बाँधों को बहुउद्देशीय परियोजनाएं भी कहा जाता है। बांधों को आधुनिक भारत का मंदिर कहा गया था।

इस अध्याय में वर्षा जल संग्रहण के अनेक तरीके बताए गये हैं। पहाडी और पर्वतीय क्षेत्रों में लोगों ने गुल अथवा कुल, राजस्थान में पीने का जल एकत्रित करने के लिए छत वर्षा जल संग्रहण का तरीका अपनाया था। अर्धशुष्क और शुष्क क्षेत्रों में पीने का पानी संग्रहित करने के लिए भूमिगत टैंक अथवा टांका हुआ करते थे। टांका में वर्षा जल अगली वर्षा ऋतु तक संग्रहित किया जा सकता है। पश्चिमी राजस्थान में छत वर्षा जल संग्रहण की रीति इंदिरा गांधी नहर से उपलब्ध पेयजल के कारण कम होती जा रही है। तमिलनाडु एक ऐसा राज्य है, जहां पूरे राज्य में हर घर में छत वर्षा जल संग्रहण ढांचों का बनाना आवश्यक कर दिया गया है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1 इनमें से किसने बांधों को आधुनिक भारत का मंदिर कहा?

(अ) राजेन्द्र प्रसाद (ब) जवाहर लाल नेहरू
(स) सरदार पटेल (द) गांधी जी ( )

2 सरदार सरोवर बांध गुजरात में किस नदी पर बनाया गया है।

(अ) नर्मदा (ब) कृष्णा
(स) गोदावरी (द) महानदी ( )

3 राजस्थान में छत वर्षा जल संग्रहण को कहा जाता है।

(अ) टांका (ब) खादीन
(स) गुल अथवा कुल (द) जल वाहिकाएं ( )

रिक्त स्थान की पूर्ति वाले प्रश्न

4 नर्मदा बचाओ आन्दोलन एक ..... संगठन है। (सरकारी/गैर सरकारी)

5 भारत में कुल विद्युत का लगभग ..... प्रतिशत भाग जल विद्युत से प्राप्त होता है।
(22/25)

6 सतलुज व्यास बेसिन में ..... परियोजना जल विद्युत उत्पादन व सिंचाई के काम आती है।
(हीराकुण्ड/भाखडा–नांगल)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न

7 ''गुल अथवा कुल'' क्या है।

8 ''खादीन'' और ''जोहड'' क्या है?

9 भारत के ऐसे क्षेत्र का उदाहरण दे जहां पर्याप्त मात्रा में वर्षा होती है फिर भी जल की कमी है।

10 ऐसा कौनसा राज्य है जहां हर घर में छत वर्षा जल संग्रहण ढांचा का बनाना अनिवार्य है।

लघुत्तरात्मक प्रश्न

11 जल दुर्लभता क्या है और इसके मुख्य कारण क्या हैं?

12 वर्षा जल संग्रहण क्या है। भारत के विभिन्न भागों में वर्षा जल संग्रहण की कोई दो विधियां बताइए।

13 व्याख्या करे कि जल किस प्रकार नवीकरण योग्य संसाधन है?

निबन्धात्मक प्रश्न

14 बहुउद्देशीय परियोजनाओं से होने वाले लाभ और हानियां बताइए?

पाठ – 4

कृषि

पाठ का सारांश :– इस अध्याय में हम कृषि के विभिन्न प्रकारों के बारे में अध्ययन करेंगे। कृषि की दृष्टि से भारत एक महत्वपूर्ण देश है। कृषि एक प्राथमिक क्रिया है। यह खाद्यान्न के साथ उद्योगों के लिए कच्चा माल भी पैदा करती है। कृषि हमारे देश की प्राचीन आर्थिक क्रिया है। हम विद्यार्थियों को कृषि के प्रकार जैसे–प्रारंभिक जीविका निर्वाह कृषि इसमें किसान जमीन के टुकडे साफ करके परिवार के भरण पोषण के लिए खाद्य फसलें उगाते हैं। गहन जीविका कृषि जहां भूमि पर जनसंख्या का दबाव अधिक होता है। वाणिज्यिक कृषि में उच्च पैदावार प्राप्त करना है। भारत में रबी फसल, खरीफ फसल व जायद फसल बोई जाती हैं। भारत में विभिन्न प्रकार की खाद्य और अखाद्य फसलें उगाई जाती हैं। जैसे– चावल, गेहूं व मोटे अनाज में बाजरा, मक्का, दालें तथा अन्य खाद्य फसलें गन्ना, तिलहन, चाय, कॉफी तथा बागवानी फसलें (फल व सब्जी), अखाद्य फसलें रबड तथा रेशेदार फसलें जैसे कपास, जूट, सन और प्राकृतिक रेशम आदि फसलें उगाई जाती हैं। प्रौद्योगिकी और संस्थागत परिवर्तन के अभाव में भूमि संसाधन के प्रयोग से कृषि का विकास रूक जाता है। सरकार ने कई प्रकार के कृषि सुधारों की शुरूआत की। कृषि की राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था, रोजगार और उत्पादन में योगदान होता है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1 निम्नलिखित में से कौनसी फसल रेशेदार फसल नहीं है।

(अ) कपास (ब) रबड
(स) जूट (द) सन ( )

2 इनमें से कौनसी रबी फसल है।

(अ) चावल (ब) मोटे अनाज
(स) चना (द) कपास ( )

3 इनमें से कौनसी एक फलीदार फसल है।

(अ) दालें (ब) मोटे अनाज
(स) ज्वार (द) तिल ( )

रिक्त स्थान की पूर्ति वाले प्रश्न

4 भारत गन्ने का ..... सबसे बडा उत्पादक देश है। (दूसरा/तीसरा)

5 भारत में ..... शस्य ऋतुएं हैं? (चार/तीन)

6 गेहूं, जौ, मटर, चना और सरसों ..... फसलें हैं। (रबी/खरीफ)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न

7 किस फसल को सुनहरा रेशा कहा जाता है।

8 भारत में दाल उत्पादक राज्यों के नाम बताइये।

9 भारत की चार खरीफ फसलों के नाम लिखिए।

10 भारत के प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्य कौनसे हैं।

लघुत्तरात्मक प्रश्न

11 भारत में गेहूं की खेती की किन्हीं चार विशेषताओं को बताइए।

12 सरकार द्वारा किसानों के हित में किए गये संस्थागत सुधारों के बारे में लिखिए।

13 गन्ने की खेती के लिए कैसी भौगोलिक दशाएं होनी चाहिए।

निबन्धात्मक प्रश्न

14 चावल की खेती के लिए उपयुक्त भौगोलिक परिस्थितियों का वर्णन कीजिए।

पाठ – 5

खनिज तथा ऊर्जा संसाधन

पाठ का सारांश :– इस अध्याय में हम खनिज तथा ऊर्जा संसाधन के बारे में अध्ययन करेंगे। खनिज हमारे जीवन के अनिवार्य भाग है। एक छोटी सुई से लेकर बडी इमारत, रेल्वे लाइन, सडक के पत्थर, औजार मशीनें, कारें, बसें, रेलगाड़ियां, हवाई जहाज सभी खनिजों से निर्मित है। खनिजों के बिना जीवन प्रक्रिया नहीं चल सकती। खनिज एक प्राकृतिक रूप से विद्यमान समरूप तत्व है जिसकी एक निश्चित आंतरिक संरचना है। खनिज प्रकृति में अनेक रूपों में पाये जाते हैं। खनिज अयस्कों में पाये जाते हैं। खनिज आग्नेय, कायांतरित, अवसादी, चट्टानों में मिलते हैं। सामान्य व व्यापारिक उद्देश्य हेतु खनिजों का वर्गीकरण किया गया है। खनिजों के तीन प्रकार धात्विक खनिज, अधात्विक व ऊर्जा खनिज है। धात्विक खनिजों में लौह धातु जिसमें लौह अयस्क, मैगनीज, निकल व कोबाल्ट तथा अलौह में तांबा, सीसा, जस्ता व बॉक्साइट तथा बहुमूल्य खनिज में सोना, चांदी, प्लेटिनम आदि। अधात्विक खनिज जैसे अभ्रक, नमक, पोटाश, सल्फर, चूना पत्थर, संगमरमर होते हैं तथा ऊर्जा खनिज में कोयला, पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस होते हैं। खनिजों का संरक्षण भी आवश्यक है।

विद्युत भी एक नवीकरण योग्य संसाधन है। अनेक बहुउद्देशीय परियोजनाएं हैं जो विद्युत ऊर्जा उत्पन्न करती है। ऊर्जा के गैर परम्परागत साधन जैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, ज्वारीय ऊर्जा, जैविक ऊर्जा तथा अवशिष्ट पदार्थ जनित ऊर्जा के उपयोग की बहुत आवश्यकता है। आखिरकार 'ऊर्जा' की बचत ही ऊर्जा उत्पादन है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1 झारखण्ड में स्थित कोडरमा निम्न में से किस खनिज का अग्रणी उत्पादक है।

(अ) बॉक्साइट (ब) अभ्रक
(स) लौह अयस्क (द) तांबा ( )

2 निम्नलिखित चट्टानों में से किस चट्टान के स्तरों में खनिजों का निक्षेपण और संचयन होता है।

(अ) तलछटी चट्टानें (ब) कायांतरित चट्टानें
(स) आग्नेय चट्टानें (द) इनमें से कोई नहीं ( )

3 मोनाजाइट रेत में निम्नलिखित में से कौनसा खनिज पाया जाता है।

(अ) खनिज तेल (ब) यूरेनियम
(स) थोरियम (द) कोयला ( )

रिक्त स्थान की पूर्ति वाले प्रश्न

4 मयूरभंज और क्योंझर लौह अयस्क की खानें ..... में स्थित है। (कनार्टक/उड़ीसा)

5 उड़ीसा भारत का सबसे बड़ा ..... उत्पादक राज्य है। (बॉक्साइट/अभ्रक)

6 सबसे कठोर खनिज ..... है। (हीरा/लोहा)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न

7 ऊर्जा के गैर परंपरागत साधन कौन–कौन से हैं।

8 चूना पत्थर किस उद्योग का आधारभूत कच्चा माल है।

9 लौह अयस्क की सर्वोत्तम किस्म कौन सी है।

10 मैंगनीज का उपयोग क्या–क्या बनाने में किया जाता है।

लघुत्तरात्मक प्रश्न

11 लौह अयस्क की तीन प्रमुख पेटियों का उल्लेख कीजिए।

12 लौह और अलौह खनिज में अंतर स्पष्ट कीजिए।

13 हमें खनिजों के संरक्षण की क्यों आवश्यकता है।

निबन्धात्मक प्रश्न

14 भारत में सौर ऊर्जा का भविष्य उज्ज्वल है, क्यों?

पाठ – 6

विनिर्माण उद्योग

पाठ का सारांश :– इस अध्याय में विद्यार्थियों को विनिर्माण उद्योग के बारे में जानकारी दी जायेगी। कच्चे पदार्थ को मूल्यवान उत्पाद में परिवर्तित कर अधिक मात्रा में वस्तुओं के उत्पादन को विनिर्माण कहा जाता है। जैसे कागज लकडी से, चीनी गन्ने से निर्मित है। इस अध्याय में द्वितीयक क्रियाओं के अन्तर्गत विनिर्माण उद्योग के विषय में पढेंगे। किसी देश की आर्थिक उन्नति विनिर्माण उद्योगों के विकास से मापी जाती है। विनिर्माण उद्योग विकास के लिए महत्वपूर्ण समझे जाते हैं। ये कृषि पर हमारी निर्भरता को कम करते हैं। कृषि तथा उद्योग एक दूसरे के पूरक है। विनिर्माण उद्योग के विकास से कृषि उत्पादन को बढावा के साथ उत्पादन प्रक्रिया सक्षम होती है। राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में उद्योगों का योगदान महत्वपूर्ण है। विनिर्माण उद्योग की स्थापना के लिए वही स्थान उपयुक्त है जहां श्रमिक, पूंजी, शक्ति के साधन, बाजार की उपलब्धता हो। उद्योगों का वर्गीकरण किया गया है। (1) प्रयुक्त कच्चे माल के स्त्रोत के आधार पर जिसमें कृषि आधारित तथा खनिज आधारित (2) प्रमुख भूमिका के आधार पर जिसमें आधारभूत उद्योग तथा उपभोक्ता उद्योग (3) पूंजी निवेश के आधार पर (4) स्वामित्व के आधार पर जैसे सार्वजनिक, निजी क्षेत्र व संयुक्त उद्योग शामिल है।

रसायन उद्योग, उर्वरक उद्योग, सीमेंट उद्योग, मोटरगाडी उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रॉनिक उद्योग आदि की भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। बढते उद्योगों के कारण वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, तापीय प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण हो रहा है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1 निम्न में से कौनसा उद्योग चूना पत्थर को कच्चे माल के रूप में प्रयुक्त करता है।

(अ) एल्युमिनियम (ब) प्लास्टिक
(स) सीमेंट (द) मोटरगाड़ी ( )

2 निम्न में से कौनसी एजेंसी सार्वजनिक क्षेत्र में स्टील को बाजार में उपलब्ध कराती है।

(अ) हेल (HAIL) (ब) सेल (SAIL)
(स) टाटा स्टील (द) एमएनसीसी (MNCC) ( )

3 निम्न में से कौनसा उद्योग दूरभाष कम्प्यूटर आदि संयंत्र निर्मित करते हैं।

(अ) स्टील (ब) एल्युमिनियम प्रगलन
(स) इलेक्ट्रॉनिक (द) सूचना प्रौद्योगिकी ( )

रिक्त स्थान की पूर्ति वाले प्रश्न

4 भारत का चीनी उत्पादन में विश्व में ..... स्थान है। (पहला/दूसरा)

5 पहला सीमेंट उद्योग सन् 1904 में ..... में लगाया गया था। (चेन्नई/मुम्बई)

6 पहला सफल सूती वस्त्र उद्योग ..... में मुम्बई में लगाया गया। (1854 / 1858)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न

7 ध्वनि प्रदूषण को बढावा देने वाले उद्योगों के नाम बताइए।

8 पटसन का सबसे बड़ा उत्पादक देश कौनसा है।

9 भारत की इलेक्ट्रॉनिक राजधानी का नाम लिखिए।

10 पहला सीमेंट उद्योग कब और कहाँ स्थापित किया गया।

लघुत्तरात्मक प्रश्न

11 विनिर्माण किसे कहते हैं। उदाहरण बताइए।

12 आधारभूत उद्योग क्या है। उदाहरण देकर बताइए।

13 उद्योगों की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले तीन भौतिक कारक बताइए।

निबन्धात्मक प्रश्न

14 उद्योग पर्यावरण को कैसे प्रदूषित करते हैं।

पाठ – 7

राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखाएं

पाठ का सारांश :– इस अध्याय में हम पढेंगे कि किस प्रकार आधुनिक संचार तथा परिवहन के साधन हमारे देश और इसकी अर्थव्यवस्था को संचालित करते हैं। वस्तुओं तथा सेवाओं के आपूर्ति स्थानों से मांग स्थानों तक ले जाने हेतु परिवहन की आवश्यकता होती है। अच्छे परिवहन के साधन तीव्र विकास हेतु जरूरी है। परिवहन का विकास संचार साधनों के विकास की सहायता से संभव है। परिवहन, संचार व व्यापार एक दूसरे के पूरक हैं। परिवहन, समाचार पत्र, रेडियो, दूरदर्शन, सिनेमा तथा इंटरनेट सामाजिक आर्थिक विकास में सहायक है। स्थानिक से अन्तर्राष्ट्रीय स्तरीय व्यापार ने अर्थव्यवस्था को जीवन शक्ति दी है। हमारे जीवनको समृद्ध किया है। परिवहन के साधनों का तीन प्रकार से वर्गीकरण किया है। (1) स्थल– सडक परिवहन, रेल परिवहन व पाइल लाइन परिवहन आते हैं। (2) जल परिवहन– आंतरिक जल परिवहन, समुद्री पत्तन (3) वायु परिवहन– घरेलू विमान सेवा, अन्तर्राष्ट्रीय विमान सेवा है। ये परिवहन देश की अर्थव्यवस्था, उद्योगों व कृषि के तीव्र गति से विकास के लिए उत्तरदायी है। संचार सेवाओं ने भी राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की है। एक देश के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार की प्रगति उसके आर्थिक वैभव का सूचक है। सभी देश अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार पर निर्भर है। दो देशों के मध्य व्यापार अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार कहलाता है। भारत में पर्यटन उद्योग में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। पर्यटन राष्ट्रीय एकता को प्रोत्साहित करता है। देश की अर्थव्यवस्था को बढावा देने में पर्यटन उद्योग महत्वपूर्ण कार्य करता है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1 निम्न में से कौनसा राज्य हजीरा–विजयपुर–जगदीशपुर पाइप लाइन से नहीं जुडा है।

(अ) मध्यप्रदेश (ब) गुजरात
(स) महाराष्ट्र (द) उत्तर प्रदेश ( )

2 निम्न में से कौनसा परिवहन साधन भारत में प्रमुख साधन है।

(अ) पाइप लाइन (ब) सड़क परिवहन
(स) रेल परिवहन (द) वायु परिवहन ( )

3 निम्न में से कौन सा शब्द दो या अधिक देशों के व्यापार को दर्शाता है।

(अ) आंतरिक व्यापार (ब) बाहरी व्यापार
(स) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार (द) स्थानीय व्यापार ( )

रिक्त स्थान की पूर्ति वाले प्रश्न

4 ..... हमारे देश का प्राचीनतम कृत्रिक पत्तन है। (चेन्नई/विशाखापट्नम)

5 दिल्ली अमृतसर के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या ..... के नाम से जाना जाता है। (1/2)

6 राज्यों की राजधानियों को जिला मुख्यालय से जोडने वाली सड़के ..... राजमार्ग कहलाती है। (राष्ट्रीय/राज्य)

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न

7 वायु परिवहन का राष्ट्रीयकरण कब किया गया।

8 स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पहला विकसित पत्तन कौनसा है।

9 भारत की तटरेखा की लम्बाई कितनी है।

10 भारत में पहली रेलगाड़ी कब और कहां चलाई गई।

लघुत्तरात्मक प्रश्न

11 सडक परिवहन के तीन गुण बताइए।

12 व्यापार से आप क्या समझते हैं? स्थानीय व अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में अंतर स्पष्ट कीजिए।

13 रेल परिवहन कहां पर अत्यधिक सुविधाजनक परिवहन साधान है, तथा क्यों।

निबन्धात्मक प्रश्न

14 परिवहन तथा संचार के विभिन्न साधनों को अर्थव्यवस्था की जीवन रेखाएं क्यों कहा जाता है।

मानचित्र सम्बन्धित प्रश्न

1 भारत के मानचित्र में गेहूं उत्पादन क्षेत्र दर्शाइए।

(1) पंजाब (2) हरियाणा
(3) उत्तर प्रदेश (4) मध्यप्रदेश
(5) राजस्थान (6) बिहार ( )

2 भारत के मानचित्र में वस्त्र उद्योग क्षेत्रों को दर्शाइए।

(1) बैंगलूरू (2) कानपुर
(3) लुधियाना (4) जयपुर
(5) अहमदाबाद (6) मुम्बई ( )

3 भारत के मानचित्र में लोहा और इस्पात संयंत्र क्षेत्रों को दर्शाइए।

(1) राउरकेला (2) भिलाई
(3) जमशेदपुर (4) दुर्गापुर
(5) विजयनगर (6) विशाखापटनम् ( )

4 भारत के मानचित्र में प्रमुख समुद्री पत्तन को दर्शाइए।

(1) काण्डला (2) मुम्बई
(3) कोच्चि (4) चेन्नई
(5) पारादीप (6) न्यू मंगलौर ( )

5 भारत के मानचित्र में प्रमुख नदियों को दर्शाइए।

(1) कृष्णा नदी (2) कावेरी नदी
(3) दामोदर नदी (4) महानदी नदी
(5) नर्मदा नदी ( )

लोकतांत्रिक राजनीति

अनुक्रमणिका

अध्याय	विवरण (पाठ का नाम)	पृष्ठ संख्या
01	सत्त की साझेदारी	
02	संघवाद	
03	लोकतन्त्र और विविधता	
04	जाति, धर्म और लैंगिक मसले	
05	जन संघर्ष और आंदोलन	
06	राजनीतिक दल	
07	लोकतंत्र के परिणाम	
08	लोकतंत्र की चुनौतियाँ	

लोकतांत्रिक राजनीति–2

अध्याय 01 सत्ता की साझेदारी

पाठ परिचय–

इस अध्याय के साथ हम लोकतंत्र की इस यात्रा को आगे बाढाएंगे जो पिछले साल शुरू हुई थी। पिछले साल हमने देखा था कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सारी ताकत किसी एक अंग तक सीमित नहीं होती। विधायिका कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच पूरी समझ के साथ सत्ता को विकेन्द्रित कर देना लोकतंत्र के कामकाज के लिए बहुत जरूरी है। पहले तीन अध्यायों में हम सत के बंटवारे पर सोच, विचार को आगे बढ़ाएंगे।

इस अध्याय में हम बेल्जियम और श्रीलंका को दो कक्षाओ के साथ शुरूआत करते है। ये दोनों घटनाएं बताती है कि विभिन्न लोकतांत्रिक शासन पद्धतियां सत्ता के बंटवारे की मांग से किस तरह निपटती है। इन घटनाओं से यह समझने में मदद मिलेगी कि आखिर लोकतंत्र में सत्ता के बंटवारे की जरूरत क्यों होती है। इससे हम सत्ता के बंटवारे के उन रूपों पर बातचीत कर सकेंगे, जिनकी चर्चा अगले दों अध्यायों में की गई है। सत्ता का बंटवारा जरूरी है, क्योंकि इससे विभिन्न सामाजिक समूहों के बीच टकराव का अंदेशा कम हो जाता है।

सरकार के स्तर पर भी सत्ता का बंटवारा केन्द्र सरकार और राज्य सरकार और विभिन्न सामाजिक समूहों के बीच होता है। इस अध्याय में इन सब पर विस्तृत चर्चा की गई है।

1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

1. बेल्जियम की आबादी का कितना हिस्सा फ्लेमिश इलाके में रहता है–
   (अ) 50 फीसदी (ब) 60 फीसदी
   (स) 59 फीसदी (द) 29 फीसदी
2. श्रीलंका स्वतंत्र राष्ट्र बना–
   (अ) 1942 में (ब) 1948 में
   (स) 1947 में (द) 1945 में
3. श्रीलंका की आबादी भारत के किस राज्य के बराबर है–
   (अ) हरियाणा (ब) राजस्थान
   (स) उत्तर प्रदेश (द) महाराष्ट)

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–

1. बेल्जियम ..... का एक छोटा सा देश है। (एशिया/यूरोप)
2. बेल्जियम की राजधानी ..... है। (कोलम्बो/ब्रूसेल्स)
3. श्रीलंका में प्रमुख सामाजिक समूह ..... का है। (सिंहलियो/तमिलो)

3. अतिलघूतरात्मक प्रश्न–

1. श्रीलंका की जनसंख्या कितनी है ?
2. सिंहली भाषा को श्रीलंका में राजभाषा कब घोषित किया ?
3. केन्द्र तथा राज्य सरकार के अलावा बेज्जियम में तीसरी सरकार कौनसी है ?
4. बेल्जियम और श्रीलंका में कौनसी शासन व्यवस्था है ?

4. लघुत्रात्मक प्रश्न–

1. सरकार को अलग–अलग अंग कौन–कौनसे है ?
2. बेल्जियम के पड़ौसी देश कौन–कौनसे है ?
3. सत्ता की साझेदारी का क्या अर्थ है ?
4. लोकतंत्र में सत्ता की साझेदारी क्यों जरूरी है ?

5. निबंधात्मक प्रश्न–

1. श्रीलंका में बहुसंख्यकवाद का क्या प्रभाव पड़ा ?
2. सत्ता के क्षैतिज को वितरण को समझाइये।

अध्याय 02

संघवाद

पाठ का सारांश –

पिछले अध्याय में हमने देखा था कि शासन के विभिन्न स्तरों के बीच सत्ता का उर्ध्वाधर बंटवारा आधुनिक लोकतंत्र में सत्ता की साझेदारी का एक आमरूप है।

इस अध्याय में हम सत्ता के बंटवारे के इसी स्वरूप पर विचार करेंगे। इसे आमतौर पर संघवाद कहा जाता है। इसमें एक ही लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंदर अलग–अलग इलाकों का साथ रहना और चलना संभव हो पाता है। अध्याय के शेष हिस्से में भारत के संघवाद के सिद्धान्त और व्यवहार को समझने की कोशिश की गई है। संघीय ढाँचे से सम्बन्धित संवैधानिक प्रावधानों पर चर्चा के बाद इस अध्याय में संघवाद को मजबूत करने वाली नीतियों और राजनीति का विश्लेषण किया जाएगा। अध्याय के आखिर में हम भारतीय संघवाद के नए और तीसरे स्तर पर यानि स्थानीय शासन की चर्चा करेंगे।

1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

1. भारत में संघवाद की प्रणाली को किस देश के संविधान से ग्रहण किया गया है–

   (अ) स्विटरजरलैण्ड (ब) ब्रिटेन

   (स) आस्ट्रेलिया (द) कनाडा

2. अवशिष्ट सूची के विषयों पर कानून बनाने का अधिकार किसको है–

   (अ) केन्द्र (ब) राज्य

   (स) केन्द्र व राज्य दोनों (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

3. वर्तमान में समवर्ती सूची में कितने विषय है ?

   (अ) 49 (ब) 47

   (स) 52 (द) 50

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. 73वां संवैधानिक संशोधन .....ई. में हुआ था। (1997 / 1992)
2. नगर निगम के राजनीतिक मुखियों को ..... कहते है। (चेयरमैन / मेयर)
3. संघवाद में ..... प्रकार की सरकारे होती है। (दो / तीन)

3. अतिलघुतरात्मक प्रश्न–

1. संविधान में हिन्दी के अलावा कितनी भाषाओं को अनुसूचित भाषा का दर्जा दिया गया है ?
2. दो या दो से अधिक दलों के मेल से बनी सरकार कहलाती है ?
3. ग्राम पंचायत के राजनीतिक प्रमुख को क्या कहते है ?

4. लघुतरात्मक प्रश्न–

1. संघीय व्यवस्था में सामान्यतः सरकार के कितने स्तर होते है ?
2. संघीय ढाँचे के उद्देश्य क्या है ?
3. राज्य सूची से आप क्या समझते है ?
4. किसी आदर्श संघीय व्यवस्था के दो पहलू क्या है ?

5. निबंधात्मक प्रश्न–

1. संघवाद किसे कहते है ? समझाइये।
2. भारतीय संघ की विशेषताएं लिखिए।

अध्याय 03

लोकतंत्र और विविधता

पाठ का सारांश –

इस अध्याय में बताया गया है कि किस तरह लोकतंत्र समस्त सामाजिक विभिन्नताओं, अंतरों और असमानताओं के बीच सामन्जस्य बैठाकर उनका सर्वमान्य समाधान देने की कोशिश करता है।

यहां हम सामाजिक विभाजनों की सार्वजनिक अभिव्यक्ति के एक उदाहरण के द्वारा अपनी बात स्पष्ट करने की कोशिश करेंगे। इसके बाद हम चर्चा करेंगे कि सामाजिक विभिन्नता कैसे अलग–अलग रूप धारण करती है। फिर हम यह देखेंगे कि सामाजिक विभिन्नता और लोकतांत्रिक राजनीतिक किस तरह एक दूसरे को प्रभावित करते है।

1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

1. निम्न में से किस देश को धार्मिक और जातीय पहचान के आधार पर विभाजन का सामना करना पड़ा ?

   (अ) बेल्जियम (ब) यूगोस्लाविया

   (स) नीदरलैण्ड (द) भारत

2. लोकतंत्र के प्रकार होते है–

   (अ) तीन (ब) चार

   (स) दो (द) एक

3. सामाजिक विभाजनों की राजनीति का परिणाम कितने आयामों पर निर्भर है–

   (अ) तीन (ब) दो

   (स) पांच (द) छह

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. जहां सामाजिक अंतर एक दूसरे से टकराते है, वहां ..... होता है। (सामाजिक विभाजन/मेल)
2. आयरलैण्ड की प्रमुख आबादी ..... है। (मुस्लिम/ईसाई)
3. रंग के आधार पर भेद ..... कहलाता है। (रंगभेद/नस्लभेद)

3. अतिलघुतरात्मक प्रश्न–

1. जनता का जनता के लिए जनता द्वारा चलाए जाने वाला शासन क्या कहलाता है?
2. मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने प्रसिद्ध भाषण कहां दिया ?
3. अश्वेत शक्ति आंदोलन कब चला ?

4. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. समरूप समाज किसे कहते है ?
2. एफ्रो अमेरिकी किसे कहा गया है ?
3. 'प्रवासी' से आप क्या समझते है ?

5. निबंधात्मक प्रश्न–

1. लोकतंत्र कितने प्रकार का होता है ? समझाइये।
2. सामाजिक अंतर कब और कैसे सामाजिक विभाजनों का रूप ले लेती है ?

अध्याय 4

जाति, धर्म और लैंगिक मसले

पाठ का सारांश

इस अध्याय में हम सामाजिक विभाजन और भेदभाव वाली तीन सामाजिक असमानताओं पर गौर करेंगे। ये है जाति, धर्म और लिंग पर आधारित विषमताएं। ये असमानताएं कैसी है और किस तरह राजनीति में अभिव्यक्त होती है। हम इस पर यहां जान सकेंगे, फिर हम यह देखने की कोशिश करेंगे कि इन असमानताओं पर आधारित अलग–अलग अभिव्यक्तियां लोकतंत्र के लिए लाभकर है या नुकसानदेह।

1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

1. भारत में जनगणना कितने वर्ष पश्चात होती है ?

(अ) 5 वर्ष (ब) 10 वर्ष

(स) 12 वर्ष (द) 20 वर्ष

2. भारत में औरतों (स्त्रियों) के लिए आरक्षण व्यवस्था है–

(अ) लोकसभा में (ब) विधानसभा में

(स) पंचायतीराज में (द) मंत्रिमण्डल में

3. निम्न में से किस देश ने किसी भी धर्म को राजकीय धर्म के रूप में अंगीकार नहीं किया है–

(अ) नेपाल (ब) श्रीलंका

(स) पाकिस्तान (द) भारत

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. संविधान ने किसी भी प्रकार के ..... भेदभाव पर रोक लगाई है। (भाषागत / जातिगत)
2. ग्रामीण क्षेत्रों से निकलकर लोगों का शहरों में बसना ..... कहलाता है। (शहरीकरण / आधुनिकीकरण)
3. ..... पर आधारित सामाजिक विभाजन सिर्फ भारत में ही है। (शिक्षा, भाषा तथा कद / लिंग, धर्म तथा जाति)

3. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. सामाजिक असमानता का कौनसा रूप प्रत्येक स्थान पर दिखाई देता है ?
2. विवाह, तलाक, उत्तराधिकार से सम्बन्धित कानून क्या कहलाता है ?
3. हमारे देश के लोकतंत्र के लिए एक बड़ी चुनौती क्या है ?

4. लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. भारत में धर्मनिरपेक्ष राज्य से आप क्या समझते है ?
2. नारीवाद आंदोलन क्या है ?
3. भारतीय राजनीति में जातिवाद की प्रमुख दो समस्या बताइये ?

5. निबंधात्मक प्रश्न–

1. साम्प्रदायिकता की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।
2. महिलाओं के साथ अभी भी कई तरह के भेदभाव होते है, व्याख्या कीजिए।

अध्याय 05

जन संघर्ष और आंदोलन

पाठ सारांश–

इस अध्याय में हम जानेंगे कि कैसे परस्पर विरोधी मांगों और दबाओं के बीच लोकतंत्र आकार ग्रहण करता है। इसमें हम यह भी जानेंगे कि आम नागरिक विभिन्न तरीकों तथा संगठनों के सहारे लोकतंत्र में अपनी भूमिका निभाते है। इस अध्याय में हम राजनीति को प्रभावित करने के अप्रत्यक्ष तरीके यानि दबाव समूह और आंदोलनों की चर्चा करेंगे।

1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

1. दबाव समूह सरकारी नीतियों को किस प्रकार स्थापित करते है ?
   (अ) संगठन द्वारा (ब) एकजुटता द्वारा
   (स) नियंत्रण द्वारा (द) इनमें से कोई नहीं
2. नेपाल के लोकतांत्रिक आंदोलन तथा बोलिविया के जलयुद्ध के बीच समानता थी–
   (अ) राष्ट्रीय भागीदारी की (ब) जनता की लाभबंदी की
   (स) अहिंसक आंदोलन की (द) हिंसा की अधिकता की
3. निम्नलिखित में से सामाजिक समूह कौनसा है–
   (अ) फिक्की (ब) सी.आई.आई.
   (स) रामकृष्ण मिशन (द) इन्टक

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. नेपाल में लोकतंत्र ..... ई. के दशक में स्थापित हुआ था। (1990/1980)
2. दबाव समूह एवं आंदोलनों से लोकतंत्र की जड़े ..... होती है। (कमजोर/मजबूत)
3. बोलिविया में जन संघर्षों का नेतृत्व ..... नामक संगठन ने किया। (फेडेकोर/कोचबंबा)

3. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. चीनी क्रांति के नेता माओ की विचारधारा को मानने वाले साम्यवादी क्या कहलाते है ?
2. नेपाल में सप्तदलीय गठनबंधन क्यों बनाया गया ?
3. किस आंदोलन के अंतर्गत केन्या में तीन करोड वृक्ष लगाए गए।

4. लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. नेपाल तथा बोलिविया के जनसंघर्षों की क्या समानता है ?
2. आंदोलन से आप क्या समझते है ?
3. बोलिविया जलयुद्ध का परिणाम क्या निकला ?

5. निबंधात्मक प्रश्न–

1. दबाव समूह क्या है ? समझाइये।
2. हड़ताल, धरना प्रदर्शन और बंद जैसी चीजें लोकतंत्र के लिए अच्छी है, व्याख्या कीजिए–

अध्याय–6

राजनीतिक दल

पाठ सारांश

इस अध्याय में हम राजनीतिक दलों की प्रकृति और कामकाज के बारे में करीब से जानने की कोशिश करेंगे – खासकर अपने देश के राजनीतिक दलों के बारे में हमें दलों की जरूरत क्यों है, लोकतंत्र के लिए कितने दलों का होना बेहतर है।

इसी संदर्भ में हम मौजूदा समय के राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय राजनीतिक दलों का परिचय देगें और साथ ही यह देखने का प्रयास करेंगे कि राजनीतिक दलों के साथ क्या खामियां जुड़ी है और उन्हें दूर करने के लिए क्या किया जा सकता है।

1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

1. भारत में राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त दलों की संख्या है–
   (अ) पांच (ब) छः
   (स) सात (द) आठ
2. भारत में दलीय व्यवस्था है–
   (अ) एक दलीय (ब) बहुदलीय
   (स) द्विदलीय (द) गठबंधन
3. चीन में शासन करने वाली अकेली पार्टी कौनसी है ?
   (अ) कम्यूनिस्ट पार्टी (ब) सोशलिस्ट पार्टी
   (स) पीपुल्स पार्टी (द) कांग्रेस पार्टी

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. चुनाव लड़ने और सरकार में सत्ता संभालने के लिए एकजुट हुए लोगों के समूह को .... कहते है। (राजनीतिक दल/दबाव समूह)
2. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना सन् ..... में हुई। (1887/1885)
3. भारतीय ..... को पुनजीवित करने भारतीय जनता पार्टी का निर्माण हुआ। (मजदूर संघ/जनसंघ)

3. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. वह राजनीतिक दल जिसकी सरकार होती है क्या कहलाता है ?
2. बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कौन है ?
3. द्विदलीय व्यवस्था वाले भारत के दो राज्य बताइये।

4. लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. प्रान्तीय दल से क्या अभिप्राय है ?
2. राजनीतिक दल के कोई चार कार्य लिखिए।
3. भारत में राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त कितने दल है ? नाम लिखो।

5. निबंधात्मक प्रश्न–

1. राजनीतिक दल क्या है ? इनके विषय में लोगों की राय लिखिए।
2. लोकतंत्र में दलीय व्यवस्था की विवेचना कीजिए।

अध्याय 7

लोकतंत्र के परिणाम

पाठ सारांश –

इस अध्याय में हम लोकतंत्र क्या करता है, इससे हम किन परिणामों की आशा करते है ? क्या वास्तविक जीवन में लोकतंत्र इन उम्मीदों को पूरा करता है ? के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। इसके लिए हम लोकतंत्र के विभिन्न पहलुओं यथा– शासन के स्वरूप, आर्थिक कल्याण, समानता, सामाजिक अंतर और टकराव तथा अखिर में आजादी व स्वाभिमान जैसे मामलों पर गौर करेंगे।

1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

1. लोकतंत्र के मूल्यांकन के लिहाज से इनमें से एक लोकतंत्र के अनुरूप नहीं है, वह है–
   (अ) स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव (ब) व्यक्ति की गरिमा
   (स) बहुसंख्यकों का शासन (द) कानूनन समानता
2. लोकतांत्रिक व्यवस्था आधारित होती है–
   (अ) राजनीतिक समानता पर (ब) राजनीतिक विषमता पर
   (स) न्यायपूर्ण वितरण पर (द) उक्त सभी पर
3. दुनिया में अधिकांश समाज रहे है।
   (अ) महिला प्रधान (ब) पुरूष प्रधान
   (स) लोकतांत्रिक (द) बहुसंख्यक

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. लोकतंत्र में शासन की अंतिम शक्ति ..... के हाथों में रहती हैं। (राजनीतिक दल / जनता)

2. शासन की वह व्यवस्था जिसमें शासन की शक्ति सही व्यक्ति के हाथों में हो ..... शासन व्यवस्था कहलाती है। (लोकतांत्रिक / तानाशाही)

3. ..... के अधिकार के तहत सरकारी कामकाज के बारे में जानकारी प्राप्त होती है। (सूचना / स्वतंत्रता)

3. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. वैध शासन किस शासन व्यवस्था में देखने को मिलता है ?
2. कौनसी व्यवस्था तत्काल निर्णय सुनिश्चित करती है ?
3. लोकतंत्र में फैसले किसके अनुसार होते है ?

4. लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. तानाशाही शासन व्यवस्था क्या है ?
2. सरकार के बारे में जानकारी के लिए आपके पास कौन–कौनसे स्रोत है ?
3. पारदर्शिता क्या है ? समझाइये।

5. निबंधात्मक प्रश्न–

1. लोकतंत्र को हम सबसे अच्छी शासन व्यवस्था क्यों कहते है ?
2. विश्व में लोकतंत्र के विकास के विभिन्न तरीकों का वर्णन कीजिए।

अध्याय 08

लोकतंत्र की चुनौतियां

पाठ सारांश–

इस अध्याय में हम जानेंगे कि विश्व में लोकतंत्र शासन का एक प्रमुख रूप है। विश्व के एक चौथाई भागों में लोकतंत्र स्थापित करने की चुनौती है। विश्व की अधिकांश लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के समक्ष अपना विस्तार करना एक महत्वपूर्ण चुनौती है। प्रत्येक लोकतांत्रिक व्यवस्था के समक्ष लोकतंत्र को मजबूत करने की महत्वपूर्ण चुनौती है। लोकतंत्र शासन का वह स्वरूप है, जिसमें लोग अपने शासकों का चुनाव स्वयं करते है। सरकारों और सामाजिक समूहों के मध्य सत्ता की साझेदारी लोकतंत्र के लिए अति आवश्यक है।

1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

1. अधिकांश लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के समक्ष प्रमुख चुनौती है–
   (अ) लोकतंत्र को मजबूत करना (ब) विस्तार की
   (स) बुनियादी आधार बनाने की (द) उक्त सभी की
2. वर्तमान में लोकतंत्र के रखवाले के तौर पर सक्रिय है–
   (अ) सूचना का अधिकार (ब) स्वतंत्रता का अधिकार
   (स) संपत्ति का अधिकार (द) शिक्षा का अधिकार
3. नेल्सन मंडेला का सम्बन्ध किस देश से है–
   (अ) ईराक (ब) चीन
   (स) दक्षिण अफ्रीका (द) नेपाल

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. वह मुश्किल जिससे छुटकारा मिल सके ..... कहलाती है। (राहत/चुनौती)
2. सूचना का अधिकार ..... पर अंकुश लगाता है। (भ्रष्टाचार/विस्तार)
3. सरकारों और सामाजिक समूहों के मध्य सत्ता की भागीदारी ..... के लिए अति आवश्यक है। (राजतंत्र/लोकतंत्र)

3. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. उन दो लोकतांत्रिक देशों के नाम बताइये, जिन्हें विस्तार की चुनौती का सामना करना पड़ा।
2. लोकतांत्रिक सुधार क्या है ?
3. किस देश में महिलाओं को सार्वजनिक गतिविधियों में भाग लेने की अनुमति नहीं है ?

4. लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. सूचना के अधिकार कानून की दो विशेषताएं लिखिए।
2. लोकतांत्रिक सुधारों का कार्य कौन करता है ?
3. अच्छे लोकतंत्र को परिभाषित कीजिए।

5. निबंधात्मक प्रश्न–

1. भारत में लोकतंत्र के समक्ष चुनौतियों का वर्णन कीजिए।
2. 21वीं सदी में भारतीय लोकतंत्र को सफल बनाने हेतु सुझाव दीजिए।

भारत और समकालीन विश्व –2

अनुक्रमणिका

अध्याय	विवरण (पाठ का नाम)	पृष्ठ संख्या
01	यूरोप में राष्ट्रवाद का उदय	
02	भारत में राष्ट्रवाद	
03	भूमंडलीकृत विश्व का बनना	
04	औद्योगीकरण का युग	
05	मुद्रण संस्कृति और आधुनिक दुनिया	

अध्याय 01

यूरोप में राष्ट्रवाद का उदय

पाठ का सारांश –

इस अध्याय में हम जानेंगे कि यूरोप में राष्ट्रवाद की प्रथम अभिव्यक्ति स्पष्टतः सन् 1989 में फ्रांसीसी क्रांति के साथ हुई। फ्रांसीसी क्रांतिकारियों का मुख्य लक्ष्य यूरोप में लोगों को निरंकुश शासकों से मुक्त करना था। नेपोलियन ने फ्रांस में राजतंत्र को वापस लाकर प्रजातंत्र को समाप्त किया। सन् 1804 में नेपोलियन ने एक नागरिक संहिता का निर्माण किया, इसमें जन्म पर आधारित विशेषाधिकारों को समाप्त कर दिया गया।

1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

1. राष्ट्रवाद का प्रारम्भ जिस देश में हुआ, वह है–

   (अ) जर्मनी (ब) फ्रांस

   (स) इंग्लैण्ड (द) इटली

2. ज्यूसेपे मेल्सिनी था–

   (अ) फ्रांस का क्रांतिकारी (ब) इटली का क्रांतिकारी

   (स) ब्रिटेन का क्रांतिकारी (द) इनमें से कोई नहीं

3. जर्मन बलूत प्रतीक है–

   (अ) वीरता का (ब) स्वतंत्रता का

   (स) गुलामी का (द) एकता का

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. सन् 1815 में ..... संधि हुई। (इटली / वियना)
2. फ्रांस की जुलाई क्रांति ..... में हुई। (1830 / 1820)
3. राष्ट्रवाद की पहली अभिव्यक्ति ..... में फ्रांसीसी क्रांति के साथ हुई। (1769 / 1789)

3. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. जर्मनी को एक स्वतंत्र राज्य कब घोषित किया गया ?
2. 1861 में एकीकृत इटली राष्ट्र का राजा किसे घोषित किया गया ?
3. 10 मई 1840 को गठित जर्मन नेशनल असेम्बली को किस नाम से जाना जाता है ?

4. लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1.उदारवाद का अर्थ बताइये।

2. रूढ़िवाद क्या है ?

3. नेपोलियन संहिता क्या थी ?

5. निबंधात्मक प्रश्न–

1. यूरोप शक्तिशाली कुलीन वर्ग की विशेषताएं लिखिए।

2. फ्रांस में नेपोलियन के आधिपत्य के बाद लोगों का प्रारम्भिक उत्साह दुश्मनी में बदलने लगा। मुख्य कारण लिखिए।

अध्याय 02

भारत में राष्ट्रवाद

पाठ का सारांश–

भारत में आधुनिक राष्ट्रवाद की घटना उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलन का परिणाम रही है। भारत आने पर (1915) में गांधी जी ने अनेक स्थानों पर सत्याग्रह आंदोलन चलाया, इनमें चम्पारण, खेड़ा एवं अहमदाबाद आदि प्रमुख है।

1919 ई. में गांधीजी ने रॉलेट एक्ट के खिलाफ एक राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह आंदोलन चलाया।

दिसम्बर 1920 के कांग्रेस के नागपुर अधिवेशन में एक समझौते के साथ असहयोग कार्यक्रम को मंजूी दी गई। देश को एकजुट करने के लिए महात्मा गांधी ने नमक को एक हथियार के रूप में प्रयोग किया। 6 अप्रैल 1930 को उन्होंने दाण्डी पहुंचकर नमक बनाकर ब्रिटिश कानून को तोड़ा तथा सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू किया। इस तरह भारत में चारों और राष्ट्रवाद फैल गया।

1. वस्तु निष्ठ प्रश्न–

1. महात्मा गांधी किस वर्ष दक्षिण अफ्रिका से भारत लौटे थे ?

   (अ) 1915 ई. (ब) 1951 ई.

   (स) 1927 ई. (द) 1918 ई.

2. सत्याग्रह निम्नलिखित में से क्या है–

   (अ) कमजोर का हथियार (ब) शुद्ध आत्मिक बल

   (स) शारीरिक बल (द) हथियारों का बल

3. निम्न में से किसने 'वंदेमातरम' लिखा ?

   (अ) रविन्द्रनाथ टैगोर (ब) अवनीन्द्र नाथ

   (स) बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय (द) द्वारकानाथ

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. भारत आने के बाद गांधीजी ने कई स्थानों पर ..... आंदोलन चलाया। (असहयोग/सत्याग्रह)
2. ..... को गांधी इरविन समझौता हुआ। (5 मार्च 1931/7 मई 1932)
3. भारत माता की छवि को ..... में चित्रित किया। (रविन्द्र नाथ टैगोर/अवनीन्द्र नाथ टैगोर)

3. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. हिन्द स्वराज पुस्तक के लेखक कौन थे ?
2. 'इंकलाब जिन्दाबाद' का नारा किसने दिया ?
3. कांग्रेस ने किस अधिवेशन में 'पूर्ण स्वराज्य' की मांग की ?

4. लघुतरात्तम्क प्रश्न–

1. चम्पारन में गांधी जी ने किसानों को क्या प्रेरणा दी ?
2. भारतीयों ने किस विधेयक को काला कानून कहकर विरोध किया ?
3. पूना समझौता कब और किन–किन के मध्य हुआ ?

5. निबंधात्मक प्रश्न–

1. भारतीय अर्थव्यवस्था पर असहयोग आंदोलन का क्या प्रभाव पड़ा ?
2. भारत के रेखा मानचित्र में निम्न स्थान अंकित कीजिए–

1. मद्रास
2. दिल्ली
3. पंजाब
4. पूना
5. चम्पारन
6. चौरा चौरी

अध्याय 03

भूमण्डलीकृत विश्व का बनना

पाठ सारांश–

प्राचीनकाल से ही विश्व के दूरस्थ स्थित भागों के मध्य व्यापारिक व सांस्कृतिक संपर्कों का सबसे जीवन्त उदाहरण सिल्क मार्गों के रूप में दिखाई देता है। सन् 1890 ई. तक एक वैश्विक कृषि अर्थव्यवस्था हमारे समक्ष आ चुकी थी। 19वीं शताब्दी के अन्त में यूरोपीय ताकते विशाल भू क्षेत्र एवं खनिज भण्डारों को देखकर अफ्रीका महाद्वीप की ओर आकर्षित हुई।

19वीं शताब्दी में भारतीय बाजारों में ब्रिटिश औद्योगिक उत्पादों की बहुलता हो गई, इसके अतिरिक्त भारत में ब्रिटेन एवं शेष विश्व को भेजे जाने वाले खाद्यान्न व कच्चे मालों के निर्यात में भी वृद्धि हुई।

प्रथम विश्वयुद्ध, अमेरिकी अर्थव्यवस्था का बदलाव, वैश्विक महामंदी भी भूमण्डलीकृत विश्व बनाने में सहायक रहे।

1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न–

1. 18वीं शताब्दी में विश्व व्यापार का सबसे बड़ा केन्द्र था –

(अ) अमेरिका (ब) यूरोप

(स) अफ्रीका (द) आस्ट्रेलिया

2. जमीन को उपजाऊ बनाकर गेंहूँ और कपास की खेती हेतु केनाल कॉलोनी (नहर बस्ती) निम्न में से कहाँ बनाई गई–

(अ) हरियाणा (ब) उत्तर प्रदेश

(स) गुजरात (द) पंजाब

3. महामंदी का प्रारम्भ किस वर्ष हुआ ?

(अ) 1919 में (ब) 1925 में

(स) 1929 में (द) 1931 में

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. चेचक जैसे कीटाणु ..... सैनिकों के सबसे बड़े हथियार है। (मलेशियन/स्पेनिश)
2. 1890 ई. में अफ्रीका में ..... नामक बीमारी बहुत तेजी से फैल गई। (रिंडरपेस्ट/चेचक)
3. 18वीं सदी में मक्का के आयात पर लगी पाबन्दी को ..... के नाम से जाना जाता है। (व्हीट लॉ/कार्न लॉ)

3. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. भारत से विदेशों को जाने वाले अनुबंधित श्रमिक कहलाते है ?
2. जी–77 किस प्रकार के देशों का समूह है ?
3. एक साथ अनेक देशों में व्यवसाय करने वाली कंपनी कहलाती है ?

4. लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. वैश्वीकरण का क्या अभिप्राय है ?
2. भूमण्डलीय विश्व के बनने की प्रक्रियाओं में कौन–कौनसे तत्व सहायक हुए ?
3. रेशम मार्ग क्या थे ?

5. निबंधात्मक प्रश्न–

1. महामंदी के कारणों की व्याख्या कीजिए।
2. ब्रेटन वुड्स समापन एवं वैश्वीकरण की शुरूआत पर प्रकाश डालिए।

अध्याय 04

औद्योगीकरण का युग

पाठ सारांश –

सन् 1900 में म्यूजिक कंपनी ई.टी.पॉल द्वारा संगीत की एक किताब प्रकाशित की गई, जिसकी जिल्द पर 'नई सदी के उदय' का ऐलान करने वाली तस्वीर दी गई। विश्व स्तर पर विभिन्न प्रकार की तस्वीरें आधुनिक विश्व की विजय गाथा को प्रस्तुत करती है, इस गाथा में आधुनिक विश्व को तीव्र तकनीकी परिवर्तनों, आविष्कारों, मशीनों, कारखानों, रेलवे एवं वाष्प स्रोतों की दुनिया के रूप में प्रदर्शित किया गया। 17वीं एवं 18वीं शताब्दी में यूरोपीय शहरों के व्यापारी गांव में किसानों व कारीगरों को पैसे देकर उनसे अंतराष्ट्रीय बाजार के लिए उत्पादन करवाते थे। इस प्रकार की व्यवस्था से शहरों व गांव के मध्य एक घनिष्ट सम्बन्ध विकसित हो गया। इंग्लैण्ड में सर्वप्रथम 1730 ई. के दशक में कारखानों का खुलना प्रारम्भ हुआ। जिन देशों में श्रमिकों की कमी होती थी, वहां कारखाना मालिक मशीनों का उपयोग करने लगे। इस तरह औद्योगीकरण का युग विस्तारित होने लगा।

1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. वह शब्द कौनसा है जो आमतौर पर एशिया के लिए इस्तेमाल किया जाता है ?

   (अ) सौदाबर (ब) आदि

   (स) प्राच्य (द) जादुई चिराग

2. भारत में सन् 1854 में पहली कपड़ा मिल कहां लगी थी ?

   (अ) सूरत (ब) मुम्बई

   (स) अहमदाबाद (द) मुर्ग

3. जे.एन. टाटा ने किस वर्ष जमशेदपुर में भारत का प्रथम लौह एवं इस्पात संयंत्र स्थापित किया ?

   (अ) 1720 ई. में (ब) 1854 ई. में

   (स) 1855 ई. में (द) 1912 ई. में

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. इंग्लैण्ड में ..... के दशक में कारखानों का खुलना शुरू हुआ। (1730 / 1720)
2. देश की पहली जूट मिल ..... में चालू हुई। (1865 / 1855)
3. किसी वस्तु की प्रथम अवस्था का संकेत ..... कहलाता है। (आदि / प्राच्य)

3. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. कौनसे बंदरगाह 1780 के दशक से व्यापारिक बंदरगाह के रूप में विकसित होने लगे थे ?
2. इंग्लैण्ड का लंदन शहर किस नाम से जाना जाता था ?
3. ब्रिटेन के सबसे अधिक विकसित उद्योग कौन–कौनसे थे ?

4. लघुत्तरात्मक प्रश्न–

1. पूर्व औद्योगीकरण का मतलब बताइये।
2. गिल्ड्स से आप क्या समझते है ?
3. 'कार्डिंग' शब्द को परिभाषित कीजिए।

5. निबंधात्मक प्रश्न–

1. ईस्ट इण्डिया कंपनी ने भारतीय बुनकरों से सूती और रेशमी कपड़ों की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्या किया ?
2. इंग्लैण्ड में औद्योगीकरण के दौरान प्रौद्योगिक बदलाव की गति धीमी थी। कारण बताइये।

अध्याय 05

मुद्रण संस्कृति एवं आधुनिक दुनिया

पाठ सारांश –

मुद्रित अर्थात छपी हुई सामग्री के बिना विश्व की कल्पना करना हमारे लिए मुश्किल है। मुद्रण की सबसे पहली तकनीक चीन, जापान व कोरिया में विकसित हुई।

1295 ई. में मार्कोपोलो चीन में लम्बे समय तक रहने के बाद अपने साथ वहां से वुडलॉक की छपाई की तकनीक लेकर इटली वापस आया। 1450 ई. से 1550 ई. के मध्य यूरोप के अधिकांश देशों में छापेखाने लग गए थे। पुस्तकों तक पहुंच आसान हो जाने से पढ़ने की एक नई संस्कृति का विकास हुआ।

लूथर ने मुद्रण के विषय में कहा– 'मुद्रण ईश्वर की दी हुई महानतम देन है, सबसे बड़ा तोहफा'।

